स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बृहस्पतिवार
5 जून, 2025
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 10
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 284 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net




# देश में 1 मार्च, 2027 से शुरू होगी जनगणना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** देश में जनगणना 1 मार्च, 2027 से शुरू होगी। इस बार जनगणना में जाति का कॉलम भी होगा। हर घर पहुंचकर जनगणना में जुटे कर्मचारी सभी की जाति भी पूछेंगे। बर्फबारी वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना अगले साल अक्टूबर में ही शुरू हो जाएगी। इनमें लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल है।
बाकी राज्यों में एक मार्च, 2027 से इसकी शुरुआत होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार इस बार दो चरणों में जनगणना करवा रही है। इसमें सवालों की लंबी लिस्ट शामिल होगी, जिसमें जाति और उप-जातियों पर भी सवाल शामिल होंगे। 30 अप्रैल को मोदी सरकार ने

### दो चरणों में होगी गिनती

कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया था। सरकार ने बताया था कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीतिक दबाव में न आए, यह निर्णय लिया गया है कि जाति गणना को एक अलग सर्वेक्षण के रूप में आयोजित करने के बजाय मुख्य जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था। आखिरी बार साल 2011 में जनगणना करवाई गई थी। इसके बाद 2021 में कोरोना महामारी की वजह से जनगणना को टाल दिया गया था। विपक्ष लगातार जाति जनगणना करवाने की मांग करता रहा है। कैबिनेट में मुहर लगने के बाद विपक्षी दलों ने भी सरकार के इस फैसले का स्वागत किया था।

# आरसीबी : रोड शो के दौरान भगदड़, 11 की मौत 33 घायल

**बंगलूरू।** बेंगलुरु में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की विक्ट्री परेड में भगदड़ मच गई। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि भगदड़ के दौरान 11 लोग मारे गए हैं। 33 लोग घायल हुए हैं, जो खतरे से बाहर हैं। सिद्धारमैया ने कहा, 'विधानसभा में जब आरसीबी टीम पहुंची तो विधानसभा के बाहर एक लाख लोग जमा थे। जश्न विधानसभा में हो रहा था, लेकिन भगदड़ चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई। स्टेडियम के बाहर 3 लाख लोग जमा थे। हमें इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। किसी ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हम इसके लिए तैयार नहीं थे। हादसे ने जीत की खुशी को मिटा दिया।'
सिद्धारमैया ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी सुरक्षा मुहैया कराना थी। इसके बाद क्रिकेट एसोसिशन को संभालना चाहिए था। स्टेडियम में एक छोटा गेट था। वहां बहुत सारे लोग जमा थे। उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया, जिसकी वजह से भगदड़ मची। प्रधानमंत्री मोदी ने बेंगलुरु भगदड़ पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों की बेहतरी के लिए प्रार्थना करता हूं।
कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि यह एक युवा और उत्साही भीड़ थी, ऐसे में लाठीचार्ज नहीं किया जा सकता। डीके शिवकुमार ने आगे कहा, मैंने पुलिस कमिश्नर और सभी से बात की है, मैं बाद में अस्पताल भी जाऊंगा। मैं उन डॉक्टरों को परेशान नहीं करना चाहता जो मरीजों की देखभाल कर रहे हैं। अभी सही संख्या नहीं बताई जा सकती, हम लोगों से शांत रहने की अपील करते हैं। हमने कार्यक्रम छोटा कर दिया, पूरा कार्यक्रम 10 मिनट में ही खत्म हो गया। हम सब कुछ सामान्य करने की कोशिश कर रहे हैं... यहां पर लाखों लोग आए थे। जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ पर चश्मदीद महेश ने बताया कि, विराट कोहली और आरसीबी टीम को देखने के लिए बहुत से लोग आए थे। बहुत सी लड़कियों ने गेट को धक्का देकर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने की कोशिश की। मैंने तीन लड़कियों को गिरते देखा, किसी ने उन्हें नहीं बचाया.. पुलिस भी असहाय थी क्योंकि बहुत सारे लोग आए थे। बंगलूरू पुलिस की ओर से पहले ही सलाह दी गई थी कि केवल वैध टिकट या पास रखने वालों को ही स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा।



### मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और इसे पूरा करने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि स्टेडियम में इतनी बड़ी भीड़ आ जाएगी। स्टेडियम की क्षमता सिर्फ 35 हजार लोगों की है, जबकि विक्ट्री सेलिब्रेशन कार्यक्रम में दो से तीन लाख लोग आ गए। सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, मैं इस घटना का बचाव नहीं करना चाहता। हमारी सरकार इस पर राजनीति नहीं करेगी। मैंने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और 15 दिन का समय दिया है। लोगों ने स्टेडियम के गेट भी तोड़ दिए। भगदड़ मच गई। किसी को इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। स्टेडियम की क्षमता केवल 35,000 लोगों की है, लेकिन 2-3 लाख लोग आए।

# कर राजस्व में हिस्सा बढ़ाना चाहते हैं राज्य : पनगढ़िया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सोलहवें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने बुधवार को कहा कि देश के 28 में से 20 से अधिक राज्यों ने आयोग से केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व वितरण को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का आग्रह किया है। देश के विभिन्न राज्यों में परामर्श यात्रा के तहत उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंचे 16वें वित्त आयोग

### 16वें वित्त आयोग के साथ यूपी ने भी मांग उठाई

के चेयरमैन पनगढ़िया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्तमान में राज्यों को कर राजस्व का 41 प्रतिशत मिलता है जबकि बाकी हिस्सा केंद्र के पास जाता है। इससे पहले लखनऊ के लोकभवन में आयोजित 16वें वित्त अयोग की बैठक में यूपी सरकार ने केंद्रीय करों में हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की। साथ ही यूपी ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड दिये जाने की मांग उठाई। अपनी मांगों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने आयोग को मांग पत्र भी सौंपा। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। पनगढ़िया ने संवाददाताओं से कहा, 'पिछले वित्त आयोग ने राज्यों के लिए कर राजस्व में 41 प्रतिशत हिस्सा और केंद्र के लिए 59 प्रतिशत भाग निर्धारित किया था।' उन्होंने कहा, अन्य राज्य सरकारों की तरह उत्तर प्रदेश सरकार ने भी राजस्व में हिस्सेदारी को मौजूदा 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। देश के 28 में से 22 से अधिक राज्यों ने यही मांग की है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रपति को भेजी जाने वाली वित्त आयोग की सिफारिशों में इसे शामिल किया जाएगा या नहीं। इससे पहले, अपने संबोधन में पनगढ़िया ने कहा कि अभी तक यह परंपरा रही है कि वित्त आयोग की सिफारिशों को यथावत स्वीकार किया जाता था। 16वें वित्त आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। इसका प्राथमिक कार्य एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के साथ-साथ राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की सिफारिश करना है। आयोग द्वारा 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट पेश किये जाने की संभावना है। इसकी सिफारिशें वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

# देश में मानसून की चाल पड़ी धीमी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। 16 साल बाद अपने तय समय से पहले दस्तक देने वाले मानसून की रफ्तार अब धीमी पड़ गई है। मानसून को वापस अपनी रफ्तार पकड़ने में थोड़ा वक्त लग सकता है। भारतीय मौसम

### अगले हफ्ते से फिर पकड़ेगा रफ्तार

विभाग का कहना है कि, बंगाल की खाड़ी में एक नया मौसम तंत्र बनने की संभावना है, जिससे मानसून दोबारा सक्रिय होगा। फिर देश के शेष हिस्सों में आगे बढ़ेगा। दरअसल, इस वर्ष मानसून ने 24 मई को केरल में समय से पहले दस्तक दी। यह पिछले 16 वर्षों में सबसे जल्द शुरुआत रही। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि, मानसून की चाल में उतार-चढ़ाव आना मौसम की सामान्य विशेषता है। करीब चार महीने तक चलने वाले इस मानसूनी सीजन में कभी जोरदार बारिश तो कभी सुस्ती का दौर चलता है। लेकिन इस बार चौंकाने वाली बात यह है कि सीजन की शुरुआत में ही यह ठहराव आ गया है, जो आमतौर पर देखने को नहीं मिलता। इससे देशभर में रोजाना की बारिश की मात्रा में भारी गिरावट आई है। हालांकि पूर्वोत्तर भारत में हो रही भारी बारिश के कारण देशभर की औसत वर्षा अभी तक सामान्य बनी हुई है। लेकिन दक्षिण और मध्य भारत, जहां से मानसून आमतौर पर रफ्तार पकड़ता है, वहां पिछले तीन दिनों में बहुत कम बारिश हुई है। कमजोर मानसूनी दौर अगले सप्ताह के मध्य तक जारी रह सकता है।

# रणनीतिक संबंधों को मजबूती देंगे भारत और ऑस्ट्रेलिया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बुधवार को भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपने रणनीतिक

### राजनाथ से मिले रिचर्ड मार्लेस

संबंधों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के प्रति नई दिल्ली की दृढ़ प्रतिक्रिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के समर्थन की सराहना की। इससे पहले रिचर्ड मार्लेस ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पहुंचकर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री



रिचर्ड मार्लेस को दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत समेत चार देशों के दौरे पर हैं। मार्लेस भारत के अलावा मालदीव, श्रीलंका और इंडोनेशिया के दौरे पर हैं। रिचर्ड मार्लेस का दक्षिण एशिया दौरा 2 जून को शुरू हुआ था।

रिचर्ड मार्लेस के भारत दौरे को लेकर भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने कहा कि मार्लेस का यह भारत दौरा, दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मार्लेस का भारत दौरा हो रहा है। जिसने दोनों पक्षों के बीच, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में, गहरे रक्षा संबंधों को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई। बैठक के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर लिखा कि ऑस्ट्रेलियाई उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ बैठक में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा साझेदारी की समीक्षा की गई। इनके नेतृत्व में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मजबूत हो रहा है और यह हमारी रणनीतिक साझेदारी का अहम स्तंभ बनकर उभरा है।
पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के एकमत समर्थन के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया को धन्यवाद देता है।

# संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री

### आपरेशन सिंदूर पर संग्राम के आसार

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव संभव

किरेन रिजिजू ने बुधवार को नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। रिजिजू ने कहा- सरकार नियमों के तहत सत्र में किसी भी विषय पर चर्चा को तैयार हैं। साथ ही बताया कि सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश हो सकता है। सरकार ने मानसूत्र सत्र का ऐलान विपक्ष के विशेष सत्र की मांग के बीच की है। विपक्ष पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सीडीएस अनिल चौहान के भारतीय जेट गिरने पर सिंगापुर में दिए बयान पर चर्चा की मांग कर रहा है। इंडिया गठबंधन के 17 दलों ने 3 जून को नई दिल्ली में बैठक की। इसमें स्पेशल सेशन बुलाने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा।

# पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की ताकत को बताया अहम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री परिषद की बैठक में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत में बने स्वदेशी हथियारों ने अपनी

### केन्द्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में मेक इन इंडिया पर जोर

ताकत दिखाई है और साबित कर दिया है कि वे किसी भी विदेशी हथियार से कम नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' के तहत बनाए गए रक्षा उपकरण और हथियार आने वाले समय में सरकार की प्राथमिकता रहेंगे। उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा कि वे बड़े लक्ष्य तय करें और तेजी से काम करें ताकि देश की तरक्की के लिए तय लक्ष्यों को जल्द हासिल किया जा सके। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें बताया गया कि इस कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है। यहां तक कि पाकिस्तान ने भी खुद इस नुकसान को स्वीकार किया है। इस बैठक में केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों की चुनिंदा और बड़ी उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई। कहा गया कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर, जो कि 9 जून से शुरू होगी, ये सफलताएँ जनता तक पहुंचाई जाएंगी।

# 'लिविंग हेरिटेज साइट' बनेगी दिल्ली विधानसभा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विधानसभा अपने आप में एक विशाल इतिहास को समेटे हुए है। इसे देखते हुए इसे 'लिविंग हेरिटेज साइट' के रूप में तब्दील करने की कोशिश हो रही है जिससे दिल्ली आने वाले पर्यटक और दिल्लीवासी विधानसभा के गौरवशाली इतिहास के बारे में जान सकें, उसे देख सकें। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए मंत्रालय का सहयोग और दिशा निर्देश मांगा। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विजेंद्र गुप्ता से अपनी मुलाकात में इस योजना में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# 'अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब सेना को बदनाम करना नहीं'

**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर इलाहाबाद उच्च

### राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट की फटकार

न्यायालय की फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में लखनऊ की एक अदालत द्वारा जारी समन के खिलाफ गांधी द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा



कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, लेकिन यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें भारतीय सेना के लिए अपमानजनक बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है।

# पूर्वोत्तर में बाढ़ से और बिगड़े हालात, अब तक 43 मौतें, सात लाख लोग प्रभावित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** मानसूनी बारिश से पूर्वोत्तर में आई बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। असम में ब्रह्मपुत्र और बराक समेत

### असम के 11 जिलों के लिए यलो अलर्ट

15 से अधिक छोटी-बड़ी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कई राज्यों में बहुत बड़ा क्षेत्र बाढ़ की चपेट में है। लगभग 7 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, हजारों मकान ध्वस्त या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं।



हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अब तक 43 लोगों की जान भी जा चुकी है। असम और मेघालय में भारी तबाही देखने को मिल रही है। दोनों ही राज्यों में बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। असम में 21 जिले बाढ़ की चपेट में है और 6.32 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। स्थानीय मौसम केंद्र ने 11 जिलों में आंधी-तूफान और बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। सड़क, रेल और फेरी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं।

# हज यात्रा के पहले दिन मक्का पहुंचे 10 लाख मुसलमान



**रियाद।** हर साल दुनियाभर के लाखों मुस्लिम तीर्थयात्री इस्लाम के पांच फर्ज़ में से एक 'हज' करने के लिए मक्का जाते हैं, जो इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने धू अल हिज्जा के आठवें और 12वें दिन के बीच होता है। इस साल यह 4 जून से 9 जून के बीच होगा। आज (बुधवार, 4 जून को) हज शुरू होते ही 10 लाख से भी ज्यादा मुस्लिम तीर्थयात्री मक्का पहुंचे और इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। बड़ी बात यह है कि यह धार्मिक आयोजन ऐसे वक्त में हो रहा है, जब पूरा सऊदी अरब प्रचंड गर्मी की मार झेल रहा है और मक्का का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फॉरेनहाइट) को पार कर चुका है। हज के पहले दिन सफेद लिबास में और नंगे पांव संगमरमर की फर्श पर लाखों मुस्लिम तीर्थयात्रियों को धीरे-धीरे काबा की परिक्रमा करते देखा गया। काबा इस्लाम का सबसे पवित्र स्थल माना गया है, जो मक्का की ग्रैंड मस्जिद (मस्जिद अल-हरम) के बीचों बीच काले रंग की एक घनाकार इमारत है। इसे पवित्र बैत अल्लाह (ईश्वर का घर) के रूप में जाना जाता है। सऊदी अरब की सरकारी मीडिया ने खबर दी है कि अन्य लोग मक्का के बाहरी इलाके में स्थित मीना के विशाल तंबू शहर में पहुंचने लगे हैं, जहां वे गुरुवार को हज के मुख्य पड़ाव - माउंट अराफात पर प्रार्थना से पहले रात बिताएंगे। ऐसा माना जाता है कि पैगंबर मोहम्मद ने यहीं अपना अंतिम उपदेश दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हज से पहले करीब 14 लाख तीर्थयात्री सऊदी अरब पहुंचे हैं।

# न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं : सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बी.आर. गवई ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम की आलोचना हो सकती है, लेकिन किसी भी व्यवस्था में न्यायपालिका

### कहा जज किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहें

की स्वतंत्रता से समझौता नहीं होना चाहिए। न्यायाधीशों को किसी भी बाहरी दबाव से मुक्त रहना चाहिए। सीजेआई ने कहा- 1993 से पहले भारत में जजों की नियुक्ति का अंतिम फैसला सरकार के पास होता था और इस दौरान दो बार ऐसा हुआ जब सरकार ने सीनियर जजों को नजरअंदाज कर किसी और को मुख्य न्यायाधीश बना दिया। वहीं, उन्होंने रिटायर जजों के चुनाव लड़ने पर भी सवाल किया।
सीजेआई गवई लंदन में यूके सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोजित राउंड-टेबल में बोल रहे थे। इस चर्चा में भारत से जस्टिस विक्रम नाथ और यूके की सुप्रीम कोर्ट की जज बैरोनेस कार और जज जॉर्ज लेगैट भी शामिल हुए।



गवई ने कहा कि 1964 में जस्टिस सैयद जाफर इमाम को खराब स्वास्थ्य के चलते मुख्य न्यायाधीश नहीं बनाया गया और उनकी जगह पी.बी. गजेन्द्र गडकर को नियुक्त किया गया। वहीं 1977 में जस्टिस एच.आर. खन्ना को इमरजेंसी के दौरान सरकार के खिलाफ फैसला देने पर नजरअंदाज कर दिया गया। जस्टिस खन्ना ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि आपातकाल के दौरान भी नागरिकों के मौलिक अधिकार खत्म नहीं होते, जिसे तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने पसंद नहीं किया। इसके बाद 1993 और 1998 में सुप्रीम कोर्ट ने यह तय किया कि मुख्य न्यायाधीश और चार सीनियर जज मिलकर कॉलेजियम बनाएंगे, जो जजों की नियुक्ति की सिफारिश करेगा। गवई ने बताया कि 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन (एनजेएसी) कानून को रद्द कर दिया क्योंकि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करता था। यह कानून केंद्र सरकार ने कॉलेजियम की जगह लागू करने की कोशिश की थी।
सीजेआई गवई ने यह भी कहा कि रिटायरमेंट के बाद जजों का सरकार से कोई पद लेना या चुनाव लड़ना गंभीर नैतिक चिंता का विषय है। इससे जनता में यह संदेश जा सकता है कि फैसले भविष्य की पद-लाभ की उम्मीद में दिए गए थे।

## शादी समारोह में गाना बजाने को लेकर हुआ विवाद

**उन्नाव** शादी मे गाना न बजाने को लेकर बरातियों और जनातियों के बीच मारपीट दोनों पक्षो के बीच जमकर चली कुर्सियां और ईंट पत्थर इसी दौरान मारपीट मे दूल्हे और दूल्हे के पिता को भी गया पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल। घटना के बाद वर पक्ष ने शादी से किया इंकार। पुलिस ने दोनों पक्षो को समझा बुझाकर शादी के लिए किया तैयार। पुलिस द्वारा सुरक्षा मे कराई गई शादी। बीघापुर थाना क्षेत्र के मर्दनपुर गांव का मामला।



## असलहे के साथ लेडी डॉन वीडियो वायरल

**स्वतंत्र भारत उन्नाव** असलहे के साथ रील बनाकर महिला ने डाला वीडियोए सोशल मीडिया पर हुआ वायरल। दबंग लेडी डॉन का इससे पहले दरोगा की पिस्टल लहराते वीडियो हुआ था वायरल। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र नवी नगर खेरवा गांव की रहने वाली है युवती। हसनगंज पुलिस ऐसे मामलो से रहती अंजान। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र का मामला।

## अज्ञात युवक का शव नहर मे मिला

**पुरवा** बुधवार दोपहर पुरवा कोतवाली के अन्तर्गत पुरवा नहर मे बेहटा गांव के पास नहर मे बनी टेल मे एक अज्ञात लगभग 40 वर्षीय युवक का शव फंसा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल अमरनाथ ने ग्रामीणों की मदत से शव को बाहर निकलवाया। शव दो . तीन दिन पुराना होने के चलते सड़ने लगा था। युवक काली पैंट और लाइनदार शर्ट पहने हुए था साथ ही सेना की वर्दी वाला एक बैग भी साथ था उसके। पुलिस ने बैग को चेक कराया लेकिन कुछ जानकारी नहीं मिल सकी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। कोतवाल अमरनाथ ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है एशव की पहचान के लिये प्रयास किया जा रहा है।

## अनियंत्रित बाइक नहर में गिरी दो युवकों की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के शेरपुर कला गांव के पास हादसा हो गया । बताया जा रहा है की तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बंबा में जा गिरी । घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी । जिसके बाद दोनों को निकाला गया । घटना में एक की मौके पर मौत हो गई । जबकि दूसरे घायल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया । मृतकों की पहचान विनोद कुमार निवासी तकिया निगोही मजरा अतरी और अजय अतरी गांव के रूप में हुई है । पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है । आपको बता दें की अतरी गांव के रहने वाले विनोद और अजय किसी काम से जा रहे थेए तभी बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी । घटना देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी । पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बाइक सवारों को बाहर निकलवाया । जिसमें एक बाइक सवार युवक मृत अवस्था में निकाला गयाए जबकि दूसरे गंभीर घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया । बताया जा रहा है की दोनों को नहर में गिरने से शरीर में चोट आई हैं । डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली । परिजनों में कोहराम मच गया । फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच कर है । वहीं सीएचसी के इमरजेंसी डॉक्टर सागर वर्मा ने बताया की दोनों मृत अवस्था में आए थे ।

## मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावप्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर आज से 11जून तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार अवस्थी ने देते हुए बताया कि जन्मदिन के मुख्य दिवस आज निराला प्रेक्षागृह में रक्तदान शिविरए हवनए वृक्षारोपण तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति करेंगे। इस अवसर पर संभाग प्रभारी संजय शुक्लाए मंडल प्रभारी के अलावा डॉक्टर वैष्ण वी जगदम्बा नंदगिरी प्रदेश उपाध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ तथा प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम बिहारी अवस्थी भी उपस्थित रहेंगे।

## गंगा दशहरा को लेकर पालिका ने घाटों की कराई साफ सफाई



**स्वतंत्र भारत उन्नाव** शुक्लागंज में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए नगर पालिका ने व्यापक तैयारियां की हैं।गंगा दशहरा स्नान के लिए नगर और दूर.दराज से हजारों श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचेंगे। इसे देखते हुएए पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर घाटों की साफ.सफाई के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों को नियुक्त किया गया। बुधवार को गंगा दशहरा के एक दिन पहले ही बालूघाटए नमामि गंगे घाटए गंगा विशुन घाटए शिव घाटए मोनू घाट सहित शुक्लागंज के सभी प्रमुख घाटों को चमकाया गया। सफाई के साथ.साथ चूने का छिड़काव भी किया गया है और गंगा में बेरिकेटिंग लगाई गई है ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से स्नान कर सकें। सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। थाना प्रभारी पीण्केण् मिश्रा ने मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की है। गहरे पानी में स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखने के लिए 5 नावें मय नाविकों और 10 गोताखोरों के तैनात किए गए हैं। हालांकि गंगा में इस समय पानी कम हैए लेकिन कुछ स्थानों पर गहराई अधिक हैए जिसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। स्नानार्थियों की सहूलियत के लिए पालिका की ओर से सभी घाटों पर अलावए चेंजिंग रूमए पानी का टैंकर और मोबाइल टॉयलेट जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## धोखा देकर डिप्लोमा करवाने के नाम पर 23 लाख ऐंठ लिए

**स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव** लखनऊ के फर्जी पैरामेडिकल कालेज के प्रबंधक द्वारा ग्राम अटवा वैक स्थित एक विद्यालय के प्रबंधक को धोखा देकर डी फार्मा का डिप्लोमा करवाने के नाम पर 23 लाख रुपए ऐंठ लिए गए और छात्रों को फर्जी प्रमाणपत्र और अंकपत्र सौंप दिए गए। बाद में आनलाइन वेरीफिकेशन होने पर सभी छात्रों के प्रमाणपत्र फर्जी निकलने पर विद्यालय के प्रबंधक ने धोखेबाज पैरामेडिकल कालेज प्रबंधक के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम अटवा वैक स्थित दुर्गा प्रसाद रामस्वरूप विद्यालय के प्रबंधक तेजकुमार पुत्र सत्यपाल द्वारा थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वह अपने कालेज से पढ़कर निकलने वाले छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए उनका प्रवेश तकनीकी स्कूलों में कराता रहता है। अरसा पूर्व उसके विद्यालय में आयोजित सम्मेलन में उसकी मुलाकात लखनऊ के मोहल्ला हज़रत गंज अंतर्गत गुडलक एपार्टमेंट नजरबाग निवासी आयुष तिवारी पुत्र विमलेश भूषण तिवारी से हुई थी। तब आयुष तिवारी ने बताया था कि वह अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट का प्रबंधक है और उसके स्कूल में डी फार्मा डिप्लोमा का कोर्स कराया जाता है। आयुष तिवारी के झांसे में आकर उसने पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के विस्तार पटल पर कई छात्रों की फीस कुल 23 लाख रुपए जमा कर दिए और रसीद भी ले ली। बाद में प्रबंधक आयुष तिवारी ने छात्रों को डी फार्मा का प्रमाणपत्र और अंकपत्र दे दिया। किंतु फार्मेसी कौंसिल आफ इंडिया में रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान वेरीफिकेशन में डी फार्मा के सभी प्रमाणपत्र और अंकपत्र फर्जी पाए गए। तब उसने ठगी की तहरीर बेहटा थाने में दी। थाना स्तर से कार्यवाही न होने पर उसने जिला न्यायालय से न्याय की मांग उठाई। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर दोषी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## निगाहें नीची रखें ए तमाम बुराइयों से बच जाएंगे

### दस्तारबंदी के मौके पर बोले काजी शहर कानपुर

**स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव।** नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित मशहूर दरगाह आलिया कादरिया यासीनियां में उर्से कादरी यासीनी के मौके पर महफिले ईद मिलादुन्नबी में मदरसा कादरिया यासीनिया से फारिग होने वाले सात छात्रों की रस्में दस्तारबंदी का आयोजन किया गया । इस मौके पर खानकाहों के सज्जादगान और मुल्क के अजीम उल्मा.ए.किराम मौजूद रहे। दरगाह के साहिबे सज्जादा सैयद अतहर कादरी मियां की सरपरस्ती और पीरजादा गयासुद्दीन कादरी उर्फ गौसी मियां व मौलाना अब्दुल मुबीन रिजवी की कयादत में आयोजित जलसे में कानपुर शहर काजी मुफ्ती युसूफ रजा ने अपने खिताब में कहा कि अगर आपकी निगाहें काबू में है तो आप काफी हद तक समाज में फैली बुराइयों से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुरान पाक में अल्लाह ताला ने फरमाया है कि अपनी निगाहें नीची रखो और शर्मगाहों की हिफाजत करो। कुरान की सिर्फ इस आयात पर अमल करने से ही समाज की आधी बुराइयां दूर हो सकती है। मुफ्ती रजा के अलावा कई उलेमा इकराम ने भी खिताब किया। इस मौके पर सफीपुर स्थित दरगाह के सज्जादानशी नवाजिश मोहम्मद फारूकी व बलरामपुर से शैखुल उलेमा मुफ्ती रहमतुल्लाह कादरी ए रजा ए फफूंद शरीफ से मौलाना सैयद नवाज अख्तर चिश्ती मियां ए फकीहुल अस्र अल्लामा अब्दुल समद भदोही और मुफ्ती शेर मोहम्मद लखनवी ने शिरकत की । कुरआन पाक हिफ्ज़ करने वाले खालिदए महफूजए फरहानए अब्दुल लतीफए अब्दुल मुबीनए हारिसए जावेद की दस्तारबंदी की गई। प्रोग्राम की निजामत कलीम दानिश कानपुरी ने की। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद जीशानए नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष इजहार खां गुड्डूए सपा नेता डॉक्टर मुन्ना अल्वी ए सपा नेता इमरान सिद्दीकी ए नियाज खान भोलू ए फजलुर्रहमानए मो0 जियाउल हक चिश्तीए जुबैर खांए अब्दुल कादिरए हसीन अहमदए अकील खां ए इरफान अहमदए हामिद अली सहित तमाम अकीदतमंद मौजूद रहे। इस मौके पर दरगाह के बाहर मंसूरी गारमेंट्स के स्वामी अनम मंसूरी तथा अमन खान ने शिविर लगाकर जायरीनों को शरबत वितरित किया।

## भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025



**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** जनपद उन्नाव से कृषि निदेशक महोदय . श्री जितेंद्र कुमार तोमर जीए उप कृषि निदेशक महोदय. श्री रवि चन्द्र प्रकाश जीए जिला कृषि अधिकारी श्री शशांक सिंह जी के द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ.2025 प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर विकसित कृषि संकल्प अभियान में समायोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामपंचायत स्तर पर किसानों के मध्य योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करना है। कार्यक्रम में बीमा कंपनी से जिला प्रबंधक.शिवम अवस्थी जी व जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार के द्वारा प्रतिभाग किया गया।आज से यह प्रचार वाहन जनपद उन्नाव के ब्लॉक . सिकन्दरपुर सरोसी सिकन्दरपुर करन बिछिया नवाबगंज हसनगंज मियागंज औरास बांगरमऊ गंज मुरादाबादए सफीपुर फतेहपुर चौरासी बीघापुर सुमेरपुर पूर्वा असोहा हिलौली आदि सभी विकासखंडों की ग्राम पंचायत में 12 जून तक किसानों को जागरुक करते हुए प्रचार प्रसार करेगा।

## जर्जर विद्युत लाइन की जिलाधिकारी से की शिकायत

**स्वतंत्र भारत बांगरमऊ उन्नाव** क्षेत्र के ग्राम परसादी पूरवा में झूल रही जर्जर विद्युत लाइन बडे हादसे को दावत दे रही है । ग्रामीणों ने जिलाअधिकारी से समस्या के समाधान की मांग उठाई है। गांव निवासी अनूप कुमार ए छोटेलाल ए मंशाराम ए लालाराम व राजेश कुमार आदि ग्रामीणो ने जिला अधिकारी को पत्र प्रेषित कर कहा है कि करीब 2 साल पहले तेज आंधी में गांव में लगा एक विद्युत पोल धराशाई हो गया था । जिससे विद्युत लाइन टूट कर गिर गई थी और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी । ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत पोल लगाए बिना विद्युत लाइन बिछा दी । निर्धारित स्थान पर विद्युत पोल न लगने से लंबी दूरी के कारण बिजली के तार काफी नीचे आ गए और धीरे.धीरे जमीन को छूने लगे । इस लाइन के नीचे कई घर स्थित है । जिनमें बसने वाले परिवारों को हर समय जान का खतरा बना रहता है । ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से तुरंत समस्या के समाधान की मांग उठाई है।

## गर्भवती महिला को पति व उसके परिवार वालों ने पीट कर किया घायल



**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** मुस्तफापुर निवासी अर्चना ने गंगाघाट कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी शादी को 15 साल हो चुके हैं और उनके तीन बच्चे हैं। वह छह माह के गर्भ से भी हैं। अर्चना का आरोप है कि उनके पति रामबलि पैतृक जमीन बेच रहे थेए जिसका उन्होंने विरोध किया। इस पर रामबलि के साथ जेठ दुलारेए ननद रामरति और सोनी ने उनके साथ गाली.गलौज की।जब उन्होंने गाली देने से मना कियाए तो उन लोगों ने एक राय होकर लाठी.डंडों से पीटकर उनका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कानपुर देहात समाचार



## दुखी परिजनों से मिल डॉक्टर सीता यादव ने व्यक्त की संवेदना

**माती कानपुर देहात** पुखरायां के हरदुआ गांव निवासी युवा समाजसेवी मुस्तकीम के पिता मुस्ताक कुरैशी का मंगलवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गयाए घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई इधर जैसे ही मामले की जानकारी एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीता यादव को हुई अपने सारे कार्यक्रम छोड़कर वह सीधे दुखी परिजनों के पास पहुंची और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने हर सुख और दुख में परिवार के साथ मौजूद रहने का विश्वास दिलाया।

मंगलवार को एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीता यादव अपने निर्धारित कार्यक्रमों के अंतर्गत लोगों से संवाद स्थापित करने के लिए निकली थी कुछ कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के दौरान उन्हें जानकारी प्राप्त हुई कि हरदुआ गांव निवासी युवा समाजसेवी मुस्तकीम के पिता मुस्ताक कुरैशी का निधन हो गया है वैसे ही उन्होंने अपने सारे कार्यक्रम छोड़कर सीधे दुखी परिवार के पास पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की उन्होंने कहा कि यह बात पूरी तरह सही है कि माता.पिता किसी के भी क्यों ना हो वह हमेशा सबके साथ नहीं रहते हैं लेकिन जब वह नहीं होते हैं तब उनकी उपयोगिता का एहसास सभी को होता है इसलिए सभी को चाहिए की माता.पिता की सेवा में कोई कमी बाकी ना रखें उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर परिवार को हर संभव सहयोग दिए जाने की भी बात कही इस दौरान तौफीक मोहित यादव शकील सहित अनेको लोग मौजूद रहे।।

## जिलाधिकारी ने रहिनियापुर में नून नदी के उद्गम स्थल के समीप तालाब खुदाई कार्य का किया शुभारंभ

### वृहद वृक्षारोपण कराकर सौंदर्यीकरण कराने हेतु दिए दिशा निर्देश



माती कानपुर देहात बुधवार जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 के साथ विकास खण्ड अकबरपुर के ग्राम रहिनियापुर में जनपद में विलुप्तप्राय नून नदी के उद्गम स्थल के समीप मनरेगा के माध्यम से संचालित तालाब खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर उपायुक्त मनरेगा द्वारा बताया गया कि इस कार्य हेतु 220 मजदूरों को मनरेगा के माध्यम से नियोजित किया गया हैए जिसके संबंध में गर्मी के दृष्टिगत सभी मजदूरों हेतु समय.समय पर पेयजल व छाया आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्गम स्थल के ऊपरी स्थान पर पूर्व से स्थापित मूर्तियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने मूर्ति के पास तालाब के विकास के साथ.साथ मूर्ति का सौंदर्यीकरण कराने हेतु भी ग्राम पंचायत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तथा बड़ा क्षेत्रफल होने के दृष्टिगत संपूर्ण क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रभागीय वन अधिकारी को संपूर्ण क्षेत्र के लिए उपयुक्त पौधे व तकनीकी मार्गदर्शन देकर स्थल को वनाच्छादित करते हुए दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने हेतु आवश्यक मार्गनिर्देशन व दिशा निर्देश भी दिया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी तालाब के विकास व सौंदर्यीकरण कार्य हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षणध् भम्रण के दौरान मुख्य विकास अधिकारीए उपायुक्त मनरेगा एवं खण्ड विकास अधिकारी अकबरपुर आदि मौजूद रहे।

## अवैध खनन कर खेत से उठाई गई मिट्टी का सच साबित हुआ मामला

**माती कानपुर देहात** मंगलपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव के पास खनन माफियायो द्वारा एक शामिल खाते के रकबे से लगभग ढाई सौ ट्राली मिट्टी उठा ली जिसकी शिकायत है एस डी एम से की गई एसडीएम द्वारा लेखपाल को जांच दी गई । लेखपाल द्वारा मौके पर जांच की गई जिसमें खनन होने का मामला साबित हुआ है।

सरकार मिट्टी खनन माफियायो पर शख्त करवाई के निर्देश दे रही है लेकिन ग्रामीण अंचल में धड़ल्ले से मिट्टी खनन का खेल चल रहा है।मंगलपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में 30 मई की रात खनन माफियायो द्वारा पूरी रात जेसीबी से मिट्टी का खनन किया गया जिससे एक शामिल खाते के रकबे से मिट्टी उठाई गई जिसमें दर्जन भर ट्रैक्टर फराटा भरते रहे।वह रकवा शामिल खाते में था जिसमें बलबीर सिंह छविनाथ सिंह सहित कई साझेदार है। दूसरे दिन सुबह जानकारी होने पर जब कुछ सह खातेदार पहुंचे और उन्होंने वहां पर मिट्टी खनन से मना किया तो खनन माफियायो के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने उनको वहां से भगा दिया। वे अपने गांव आकर अन्य लोगों के साथ दुबारा पहुंचे तब खनन माफिया वहां से भाग गएए जिसमें लगभग ढाई सौ ट्राली की मिट्टी का खनन होना बताया गया था ।खेत मालिकों ने बताया था कि खनन माफियायो ने चोरी छुपे मिट्टी का खनन किया है एजीसकी शिकायत एसडीएम से की गई थी। एसडीएम द्वारा जांच लेखपाल धर्मेश वाजपेई को दी गई। उन्होंने वहां जाकर जांच पड़ताल की जिसमें वह रकबा शामिल खाते में बताया गया वही लगभग तीन बिस्वा जमीन पर मिट्टी का खनन होना पाया ।लेखपाल धर्मेश वाजपेई ने बताया कि वह जांच के लिए गए थे। वह रकवा शामिल खाते का है वहां लगभग तीन बिस्वा जमीन पर जेसीबी से मिट्टी खनन पाया गया है जिसकी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जाएगी।

## पर्यावरण को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने के लिए आयोजित होगा पर्यावरण दिवस कार्यक्रम

**माती कानपुर देहात** जिलाधिकारी आलोक सिंह के मार्गदर्शन में प्रभागीय वनाधिकारी ए के द्विवेदी ने बताया कि पूरे विश्व में आज ही के दिन पर्यावरण को स्वस्थ एवं सुरक्षित रखने हेतु विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आम जनमानस को विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं एवं उनसे उत्पन्न खतरों से अवगत कराते हुये जन.जागरूकता का विशेष कार्यक्रम जनपद कानपुर देहात में भी विभिन्न स्थलों पर मानाया जायेगा। जिसमें जन प्रतिनिधियों की सहभागिता से विभिन्न नदियों के घाटों पर साफ.सफाईए गोष्ठी एवं नदियों के किनारे वृक्षारोपण तथा घाटों पर दीपदानध्आरती का आयोजन कराया जायेगा। जिसमें स्थानीय लोगो को पेड़ए पौधोंए वन्यजीवों एवं नदी व तालाबों की हमारे जीवन में भूमिका तथा उनके संरक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला जायेगा। प्रधानमंत्री जीए भारत सरकार तथा मा0 मुख्यमंत्री जीए उत्तर प्रदेश सरकार के आवाहन पर दिनांक 05 जून 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक विशेष वृक्षारोपण में ष्एक पेड़ माँ के नाम 2ण्0ष् का विशेष अभियान भी चलाया जायेगा। जिसमें सभी व्यक्तियों ध् संस्थाओं एवं स्वयं सेवी संगठनों व बच्चों आदि के द्वारा रोपित पौधों को मेरी लाईफ पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। इसका उद्देश्य मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में वर्ष 2030 तक उत्तर प्रदेश राज्य का वनाच्छादन 15 प्रतिशत किये जाने के लिये वृहद वृक्षारोपण आगामी वर्षाकाल में कराया जायेगा। पूरे उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण महाभियान.2025 के अन्तर्गत कानपुर देहात में भी वन विभाग एवं 24 अन्य विभागों द्वारा 57ण्22 लाख पौधरोपण ध् बीजरोपण कर आवंटित वृक्षारोपण लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जायेगी। इसी अभियान के अन्तर्गत गत वर्षों में रोपित किये गये पौधों की भी सुरक्षा पर विशेष बल दिया जायेगा। उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में प्रत्येक ग्राम पंचायत में त्रिवेणी वन बनाये जायेगे। जिसमें पीपलए बरगद व नीम के पौधों का त्रिकोण में इन पौराणिक महत्व के पर्यावरणीय पौधों का रोपण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त आगामी वर्षाकाल में विभिन्न पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखते हुये अटल वनए एकता वनए एकलव्य वनए आक्सी वनए शौर्य वनए गोपाल वन इत्यादि विकसित किये जाने की योजना है। उक्त कार्यक्रम सेंगुर नदी घाट पर स्थित दुर्वाषा ऋषि आश्रमए ग्राम पंचायत निगोही व सन्दलपुर ब्लाक की अकना ग्राम पंचायत के मजरा दशहरी में वृहद रूप से मा0 जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन की सहभागिता से सम्पन्न होगा। उक्त कार्यक्रम जिला गंगा समितिए वन विभाग एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

## अश्लील वीडियो बनकर ब्लैकमेल करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कानपुर।** हॉस्टल मैनेजर ने नीट की तैयारी कर रही छात्रा का नहाते समय वीडियो बना लिया। कर्मचारी और मैनेजर ने वीडियो दिखाकर छात्रा से 60 हजार रुपए वसूल लिए। इसके बाद संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर वीडियो छात्रा के मंगेतर को भेज दिया। छात्रा की शिकायत पर रावतपुर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कानपुर देहात निवासी युवती गर्ल्स हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही है। छात्रा ने बताया कि 5 अप्रैल को बाथरूम में नहाते समय हॉस्टल मैनेजर महफूज खान व कफिल अंसारी ने मेरा अश्लील वीडियो बना लिया।वायरल करने की धमकी देकर दोनों ने 60 हजार रुपए वसूल लिए। कुछ दिन बाद शारीरिक संबंध के लिए मेरे ऊपर दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर वीडियो मेरे मंगेतर को भेज दिया।

## छह किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। चकेरी पुलिस ने छह किलो गांजे के साथ बुधवार को आरोपी बलराम को गणेशपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में शहर समेत आसपास के जिलों में गांजा सप्लाई करने की बात कबूली है। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## मनमाना फीस वसूलने पर डीएम ने दो स्कूलों पर लगाया जुर्माना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वत्रंत विद्यालय ;शुल्क विनियमनद्ध अधिनियम 2018 के प्राविधानों का अनुपालन न करने पर कानपुर के दो प्रतिष्ठित विद्यालयों पर कार्रवाई की गई हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने इन विद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 1.1 लाख का जुर्माना लगाया है।

सुघर सिंह एकेडमीए स्वर्ण जयन्ती विहार एवं द चिंटल्स स्कूलए रतनलाल नगर पर अर्थदण्ड लगाया गयाए जिसे संस्थान को एक सप्ताह के अन्दर जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।इन विद्यालय द्वारा मनमानी फीस वसूले जाने तथा दुकान विशेष से पाठ्य पुस्तकेंए यूनीफार्म खरीदे जाने की प्राप्त शिकायतों के क्रम में ये कार्यवाही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपदीय शुल्क नियामक समिति की नवीन सभागार में बीते 24 मई को बैठक सम्पन्न हुईए जिसमें प्राप्त शिकायतों के क्रम में विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रशांत कुमार द्विवेदी द्वारा दी चिन्ट्लस स्कूलए रतनलाल नगर कानपुर नगर की जांच की गई।उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि संस्था दी चिन्ट्लस स्कूल द्वारा अध्ययनरत छात्रों द्वारा फेयर डील बुक स्टॉल से पुस्तकें क्रय की जा रही है।

जिलाधिकारी द्वारा दोनों विद्यालयों पर लगाए गए अर्थदण्ड को जिला विद्यालय निरीक्षक के पदनाम से संचालित बैंक खाते में एक सप्ताह के अंदर जमा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## मथुरा, मेरठ के साथ कानपुर होगा मेगा सिटी में शामिल



- स्वतंत्रता दिवस पर होगा न्यू कानपुर सिटी की लांचिंग
- केडीए की बोर्ड बैठक में 15 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**कानपुर।** मथुराए मेरठ के साथ कानपुर मेगा सिटी में शामिल होगा। नए कानपुर को विकसित करनेए शहर में सड़कों का जाल बिछाने व कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए शासन से शहर को 50 हजार करोड़ की सौगात मिलेगी। यह जानकारी केडीए बोर्ड बैठक के दौरान मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांड्यन ने दी।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025.26 में केडीए को 1400 करोड़ रुपए आवंटित किए गए है। इसके साथ ही 15 अगस्त को न्यू कानपुर सिटी की लांचिंग की जाएगी।

बुधवार को केडीए की 143 बोर्ड बैठक मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण के वित्तीय बजट के साथ कॉमर्शियल और कार्यालय के लिए बनने वाले भवनों के बेसमेंट में शौचालय बनानेए न्यू कानपुर सिटी के ले.आउट समेत 15 प्रस्ताव पास किए गए।मंडलायुक्त ने बताया कि न्यू कानपुर सिटी की 15 अगस्त को लांचिंग होगीए 150 करोड़ से भूमि अधिग्रहीत की गई है। इसके साथ ही 1793 प्लाट मध्यमवर्गीय लोगों को फोकस में रख कर बनाया गया है।मंडलायुक्त ने बताया कि 17 करोड़ की लागत से तैयार गंगा बैराज स्थित बॉटनिकल पार्क 4 महीने में लोगों के लिए शुरू कर दिया जाएगाए जिसमें लोगों के टहलने के लिए पाथ.वे की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही इंडस्ट्री हब के लिए भीमसेन में एमएसएमई पार्कए पनकी में मेडिसिटी व नारामऊ में आईटी पार्क स्थापित किया जाएगा।

### मथुरा, मेरठ के साथ कानपुर बनेगी मेगा सिटी

मंडलायुक्त के मुताबिक सीएम के निर्देश पर मथुराए मेरठ के साथ कानपुर को मेगा सिटी बनाया जाएगा। कानपुर के कायाकल्प के लिए 50 हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। जिसमें कानपुर नगर निगमए केडीएए पीडब्ल्यूडी समेत अन्य विभागों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। सभी विभागों से प्रस्ताव लेकर अगले सप्ताह मुख्यमंत्री के साथ बैठक होगी।

### 2027 तक रिंग रोड होगी तैयार

उन्होंने बताया कि मेगा सिटी योजना के तहत शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। शहर के पार्कों को विकसित किया जाएगा। 2027 तक रिंग रोड बनकर तैयार हो जाएगी। रिंग रोड के आसपास के क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा। टूरिस्ट प्लान के तहत बिठूर का समग्र विकास किया जाएगा। बोर्ड बैठक में डीएम जितेंद्र प्रताप सिंहए केडीए वीसी मदन सिंह गर्ज्यालए नगर आयुक्त सुधीर कुमार शामिल हुए।

## भाजपा ने किया मेडिकल कॉलेज सभागार में भव्य कार्यशाला का हुआ आयोजन



**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर एवं दक्षिण जिलों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन वंदे मातरम गान के साथ आज मेडिकल कॉलेज सभागार में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कानपुर महानगर प्रभारी पंकज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में उन्होंने 9 जून से 21 जून तक चलने वाले ष्सेवाए सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्षष् अभियान की जानकारी दीए केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण हुए 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

पंकज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह 11 वर्ष देश के व्यापक परिवर्तन के गवाह बने हैं। इन वर्षों में देश के गरीबए पिछड़ेए दलित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के कार्यकर्ता जिला स्तर से लेकर शक्ति केंद्र और प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर जनता को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे।

उन्होंने विशेष रूप से 11 जून को आयोजित होने वाले ष्प्रबुद्ध समागमष् का उल्लेख करते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जनहित में किए गए कार्यों को लाभार्थियों की जुबानी आमजन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश की सेना को खुली छूट दी और देश की बहनों के सिंदूर की रक्षा कर विश्व में भारत की नई पहचान बनाई है। आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर सम्मान के साथ खड़ा है।

विपक्ष पर प्रहार करते हुए श्री सिंह ने कहा कि जो दल सत्ता में रहकर जनता को केवल वादों में उलझाते रहेए उन्होंने वास्तव में कभी गरीबों की सुध नहीं ली। भाजपा ने वादों को ज़मीन पर उतारा और यह विश्वास जनता में कायम किया।

इस अवसर पर सांसद रमेश अवस्थी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ष्सबका साथए सबका विकासए सबका विश्वास और सबका प्रयासष् के मंत्र को धरातल पर उतार कर दिखाया है। आवासए शौचालयए उज्ज्वला योजनाए आयुष्मान भारतए जनधन खाते और डिजिटल इंडिया जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से दलितोंए पिछड़ों और गरीबों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

कार्यशाला में दोनों जिलों के प्रमुख पदाधिकारीए मंडल अध्यक्षएमोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की। अध्यक्षता भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह एवं संचालन उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने किया ।

कार्यशाला में महापौर प्रमिला पांडे विधायक महेश त्रिवेदी सुरेंद्र मैथानी नीलिमा कटियार अरुण पाठक, अनीता गुप्ता, पूनम द्विवेदी, नरेंद्र तिवारी, आनंद राजपाल अनूप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## दहेजलोभियों ने विवाहिता को पीटा

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में एक महिला ने दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। साथ ही पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर उसको घर से भगा दिया। पीड़िता ने जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पोखरपुर निवासी खुशबू गुप्ता के अनुसार 12 फरवरी 2025 को उनकी शादी बर्रा.2 नई बस्ती निवासी सुनील गुप्ता से हुई थी। आरोप है कि शादी में मां.भाईयो ने अपनी हैसियत से बढ़कर 17 लाख रुपये खर्च किये थे। शादी के बाद से ही ससुरालीजन रिश्तेदारों के भड़काने पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और एक कारए पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़िता का कहना कि उनकी शादी में उनके भाई और मां के ऊपर काफी कर्ज हो गया था। खुशबू का कहना है कि शादी के 10 दिन बाद ही ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। उनका आरोप है कि पति के महिलाओं से अवैध संबंध है। जिसकी उनके पास चैट उपलब्ध हैं। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## खबर एक नजर

### जेईई एडवांस्ड में अनअकैडमी के छात्रों की शानदार सफलता

कानपुर। देश की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एकए जेईई एडवांस्ड 2025 का परिणाम आ चुका हैए और इस बार अनअकैडमी ने सफलता की एक नई कहानी लिखी है। इस साल अनअकैडमी के 4129 से ज्यादा छात्रों ने जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की हैए जो यह साबित करता है कि सही गाइडेंसए मेहनत और तकनीक के साथ कोई भी लक्ष्य पाया जा सकता है।इस मौके पर अनअकैडमी के को.फाउंडर सुमित जैन ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहाष्हमारे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि इतनी बड़ी संख्या में हमारे छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। हम उज्जवल केसरी सहित सभी छात्रों को दिल से बधाई देते हैं। यह सिर्फ छात्रों की मेहनत का नहींए बल्कि हमारे सभी शिक्षकों और पूरी टीम के दिन.रात के प्रयासों का नतीजा है। हम आगे भी इसी जुनून और समर्पण के साथ छात्रों की मदद करते रहेंगेए ताकि वे अपने सपनों को हकीकत बना सकें।ष्18 छात्र टॉप 100ए 787 छात्र टॉप 5000ए और 2205 छात्र टॉप 15000 रैंक में आए हैं। यह संख्या सिर्फ आंकड़े नहीं हैंए बल्कि हज़ारों सपनों के पूरे होने की कहानी है।

### महिला ने फर्जी इंस्ट्राग्राम अकाउंट बनाकर प्रोडक्ट बेचा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में अर्टिफिशिल ज्वेलरी की दुकान चलाने वाली महिला ने एक फर्ज़ी इंस्टाग्राम एकाउंट बनाकर युवक पर उनकी फर्म के प्रोडक्ट्स बेचने का आरोप लगाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। डिफेंस कॉलोनी की रहने वाली नीलम निषाद के मुताबिक उनका लक्ष्मी ज्वेलर्स नाम से अर्टिफिशिल ज्वेलरी की दुकान है। वह अपनी फर्म की खुद ही अकेली प्रोपराइटर है। आरोप है कि युवक ने उनकी फर्म लक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम का दुरप्रयोग कर एक फर्ज़ी इंस्टाग्राम एकाउंट बनाया। जिसकी यूजर आईडी लक्ष्मीज्वेलर्सकानपुर रखा। साथ ही उनके प्रोडक्ट्स ग्राहकों को दिखाकर आनलाइन बेचकर ठगी कर रहा है। जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हेल्प डेस्क को समाप्त कर पूरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग

कानपुर। अघोषित बिजली कटौती व विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर मंगलवार को सपा विधायकों और पार्षदों ने केस्को एमडी से मुलाकात की। उनका कहना था कि पहले उपभोक्ता अघोषित कटौती की शिकायत सीधे संबंधित सब स्टेशन में दर्ज करा सकते थे, लेकिन हेल्प डेस्क की नई व्यवस्था लागू होने के बाद शिकायतों का निस्तारण मुश्किल हो गया है।

सपा विधायक अमिताभ बाजपेई और हसन रूमी ने कहा बिजली के फाल्ट होने के बाद कई घंटे तक दुरुस्त नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ता भीषण गर्मी में बिजली से परेशान है। नई व्यवस्था में हेल्पडेस्क से समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है, इसलिए इस व्यवस्था को खत्म कर देना चाहिए। केस्को की टीम गाड़ियों की जगह ट्रालियों का इस्तेमाल कर रही हैं। यह देखकर लगता है कि विभाग 40-50 साल पुरानी व्यवस्था की ओर लौट रहा है। श्याम नगर के लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। वार्ड 29 ओम पुरवा में आजाद पार्क के पास बिजली का खंभा शिफ्ट करना है। शिव पार्क में खंभे जर्जर स्थिति में हैं। छबीले पुरवा सब स्टेशन के अंतर्गत शीतला बाजार में चार बिजली के खंभे टूटे और क्षतिग्रस्त हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि हेल्प डेस्क को समाप्त कर पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए।

### सीआईएस सर्वेक्षण में उत्पीड़न करने वाले के खिलाफ होगी कार्रवाई

कानपुर। सीआईएस सर्वेक्षण में उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर मंगलवार को मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने श्रमायुक्त मार्कण्डेय शाही को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में चेंबर की इंडस्ट्री समिति के सलाहकार प्रेम मनोहर गुप्ता, चेयरमैन सुशील शर्मा तथा वाइस चेयरमैन यादवेंद्र सिंह सचान मौजूद रहे। श्रमायुक्त श्री शाही ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सीआईएस सर्वेक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार का उत्पीड़न किया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया को अधिक सरल और सुगम बनाने के प्रयास किए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को सीआईएस सर्वेक्षण के संबंध में जागरूक किया जाएगा तथा अनुपालन से संबंधित निर्देशों को सरल एवं बोधगम्य भाषा में प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उद्यमियों को यह स्पष्ट रूप से बताया जाएगा कि किस प्रकार के उद्योगों पर कौन-कौन से अनुपालन नियम लागू होते हैं और कौन से नहीं।



## प्रदेश अध्यक्ष पर हुए हमले के विरोध में दिव्यांगों ने की बैठक

**कानपुर।** कानपुर में दिव्यांगो ने बैठक कर विरोध किया । लखनऊ में दिव्यांग महागठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष प्रसाद पर अज्ञात हमलावरों ने हमला किया। इस घटना के विरोध में कानपुर के शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में महागठबंधन की बैठक हुई। मनीष प्रसाद बाल.बाल बच गए हैं। उन्होंने थाना आलमबाग में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने लखनऊ पुलिस को एक सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने कहा कि अगर दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। महागठबंधन 8 जून को खराब कानून व्यवस्था के विरोध में ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से मिलने का समय मांगा है।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों का उत्पीड़न बढ़ रहा है। हाल ही में एक मूक.बधिर लड़की के साथ बलात्कार के बाद हत्या की घटना हुई। दिव्यांगजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बैठक में महिला मोर्चा की अध्यक्ष अल्पना कुमारीए जिला अध्यक्ष राहुल कुमारए वैभव दीक्षितए गोमती वर्माए जौहर अलीए आशीष कुमार और शंकर लाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## भीषण गंदगी को लेकर सपाइयों ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कानपुर।** बुधवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारी गण तथा फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों तथा पीडीए मिशन टीम ने सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के नेतृत्व में मोती झील नगर निगम में अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव महोदय को एक ज्ञापन देकर तत्काल गंगा दशहरा बकरीद तथा जगन्नाथ यात्रा के अवसर पर तत्काल रोड में लाइट की व्यवस्था नगर मे गलियों रोडो पर बज बजा रहा कूड़ा की समस्या को हल करने के लिए एक ज्ञापन सौपा तथा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि गंदगी से निजात दिलाए अन्यथा करोना पैर पसार रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि कानपुर महानगर की गोविंद नगर सीसामाऊ आर्य नगर किदवई नगर कैंट विधानसभा क्षेत्रो के 110 वार्डों में त्यौहार जो प्रस्तावित है 5 जून को गंगा दशहरा 7 जून को बकरीद व 24 जून को जगन्नाथ यात्रा पर जुलूस आदि को लेकर कानपुर महानगर में परंपराओं को लेकर तैयारियां आरंभ हो गई हैं लेकिन शहर में भीषण गंदगी व्याप्त है नालियों के नियमित सफाई न होने के कारण नालियां बज बजा रही हैं लेकिन सफाई के नाम पर नगर निगम आंख मूँदे हुए हैं और पीने के पानी की भी आपूर्ति नहीं हो रही है जनता पैसे से खरीद कर पानी लेकर काम चला रही है शहर के 110 वार्ड क्षेत्रो में कूड़ा उठाकर साफ सफाई पानी की सप्लाई तथा सड़कों गलियों की मरम्मत कराई जाए अन्यथा बढ़ती बीमारियों से जनता का सुख चैन छिन जाएगा और करोना की आहट हो चुकी है जिसके कारण जनता परेशान हैज्ञापन के बाद सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि आज 4 जून पीडीए दिवस है आज के ही दिन पीडीए अभियान की स्थापना तथा गरीबों बेरोजगारों तथा पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों के हितों को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान ने व्यापक सफलता प्राप्त कर संविधान की रक्षा तथा लोकतंत्र की रक्षा को लेकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की नीतियों को लेकर महानगर ने पीडीए की व्यापक सफलता नगर के 1607 बूथों पर लोकसभा में पीडीए का बढ़ता परिवार तथा उपचुनाव सीसामऊ में सफलता पीडीए की 100 पंचायतो ने महानगर में जो संदेश परिवर्तन का जा रहा है उससे प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। प्रतिनिधिमंडल मे महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूदएप्रदेश सचिव के के शुक्लाएवरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टूएराष्ट्रीय सचिव अपर्णा बंसल जैनएराष्ट्रीय प्रवक्ता डाण्नीतेंद्र यादवएनंदलाल जयसवालएमहेन्द्र सिंह बडे ठाकुरएशादाब आलमएदीपक खोटेएअर्पित त्रिवेदीएअरमान खानएपार्षद राकेश निषादएआलेख सिंह आदि लोग मौजूद रहे।।



## खबर एक नज़र

### कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान महिला का कुंडे से लटकता मिला शव

**भीतरगांव चौकी के भेलसा गांव का मामला पुलिस जांच में जुटी**

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के भेलसा गांव में कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रही महिला ने घर के अंदर कुंडे के सहारे साड़ी का फंदा बना कर झूल गई जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भीतरगांव चौकी के भेलसा गांव निवासी सत्यम पुत्र स्व सुनील कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर उसकी मां सोनी 50 ने घर के अंदर आंगन के जाल में साड़ी के सहारे फंदा बनाकर झूल गई जिससे उनकी मौत हो गई बताया जाता है कि मृतका के दो पुत्र सत्यम और सुमित है पिता की मौत के बाद से ही मृतका का जीवन बड़ी कठिनाई से व्यतीत हो रहा था जिससे वह कर्ज में डूबती जा रही थी ग्रामीणों के अनुसार आर्थिक तंगी से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के लड़के की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### पशु बाजार में 30 हजार में बिका छतरपुर से आया बकरा

भरुआ सुमेरपुर। आगामी सात जून को होने वाली बकरीद पर्व के मद्देनजर बुधवार को कस्बे की साप्ताहिक पशु बाजार में अच्छी खासी चहल पहल नजर आई। कुर्बानी के लिए लोगों ने अच्छे नस्ल के बकरों की ऊंची बोली लगाकर खरीदा। सबसे महंगा बकरा 30 हजार रुपये में बिका। यह छतरपुर से यहां बिक्री के लिए लाया गया था। खरीदने वाले ने नाम बताने से इनकार कर दिया। बकरीद पर्व के मद्देनजर कस्बे के साप्ताहिक पशु बाजार में सुबह से ही चहल-पहल थी। सैकड़ों की संख्या में बकरा बिक्री के लिए लाए गए थे। छतरपुर के लवकुश नगर से बिक्री के लिए लाया गया बकरा 30 हजार रुपये में खरीदा गया। सैकड़ों बकरे 15 से 20 हजार की कीमत में खरीदे गए। दोपहर बाद बाजार में चहल-पहल खत्म हो गई।

### दरवाजे पर खड़ी कैंपर चोरी

भरुआ सुमेरपुर। ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग में घर के बाहर खड़ी कैंपर को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। गाड़ी मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वासा बुजुर्ग निवासी राधेश्याम प्रजापति ने बताया कि उसकी कैंपर गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। एक जून की रात को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### रेलवे लाइन पार करते समय महंत की ट्रेन से कटकर मौत

भरुआ सुमेरपुर। इटरा के बजरंगबली आश्रम में चल रहे धार्मिक आयोजन में हिस्सा लेने जा रहे कंडौर निवासी महंत बालकदास की रेलवे लाइन पार करते समय तड़के चित्रकूट एक्सप्रेस से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिजनों को अवगत करा दिया गया है। इटरा के बजरंगबली आश्रम में धार्मिक आयोजन चल रहा है। गुरुवार को यहां भंडारे के साथ समापन होना है। इस धार्मिक आयोजन में कंडौर के महंत बालकदास हिस्सा लेने बुधवार को तड़के इटरा आश्रम जा रहे थे। रेलवे लाइन पार करते समय यह जबलपुर से लखनऊ जा रही चित्रकूट एक्सप्रेस की चपेट में आ गये। इनकी घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कराकर पीएम के लिए मोर्चरी पहुंचाया है। घटना से परिजनों को अवगत करा दिया गया है।

### एक सप्ताह से बंद पड़े स्टेशन के पास लगे वाटर कूलर की शिकायत का चेयरमैन ने लिया संज्ञान

भरुआ सुमेरपुर। रेलवे स्टेशन के पास नर्वदेश्वर आश्रम के बाहर एक माह पूर्व लगाया गया नगर पंचायत का वाटर कूलर बंद पड़ा है। इससे राहगीर परेशान हैं। शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। तत्काल निस्तारण करवाया जायेगा। दैनिक यात्री राकेश कुमार, महेश कुमार, धीरू, शिवनारायण, बबलू गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, नसीम, आफताब, गीता देवी आदि ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास नर्वदेश्वर आश्रम के बाहर नगर पंचायत ने एक माह पूर्व वाटर कूलर लगवाया था। जिसका संचालन आश्रम के अंदर से होता है लेकिन आश्रम के महंत के कहीं बाहर चले जाने से यह बंद पड़ा है।जिससे स्टेशन आने वाले यात्रियों एवं राहगीरों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है या फिर खरीदकर पीना पड़ता है। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने बताया कि उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं के लिए इसको लगवाया था। मामला संज्ञान में आया है। आश्रम के महंत के आने के बाद इसके संचालन की नियमित व्यवस्था कराई जाएगी।

### वनरोज से टकराकर नेशनल हाईवे में पलटा आटो छह घायल

भरुआ सुमेरपुर। मुख्यालय से सवारियां लेकर कस्बे में आ रहा आटो नेशनल हाईवे में नवीन गल्ला मंडी के समीप वनरोज से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे आटो में सवार आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। बुधवार की शाम करीब 4 बजे एक आटो मुख्यालय से सवारियां लेकर कस्बे में आ रहा था। नवीन गल्ला मंडी के समीप तेज रफ्तार आटो अचानक नेशनल हाईवे में आए वनरोज से टकराकर पलट गया। इस घटना में आटो में सवार किशन बाबू 22 वर्ष निवासी स्वासा बुजुर्ग, शकुंतला 42 वर्ष निवासी पंधरी, सबीना 45 वर्ष निवासी महेरा, सुरेश 25 वर्ष निवासी बिंवार, राजेश कुमार 42 वर्ष निवासी अतराहट बांदा गंभीर रूप से घायल हो गए। सबीना अपने भाई की मैय्यत में शामिल होने जा रही थी। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पर सभी का उपचार किया जा रहा है।

### बिवांर बायां छानी इंगोहटा से हमीरपुर तक रोडवेज बस चलाने की मांग

भरुआ सुमेरपुर। इंगोहटा क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिवांर से छानी, कल्हा, मवईजार, बिदोखर, इंगोहटा होते हुए हमीरपुर तक रोडवेज बस सेवा दोबारा शुरू करने की मांग उठाई है। लोगों का कहना है कि कुछ वर्षों पूर्व तक इस मार्ग पर नियमित रूप से रोडवेज बस चलती थी। जिससे उन्हें जिला मुख्यालय और अन्य कस्बों में आने-जाने में विशेष सुविधा मिलती थी। इंगोहटा निवासी राकेश, दिनेश, ओंकार, सज्जन, महिपत, राजाराम, सुंदरलाल, श्यामलाल आदि का कहना है कि बस सेवा बंद होने से प्राइवेट वाहनों पर निर्भर हो गए हैं। जिनका किराया काफी अधिक है। इससे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गरीब तबके के लोग महंगा किराया वहन करने में असमर्थ हैं। जिससे उनकी आवाजाही सीमित हो गई है। लोगों ने परिवहन विभाग और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि हाल ही में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भेजी गई छह नई रोडवेज बसों में से कम से कम एक बस को बिवांर से हमीरपुर के बीच इंगोहटा मार्ग पर संचालित किया जाए। इससे आवागमन सरल होगा।

### युवती ने आग लगाकर की आत्महत्या

हमीरपुर। आज शशांक गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी पुराने डाकखाने के पास, कस्बा व थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर थाना हाजा पर उपस्थित होकर सूचना दिए कि 3 जून को उनकी बहन शालिनी गुप्ता, उम्र लगभग 28 वर्ष, रात्रि भोजन करने के उपरांत अपने छत स्थित कमरे में सोने चली गई थी, रात्रि में किसी समय अज्ञात कारणों के चलते उन्होंने आग लगाकर आत्महत्या कर ली है। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मौदहा पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है साथ ही फील्ड यूनिट टीम घटनास्थल के लिए रवाना है।

# ग्राम सभा की जमीनों पर कब्जेदारो पर कार्यवाही की तैयारी





**निरीक्षण में अवैध कब्जों व अतिक्रमण मिलने पर एसडीएम ने दिए कार्यवाही के निर्देश**

घाटमपुर। बुधवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने राजस्व टीम व थाना रेउना पुलिस के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण किए। ग्राम राठीगाँव में ग्रामसभा के 02 गाटो पर 03 लोगों के विरुद्ध धारा 67 में उन्होंने मुकदमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेदखली का वाद रामलखनए शिवराम व जयराम के विरुद्ध दर्ज कराए जाने व तहसीलदार न्यायालय पर सुनवाई के उपरांत विधिक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने बलात अवैध कब्जा करने वाले अतिक्रमियों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराए जाने हेतु संबंधित लेखपालों को निर्देश दिए। जिसकी जानकारी देते हुए एसडीएम ने आगे बताया कि जिसमें ग्राम प्रधान के परिजनों में जो शासकीय पद वाले व्यक्ति भी बताए गए हैंए ने सरकारी भूमि की खरीद विक्री की है व रोकने पर भी निर्माण किया गया है।शासकीय भूमि के संरक्षण के क्रम में ये कार्यवाहियाँ की गई हैं। ग्राम प्रधान की भूमिका के सम्बंध में भी जाँच की जा रही है।उन्होंने आगे बताया कि राठीगाँव की जलजीवन मिशन की पानी की टंकी के शेष निर्माण को पूरा करने व विलम्ब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करने हेतु जिलाधिकारी को सूचनार्थ पत्राचार किया जाएगा। ग्राम सरखेलपुर में जलजीवन मिशन के अंतर्गत बन रही निर्माणाधीन टंकी के विगत एक वर्ष से बन्द पड़े काम के कारण ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण किया गया।इसके लिए उत्तरदायी कार्यदायी संस्था व अन्य का उत्तरदायित्व निर्धारित करने हेतु जिलाधिकारी को सूचनार्थ पत्र प्रेषित किया जाएगा। एसडीएम ने ग्राम रतनपुर ब्लॉक पतारा की गौशाला का निरीक्षण किया गया।



# सजेती पुलिस ने पकड़े 9 जुआडी, 39115 किए बरामद

**ग्राम बांध मे सचिवालय के पास पुलिस ने दबिश दी तो मची जुआडियो में भगदड़**

घाटमपुर।थाना क्षेत्र के ग्राम बांध मे सचिवालय के पास जुआं खेले जाने की खबर मिलने पर पुलिस ने दबिश दी तो जुआडियो में भगदड़ मच गई। पुलिस ने 9 जुआ डियो को पकड़े जाने के साथ उनके पास से 3ए9150 रुव बरामद किए हैं। थाना प्रभारी कमलेश रॉय ने जिसकी जानकारी देते हुए आगे बताया कि नेयवेली थाना सजेती में कुछ लोगों के द्वारा जुआ खेलने की मिली सटीक सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा ग्राम बांध मे सचिवालय के पास बताये हुये स्थान पर दबिश दी तो कुछ जुआ खेलते हुये दिखाई दिये। घेरा बन्दी कर पकड़े गए जुआ डियो में नरेश पुत्र मोतीए अरविन्द स्व0 लालजीए करन सचान पुत्र स्व रामकुमार सचानए आर्यन्द कुमार पुत्र राजारामए राकेश कुमार पुत्र स्व0 श्याम लालए अनिल कुमार पुत्र मथुरा प्रसादए राधामरण पुत्र बिन्दा प्रसादए रमाशंकर पटेल पुत्र इन्द्रपाल आदि को पकड़े जाने के लिए 39150 रुपए बरामद किए हैं।

# करेंट की चपेट में आई महिला की मौत से परिजन बेहाल

**साढ़ थाना क्षेत्र के चिरली गांव का मामला झाड़ू लगाने के दौरान हुआ हादसा**

स्वतंत्र भारत संवाददाता

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के चिरली गांव में तड़के झाड़ू लगाने के दौरान महिला टीन शेड में उतरे करेंट की चपेट में आ गई आनन फानन परिजन उसे लेकर बिधनू स्थित एक अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार चिरली निवासी राजकुमारी 48 पत्नी गहौली बुधवार सुबह तड़के उठकर घर में झाड़ू लगा रही थी उसी दौरान टीन शेड के पोल में उतरे करेंट की चपेट में आकर वह जोर से चीखी और बेहोश होकर गिर पड़ी चीख की आवाज सुन परिजन मौके पर पहुंचे और उसे लेकर बिधनू स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था बताया जाता है कि मृतका का पति मेहनत मजदूरी कर घर चलाता है।मृतका के तीन लड़के तथा एक लड़की है साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# घाटमपुर में खेल कूद स्टेडियम बनने का रास्ता हुआ साफ

**आड़े आ रही 2 बीघा 2 बिस्वा जमीन के मालिक किसानों के पहले लिखकर देने के बाद बुधवार को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने भी लिखित जताई सहमति**



घाटमपुर। मूसानगर रोड पर;ब्लॉक के पासद्ध करोड़ों की लागत से क़रीब 11 बीघे जमीन पर बनने वाले स्पोर्टध्स्टेडियम के निर्माण में अड़चन डाल रही किसानों की करीब 2 बीघा 2 बिस्वा जमीन का बुधवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह के कार्यालय में विनिमय की प्रक्रिया पूरी होने से अब स्टेडियम के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। विधान सभा क्षेत्र के लोगों को करोड़ों की लागत से बनने वाले स्टेडियम की सौगात देने वाली विधायक सरोज कुरील द्वारा इस संबंध काफी समय से किए जा रहे प्रयासों का बुधवार को असर दिखा। विधायक ने प्रदेश के खेल कूद मंत्री व प्रदेश के प्रमुख सचिव से मिलकर घाटमपुर में बनने जा रहे करीब साढ़े बीघा जमीन पर स्पोर्ट स्टेडियम के लिए पहल की थी। इतना ही नहीं निर्माण जल्द शुरू करने के लिए शासन द्वारा प्रशासन से जमीन व कार्यदाई संस्था आवास विकास योजना संख्या.2 हंस पुरमए कानपुर से डीपीआर भीमांगा गया था। पालिका परिषद की सिहरी देहात में पड़ने वाली गाटा संख्या 145ए149ए 150ए152 में पड़ने वाली करीब 11 बीघा जमीन चिन्हित की गई है। जिसमें गाटा संख्या 151 में पड़ने वाली किसानों की करीब 2 बीघा 2 बिस्वा जमीन का आस पास ही समायोजन किए जाने के बाद बुधवार को कुमारी भानु प्रसादए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने घाटमपुर पहुंचकर न सिर्फ 151ए गाटा संख्या की दो बीघा दो बिस्वा जमीन के विनिमय पर सहमति जताई।152 गाटा संख्या खेल विभाग का है। अधिशाषी अधिकारी डाव महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पालिका की जमीन का खेल कूद स्टेडियम के लिए पहले ही विनिमय हो चुका है। आड़े आ रही 2 बीघा 2 बिस्वा जमीन का भी विनिमय होने के साथ क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने भी विनिमय पर सहमति जताई है।

# अब भाजपा नेता के घर के टूटे ताले, नगदी समेत लाखों की चोरी

**घर में रखे अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर ले गए 70 हजार नगदी के साथ करीब 10 लाख के जेवर**

घाटमपुर।कस्बे के शिवपुरी पूर्वी वार्ड में रहने वाले मोहम्मद निसार पुत्र अब्दुल रज्जाक के घर में हुई नगदी समेत 15 लाख की चोरी का पुलिस खुलासा भी न कर पाई थी कि चोरों ने बीती रात कस्बे के ही अशोक नगर दक्षिणी वार्ड में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित तिवारी के घर को निशाना बनाया। घर व अलमारी तथा बक्सों के ताले तोड़कर चोर घर में रखे 70 हजार नगदी के साथ करीब 15 लाख के जेवरात चोर ले गए। सुबह घर के मेन गेट का ताला टूटा देख भाजपा नेता के चाचा ने उन्हें जानकारी दी। जानकारी मिलने पर जब मैं घर पहुंचा भाजपा नेता को अलमारी व बक्सों के ताले टूटे मिलने के साथ घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा देखा तो सन्न रह गए। घटना की तहरीर पुलिस को देते हुए भाजपा नेता अमित तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह थाना सजे ती क्षेत्र के अकबरपुर बीरबल के रहने वाले हैं। उसका एक मकान थाने से कुछ दूरी पर अशोक नगर दक्षिणी वार्ड में है। आज मुझे मेरे चाचा से सूचना मिली कि घर के मेन गेट का ताला खुला हुआ है। जब मैं घर आयाए तो मैंने देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था।थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि चोरों का पता लगाया जा रहा है।





## उप मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

आज लखनऊ में बड़े भैया उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री माननीय श्री ब्रजेश पाठक जी ने इंडिया न्यूज़ के प्रोग्राम उत्तरप्रदेश हेल्थ कांन्क्लेव में 'कानपुर नगर में 2014 से 3000 से अधिक निशुल्क कैंप लगने वाले अटल आरोग्य जर्मन होमियोक्लिनिक, कानपुर के संस्थापक डॉ. अतुल कुमार मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष, सर्वे ब्राह्मण विकास परिषद् चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, प्रदेश महामंत्री धर्म रक्षा संघ को और डॉ प्रीती मिश्रा जी को सम्मानित किया गया यह प्रोग्राम लखनऊ में होटल फॉर्चून बी बी डी में हुआ

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में विषय विशेषज्ञों के आवेदन की तिथि 15 जून तक बढ़ाई गई

हमीरपुर। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए एवं अन्य प्रारंभिक प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु निरूशुल्क ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इन कक्षाओं में विषय विशेषज्ञ व्याख्याताओं की नियुक्ति हेतु आवेदन मांगे गए थे, जिसकी अंतिम तिथि पहले 31 मई निर्धारित थी। अब इसे बढ़ाकर 15 जून 2025 कर दिया गया है। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री राम शंकर पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली कक्षाओं में विशेषज्ञों की नियुक्ति पाठ्यक्रम के अनुरूप की जाएगी। यूपीएससी, पीसीएस, साक्षात्कार आदि की तैयारी के लिए संबंधित विषय में परास्नातक, नेट, जेआरएफ या पीएचडी धारकों को वरीयता दी जाएगी। नीट के लिए एमएससी (प्रथम श्रेणी) अथवा एमबीबीएस, जबकि जेईई और एनडीए के लिए एमएससी (प्रथम श्रेणी) या एमटेक योग्यताधारी आवेदकों को प्राथमिकता मिलेगी। प्रत्येक व्याख्यान के लिए ?2000 मानदेय निर्धारित किया गया है। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी तथा एक अतिथि व्याख्याता को प्रति माह अधिकतम 30 व्याख्यान देने की अनुमति होगी। उपरोक्त के संबंध में अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 9044534742 अथवा 6392035219 पर संपर्क करे।

# जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायत सुन किया निस्तारण

हमीरपुर। आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 95 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअलध् जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## दो अभियुक्तगण के विरुद्ध जिलाबदर की कार्यवाही की गई

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही ध् प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा जनपद के थाना कोतवाली राठ व थाना जलालपुर से सम्बन्धित गुण्डा अपराधी को जनपद हमीरपुर की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित ध् जिलाबदर किया गया है। पारित आदेश में आदेशित किया गया है कि जिलाबदर की अवधि में निष्कासित ध् जिलाबदर अपराधीगण अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जनपद हमीरपुर की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे तथा बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना सम्बन्धित न्यायालय एवं स्थानीय पुलिस को भी देंगे। जिलाबदर किये गये अभियुक्तगण पवन खटिक पुत्र हरनारायण उर्फ हलकुट्टा निवासी ग्राम सदर (कैथा) कोतवाली 5 राठ जनपद हमीरपुर 24.04.2025 से 06 माह। मूलचन्द्र पुत्र हरगोपाल निवासी ग्राम कुपरा थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर 24.04.2025 से 06 माह।

## मोटरसाइकिल के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वांछितध् वारण्टी अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना राठ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 260ध्2025 धारा 305ध्317(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को चोरी गई मोटरसाइकिल के साथ मोर्चरी हाउस के पास यात्री प्रतीक्षालाय, कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर से गिरफ्तार कर न्याया0 भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त कपिल पुत्र अरविन्द निवासी ग्राम पहाडी भिटारी थाना मुस्करा जिला हमीरपुर उम्र 20 वर्ष के कब्जे से एक अदद मो0सा0 नं0- बरामद हुई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में म0उ0नि0 सरिता थाना, उ0नि0 शिवम दत्त, का0 डेगराज 4.का0 जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।

**कानपुर विकास प्राधिकरण** — आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनीता अरोड़ा आदि द्वारा पंजीकृत बैनामा की सत्यापित प्रति, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आदि प्रस्तुत कर भवन संख्या 7/एल/97 ब्लाक नं0-फेस-7 योजना 40, बर्रा-7 क्षेत्रफल 56.00 व0मी0 का नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा भवन संख्या 7/एल/97 ब्लाक नं0-फेस-7 योजना 40, बर्रा-7 क्षेत्रफल 56.00व0 मी0 का लीजडीड 29.11.1996 को श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय पुत्र श्री विपिन बिहारी पाण्डेय के पक्ष में निष्पादित किया गया था। मूल पट्टाधारक श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय पुत्र श्री विपिन बिहारी पाण्डेय द्वारा भवन का पंजीकृत बैनामा दिनांक 13.03.1997 को श्री पूरन लाल अरोड़ा व श्री मोहन लाल अरोड़ा पुत्रगण स्व0 सरदारी लाल अरोड़ा के पक्ष में निष्पादित किया गया। सहबैनामाधारक श्री पूरन लाल अरोड़ा की मृत्यु दिनांक 22.03.2004 को हो जाने के उपरान्त प्रस्तुत अभिलेखों के आधार पर संयुक्त सचिव महोदय के आदेश दिनांक 14.11.2016 के द्वारा श्री मोहन लाल अरोड़ा पुत्र स्व0 सरदारी लाल अरोड़ा एवं श्रीमती अनीता अरोड़ा पत्नी स्व0 पूरन लाल अरोड़ा के पक्ष में नामान्तरण स्वीकृत किया गया तथा कार्यालय पत्र संख्या डी/3183/उपसचिव/जोन-3/2016-17 दिनांक 26.11.2016 द्वारा नामान्तरण पत्र निर्गत किया गया। पैरा-1 वर्तमान में प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार उक्त भवन के सहनामान्तरी श्री मोहन लाल अरोड़ा पुत्र स्व0 सरदारी लाल अरोड़ा की मृत्यु दिनांक 30.06.2022 को हो चुकी है। कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 8539/अह0फौज0/2022 दिनांक 23.09.2022 के अनुसार मृतक स्व0 मोहन लाल अरोड़ा पुत्र स्व0 सरदारी लाल अरोड़ा के निम्नलिखित वारिसान अंकित थे:- 1.श्रीमती अनीता अरोरा पत्नी उम्र 61 वर्ष 2.श्री रोहित अरोरा पुत्र उम्र 35 वर्ष 3.श्रीमती प्रेरणा अरोरा पुत्री विवा0 उम्र 32 वर्ष पैरा-2 सहनामान्तरी श्रीमती अनीता अरोड़ा पत्नी स्व0 पूरन लाल अरोड़ा की मृत्यु दिनांक 29.08.2020 को हो चुकी हैं। कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 6813/अह0फौज0/2020 दिनांक 21.12.2020 के अनुसार मृतका स्व0 अनीता अरोड़ा पत्नी स्व0 पूरन लाल अरोड़ा के निम्नलिखित वारिसान अंकित है 1.श्रीमती मीनू सब्बरवाल पुत्री विवा0 उम्र 53 वर्ष 2.श्रीमती ममता सचदेवा पुत्री विवा0 उम्र 52 वर्ष प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार मृतक का कोई अन्य उत्तराधिकारी नहीं है। अत: उपरोक्तानुसार पैरा-1 के क्रमांक 2 व 3 पर अंकित वारिसानों द्वारा पैरा-1 के क्रमांक 1 पर अंकित श्रीमती अनीता अरोरा के पक्ष में फोटोयुक्त शपथ पत्र के माध्यम से अपना हक छोड़ दिया है। अत: श्रीमती अनीता अरोरा पत्नी स्व0 मोहन लाल अरोड़ा एवं श्रीमती मीनू सब्बरवाल व श्रीमती ममता सचदेवा पुत्रीगण स्व0 पूरन लाल अरोडा के पक्ष में संयुक्त रुप से नामान्तरण किया जाना है। उक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण अधोहरताक्षरी के कार्यालय (विक्रय जोन-3) में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-3)

## करंट की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

फ्तेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारन गढ़वा में घर की बिजली ठीक करते समय करंट की चपेट में आ जाने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लोहारन गढ़वा गांव निवासी स्व0 सुखदेव उर्फलूटे का पुत्र हरिश्चन्द्र मंगलवार की शाम घर की बिजली ठीक कर रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## जी एडवांस : 9396 की आल इंडिया रैंक के साथ आयुष ने अर्जित की सफ्लता



फ्तेहपुर। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शिवाकाँत अवस्थी के पुत्र आयुष अवस्थी ने जी-एडवांस के एग्ज़ाम में 9396 की रैंक के साथ बड़ी सफ्लता अर्जित कर अपने जनपद और माता-पिता का नाम रौशन किया है। श्री अवस्थी मूलतः सदर तहसील के सहिली गाँव निवासी हैं और काफ़ी समय से प्रयागराज़ में रह कर उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं।

**देश में कुल है 17740 सीटें**

बताते चलें कि जी-मेन्स के एग्ज़ाम में कुल 16 लाख के क़रीब छात्र शामिल हुए थे, जिसमें कुल ढाई लाख के क़रीब बच्चे जी-एडवांस की परीक्षा के लिए बुलाए गए थे, उन जनरल कैटेगरी के छात्रों को सम्मिलित होने का अवसर मिला था, जिन्होंने 93.4 फ़ीसदी से अधिक अंक जी मेन्स की परीक्षा में प्राप्त किये थे। इन ढाई लाख के क़रीब छात्रों में आयुष भी शामिल हैं, जिसकी जी एडवांस में 9396 की रैंक आई है।

ज्ञातव्य रहे कि आईआईटी एडवांस में मात्र 17740 सीटें हैं, जिसमें प्रभावी रैंक के साथ आयुष अवस्थी का नाम भी शामिल है। आयुष का परिवार पिछले छह महीने से काफ़ी परेशान चल रहा है। इस दौरान आयुष की माँ सीमा अवस्थी की एक दुर्घटना में दर्दनाक मौत के कुछ ही दिनों बाद आयुष ने विगत 28 जनवरी को जी-मेन्स का पहला एग्जाम दिया, जिसमें सफ़्ल रहने के बाद पिछली 08 अप्रैल को जी-मेन्स का दूसरा एग्ज़ाम दिया जिसमें उसकी आल इंडिया रैकिंग 15864 थी, जो अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि थी।

आयुष अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को देता है और आईआईटी में दाख़िला लेकर ऐतिहासिक सफ्लता के प्रति आशान्वित है।

# हत्या की अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत पांच को उम्र कैद



फ्तेहपुर। जिले की दो अदालतों में आज हत्या के दो अलग-अलग मामलों की अंतिम सुनवाई करते हुये विद्वान न्यायाधीशों ने पांच लोगों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा के साथ ही एक लाख पचहत्तर हजार रूपये का अर्थदण्ड का फैसला सुनाया। फैसला सुनाने के बाद ही पांचों लोगों जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं, को अदालत ने पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया। ललौली थाना के कस्बा ललौली में वर्ष जुलाई 2021 में हुई घटना में मां-बेटी की मौत के मामले की जानकारी देते हुये शासकी अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार सिंह भदौरिया ने बताया की ललौली कस्बा निवासी पति फूलचन्द्र ने अपनी बड़ी बेटी पप्पी उर्फप्रेमलता तथा दामाद लाला उर्फ नंदकिशोर के साथ मिलकर 4/5 जुलाई की रात्रि करीब एक बजे सोते समय पत्नी सुशीला व छोटी पुत्री गुड्डन को पेट्रोल डाल कर आग लगा दी थी, जिससे मां-बेटी दोनो ही बुरी तरह से जल गई थीं, जिन्हे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुये कानपुर हैलट के लिये रिफ्र कर दिया गया था। कानपुर ले जाते समय सुशीला की रास्ते में मौत हो गई, जबकि गुड्डन ने उपचार दौरान दम तोड़ दिया था। इसका मुकदमा आरोपी के भाई सुत्तन ने ललौली थाना में दर्ज कराया था।

उन्होने बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट हरि प्रकाश गुप्त ने गवाहों के बयानों व मृतका के बयानों के साथ ही पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करते हुये आरोपी पिता-पुत्र व दामाद पर दोष सिद्ध करार दिया। उन्होने अदालत का फैसला सुनाते हुये तीनों को सश्रम आजीवन कारावास के साथ प्रत्येक को 25-25 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। इसी तरह अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट नं. दो के विद्वान न्यायाधीश अजय सिंह प्रथम ने बकेवर थाना के जरारा गांव में 3 दिसम्बर 2022 को हुई सुजीत की हत्या के विचाराधीन प्रकरण की आज अंतिम सुनवाई करते हुये पति हन्ता पत्नी आरती व पुत्र रवि को सश्रम आजीवन कारावास की सजा के साथ ही प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करने का फैसला सुनाया। शासकी अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपिता आरती के विजय उर्फगोलीदीन से अवैध संबंधों को लेकर मृतक सुजीत के विरोध के चलते पत्नी आरती ने पुत्र रवि को बरगला कर चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी थी, जिसका मुकदमा बकेवर थाना में दर्ज किया था।

## डीएम ने उप स्वास्थ्य केन्द्र शाह में स्वास्थ्य सुविधाओं का किया निरीक्षण



**- पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को दी गई स्वास्थ्य सुविधाओं को जाना**

फ्तेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने ब्लॉक बहुआ के उप स्वास्थ्य केन्द्र शाह में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बीएचएनडी सत्र में गर्भवती महिलाओं, किशोरियों, बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। उप केन्द्र में उपस्थित सीएचओ व एएनएम ने बताया कि इस ग्राम पंचायत में 11 आशा व 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्री कार्यरत हैं। आज उप केन्द्र में जो बीएचएनडी सत्र आयोजित किया गया है जो आशा बहू छाया देवी के क्षेत्र की महिलाएं, बच्चे, किशोरियो को बीएचएनडी सत्र तक पहुंचाती है और उनको सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाती है। जिलाधिकारी ने ग्राम स्वास्थ्य सुचांक रजिस्टर (आशा डायरी), एएनसी रजिस्टर, जनरल ओपीडी रजिस्टर तथा बीएचएनडी से संबंधित प्रपत्र एवं ग्राम पंचायत का तैयार किया गया माइक्रोप्लान आदि को देखा। आयोजित बीएचएनडी सत्र में 16 गर्भवती महिलाएं पंजीकृत पाई गई और उनको दी गई स्वास्थ्य सुविधाओं की अद्यतन स्थिति को जाना। उन्होंने केन्द्र में आई गर्भवती, धात्री महिलाओं से स्वास्थ्य सुविधाओं/जांचे, टीकाकरण आदि की जानकारी ली। उनके एमसीपी कार्ड में लगाए गए टीका व अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी की। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आशा डायरी में सभी संकेताकों को अपडेट रखा जाये एवं आशा डायरी में गर्भवती के पंजीयन का दिनांक व मोबाइल नंबर, एचआरपी होने का कारण स्पष्ट रूप से अवश्य अंकित कराएं कि जांच चिकित्सकों द्वारा 15 दिवस के अन्दर की अनुपालन आख्या से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक में अवगत कराए। आशा बहुओं से संवेदनशीलता के साथ सभी संकेतकों/जांचों का संबंधित रजिस्टर पर सही-सही अंकन करवाएं, यदि आवश्यकता है तो नियमानुसार कार्ययोजना बनाकर जल्द से जल्द प्रशिक्षण भी कराए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस नौशीन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजीव नयन गिरि, सीएचओ अनूप कुमार, एएनएम रामश्री सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# भाकियू ने बैठक कर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने**



खागा (फ्तेहपुर)। विजयीपुर विकास खंड कार्यालय परिसर में भारतीय किसान टिकैत की मासिक बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के उपरान्त समस्या समाधान हेतु विकास खण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। विजयीपुर विकास खंड कार्यालय परिसर में बुधवार को भारतीय किसान टिकैट यूनियन की मासिक बैक की गयी। जिसमें क्षेत्रीय किसानों ने भाग लिया। जिसमें विजयीपुर क्षेत्र के निहालपुर गांव में चकमार्ग संख्या 187 और नाली संख्या 210 में अतिक्रमण है इन चकमार्गो व नली का अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की। किसानों के खेतों के ऊपर से गई हाइटेंशन लाइन को टाइट करने की गुहार लगाई तथा अन्ना जानवरों व बंदरों से परेशान किसानों ने समुचित व्यवस्था की बात कही। राजस्व से संबंधित जानवरों की समस्या का ज्ञापन विकास खंड अधिकारी रत्नाकर त्रिपाठी को दिया। मामले में नायब तहसीलदार ने जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। विकास खंड अधिकारी ने बताया कि सचिवों को भेज कर जांच करने के बाद कार्यवाही करने की बात कही है।

## प्रदर्शन के दौरान भाकियू ने सुनाई खरीखोटी

फ्तेहपुर। चुरियानी उपखंड अधिकारी रमाकांत के लापरवाही एवं तानाशाही रवैए के कारण बहुआ, दतौली, गाजीपुर एवं चुरियानी उपकेंद्र के पैंतीस हजार से अधिक उपभोक्ता परेशान है। अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऑफ्सि जाने पर उपखंड अधिकारी ऑफ्सि से गायब मिलते है, लोगों का आरोप है कि बिना सुविधा शुल्क के उपभोक्ताओं का कोई काम हो नहीं पाता। पैसे देने के बाद भी लोगों को हफ्तों भटकना पड़ता है। आम लोगों के प्रति उपखंड अधिकारी रवैया बिल्कुल तानाशाह की तरह है। इसी अधिकारी के कारण इन चार उपकेंद्र के उपभोक्ता लगातार बिजली कटौती एवं अन्य समस्याओं से जूझ रह है। शहर में भाकियू अराजनैतिक के धरने के दौरान सगंठन के तहसील अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने आलाधिकारियों के सामने रमाकांत कुमार को जमाकर खरीखोटी सुनाई लेकिन इस अधिकारी के सेहत पर कोई फ्र्क नहीं पड़ा। आज भी यह अपने ऑफ्सि डेढ़ बजे के बाद पहुंचे जिस कारण दर्जनों उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर उधर भटकना पड़ा। कल हुए धरने में दीपक गुप्ता और अन्य भाकियू कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को लुटेरा बताता हुए जमकर लताड़ लगाई, फ्रि भी अभी उपखंड अधिकारी की कार्यशैली में रत्ती भर फ्र्क न पड़ने से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में खासी नाराजगी व्याप्त है।

## प्रशासनिक आदेश वापस किंतु टोल प्लाजा संचालक ने बलात रोका स्टेट हाईवे

**- बहुआ, गाजीपुर-हिनौता मार्ग पर नहीं हो पा रहा भारी वाहनों का आवागमन**

**- एक नौकर शाह की भूमिका संदिग्ध, लोकल पुलिस का मौन समर्थन**

फ्तेहपुर। बहुआ, गाजीपुर-हिनौता स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित करने का आदेश तो प्रशासन ने वापस कर लिया है, किन्तु अब दसवाँ मील टोल प्लाजा संचालक के गुर्गे अस्थाई बैरिकेटिंग लगाकर खाली और लोडेड दोनों प्रकार के वाहनों को बलात रोक रहे हैं। इसमें लोकल पुलिस और कुछ एक संगठनों की भूमिका को भी आरोपित किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक़ इस पूरे खेल में एक नौकर शाह की भूमिका को लेकर भी चर्चाओं का बाज़ार गर्म है।

ज्ञातव्य रहे कि बांदा सागर रोड़ पर दसवाँ मील पर पिछले कई वर्षों से टोल प्लाजा अनाधिकृत रूप से संचालित हो रहा है। बताते हैं कि पूर्व में जब बांदा बाईपास शुरू हुआ था तब यह टोल प्लाजा अस्तित्व में आया था किंतु कुछ माह बाद ही कोराई रेलवे ब्रिज के क्षतिग्रस्त हो जाने पर इस बाईपास को तो पूरी तरह बंद कर दिया गया किन्तु धन बल और बाहुबल के चलते टोल प्लाजा आज भी चल रहा है, जिसके अवैध होने का उदाहरण है कि चार पहिया वाहनों से तो कोई शुल्क नहीं लिया जाता है किन्तु भारी वाहनों से निर्धारण से कहीं ज़्यादा की वसूली की जा रही हैं।

भरोसेमन्द सूत्रों की मानें तो उपरोक्त टोल प्लाजा का संचालन कर रही कंपनी ने ही बहुआ, गाजीपुर-हिनौता स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कराने का ताना-बाना बुना था, जिसमें स्थानीय एक एक नौकर शाह की भी अहम् भूमिका होने की बात कही जा रही हैं। डिप्टी सीएम केशव मौर्या से की गई शिकायत में इस नौकर शाह के नाम का ज़िक्र किया गया था। बाद में पेट्रोल पम्प संचालक यूनियन, ईट भट्ठा संचालक यूनियन, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और मोरम खदान संचालकों के दबाव में प्रशासन ने अपनी गर्दन फ़सते देख आनन फ़ानन में अपना आदेश तो वापस ले लिया लेकिन टोल प्लाजा संचालक ने बहुआ से हिनौता जाने वाले मार्ग पर बहुआ में लोकल पुलिस की अस्थाई पुलिस बैरीकेटिंग लगाकर अपने चार गुर्गे बैठा दिए हैं जो बलात ख़ाली एवं भरे वाहनों का आवा गमन रोक रहे हैं, जिसमें लोकल पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बताई जाती हैं। कुछ ट्रक चालकों ने बताया कि टोल प्लाजा संचालक के गुर्गो को लोकल पुलिस (बहुआ चौकी) का भी संरक्षण मिला हुआ है, जिससे भारी वाहनों को उपरोक्त मार्ग पर नहीं जाने दिया जा रहा है। ईट भट्ठा एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने पुनः कहा है कि इस अंधेरगर्दी को रोकने के लिए जरूरत पड़ी तो संयुक्त आंदोलन चलाया जाएगा और उच्च न्यायालय की भी शरण ली जाएगी। व्यवसाई वर्ग अचानक उपजी इस समस्या से काफ़ी परेशान है और किसी भी वख्त अप्रिय घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं।

## ट्रक की चपेट में आकर किशोरी की मौत

फ्तेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के मुक्तिरामपुर के समीप ट्रक की चपेट में आ जाने से 15 वर्षीय किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के गड़रियन पुरवा गांव निवासी बृजेश की पुत्री पल्लवी अपने परिवार सहित खागा किसी काम से आ रही थी। तभी मुक्तिरामपुर के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। जिसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

# नपाप चैयरमैन ने वाटर कूलर जनता को किया समर्पित

फ्तेहपुर। नगर पालिका परिषद परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्या द्वारा पटेल नगर चौराहा स्थित वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। चेयरमैन राजकुमार मौर्या ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ सभासद विनय तिवारी समेत अन्य सदस्यों द्वारा पटेल नगर चौराहे पर वाटर कूलर लगाए जाने का प्रस्ताव दिया गया था जिसके क्रम में उनके द्वारा शहरवासियों की समस्याओं को देखते हुए 15 वे राजवित्त से लगभग चार लाख रुपए की कीमत वाले वाटर कूलर को शहर के अत्यंत भीड़भाड़ वाले स्थान पटेल नगर चौराहे पर लगाया गया है। वरिष्ठ सभासद विनय तिवारी ने बताया कि अत्यंत व्यस्तम चौराहा होने के चलते बड़ी संख्या मे लोगों का आवागमन रहता है। वाटर कूलर लगने से राहगीरों व रिक्शा टैम्पो चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। वाटर कूलर प्लांट में एक हज़ार लीटर की पानी टंकी व लोहे का मजबूत शेड बनाया गया है। इस मौके पर सभासद विवेक नागर, संजय श्रीवास्तव, विवेक यादव, अतीश पासवान, राम सिंह पटेल, पवन द्विवेदी, दीपक




मौर्या, संतोष पटेल, गुड्डू यादव, जेई जलकल विजय कुमार आदि रहे।

## ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का आंदोलन जारी



फ्तेहपुर। विभिन्न चिट फंड कंपनियों में फ़्सा धन वापस कराने हेतु अधिकारियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए पिछले 277 दिनों से आंदोलित ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के सदस्यों ने फ्रि एक बार डीएम को संबोधित ज्ञापन उप ज़िलाधिकारी सदर को सौंपा और मांग किया कि भारत सरकार द्वारा बनाये गए क़ानून बड्स ऐक्ट 2019 के अंतर्गत ठगी पीड़ितों का प्राथमिकता से निस्तारण कराया जाए और ज़िले के मज़दूर, किसान एवं व्यापारियों आदि का करोड़ों रुपये जमा कराकर फ़्रार हुई कंपनियों के ख़िलाफ़कड़ी कार्यवाही कराकर भुगतान कराया जाए। चेतावनी दी गई कि अगर जल्द माँगे पूरी नहीं हुई तो रोड-चौराहे जाम करके प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से अमृत लाल, सतीश कुमार, चंद्रशेखर प्रजापति, राम भवन विश्वकर्मा, सुनील कुमार, सुमन देवी वैश्य आदि मौजूद रहे।

## प्रशिक्षु आईएएस ने राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र रमुवा पंथुवा का किया दौरा

फ्तेहपुर। प्रशिक्षु आईएएस नौशीन ने राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र/पौधशाला रमुवा पंथुवा व इकाई में स्थापित मिनी सेन्टर ऑफएक्सीलेन्स हाईटेक नर्सरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया एवं क्षेत्र प्रभारी सुनील कुमार, स0उ0नि0 व इकाई प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। चौरसिया द्वारा प्रशिक्षु अधिकारी को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया गया कि किसानों को बेहतर किस्म के रोग रहित सब्जियों के पौधे उपलब्ध कराने के लिए जनपद में एक हाईटेक नर्सरी राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र रमुवा पथुवा जिसका संचालन तीन नवंबर 2024 से नामित गंगा महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम पंथुवा विकास खण्ड हस्वा द्वारा किया जा रहा है। इसी कम में मनरेगा व उद्यान विभाग के कन्वर्जेन्स से जनपद की दूसरी हाईटेक नर्सरी कृषि विज्ञान केन्द्र थरियांव में स्थापित की गयी है, जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है एवं इसका संचालन गंगा महिला आजीविका स्वयं सहायता समूह थरियांव वि0ख0 हसवा द्वारा माह जून से किया जायेगा।

जनपद में 02 हाईटेक नर्सरी के संचालन से जनपद के शाकभाजी उत्पादक कृषकों को वर्ष में लगभग 25-30 लाख उच्च गुणवत्तायुक्त रोग रहित शाकभाजी पौध (मिर्च, टमाटर, बैगन, शिमला मिर्च, गोभी वर्गीय, कद्दूवर्गीय आदि) प्राप्त हो सकेंगी जिससे किसान शाकभाजी की अगेती फ्सल प्राप्त कर अधिक आय प्राप्त कर सकेगा। जनपद के इच्छुक कृषक खरीफमौसम की लतावर्गीय कुकुरविट्स हाइब्रिड शाकभाजी बेहन की दर 270 रूपए प्रति सैकड़ा की दर से यदि कृषक स्वयं बीज उपलब्ध कराते है तो 140 रूपए प्रति सैकड़ा की दर से तथा सोलेनियस कुसीफेरी (टमाटर फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन आदि) हाइब्रिड शाकभाजी बेहन की दर 200 रूपए प्रति सैकड़ा की दर से यदि कृषक स्वय बीज उपलब्ध कराते है तो 175 रूपए प्रति सैकड़ा की दर से अग्रिम बुकिंग करा सकते है।

## खबर एक नज़र

### भारत श्री से सम्मानित हुए दो एसआरजी, तीन शिक्षक

**- समाजसेवी सहित आधा दर्जन प्रतिभाओं ने जिले का बढ़ाया मान**

फ्तेहपुर। भव्या फाउंडेशन के तत्वावधान में कैंसर पीड़ितों और शारीरिक रूप से अक्षम और आटिज्म वर्रिएर्स बच्चों को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मलेन एवं भारत श्री सम्मान 2025 समारोह में जिले के तीन एसआरजी और दो शिक्षक तथा एक समाजसेवी को भारत श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी जगतपुरा जयपुर राजस्थान के कालिंदी ऑडिटोरियम में संपन्न किया गया था। फ्तेहपुर के कुल छह मेधावियों को भारत श्री सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया जिनमें एसआरजी जयचंद्र पांडेय, राधेश्याम दीक्षित, शिक्षक चम्पा शर्मा, रुचि सिंह तोमर, अंजेश कुमारी एवं एक समाजसेवी संयोगिता पांडेय शामिल हैं। दोनों एसआरजी को विभिन्न मंचों में बेसिक शिक्षा के उत्थान, निपुण भारत मिशन में जनपद को शीर्ष तक ले जाने में मुख्य भूमिका निभाने, मॉडुल लेखन, शैक्षिक नवाचार, शिक्षकों एवं बच्चों को राज्य परियोजना कार्यालय से निर्गत निर्देशों के अनुक्रम में पूर्ण परिचित कराने और गतिविधियों में सकारात्मक शैक्षिक परिवर्तन का वाहक बनाने में कृत संकल्पित होने के साथ साथ जनपद के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययन रत दिव्यांग बच्चों को समर्थ मॉडल में चिन्हित करते हुए विभिन्न सरकारी सुविधाओं से संपन्न कराने एवं शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ते हुए समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

इसी क्रम में कम्पोजिट विद्यालय मसवानी नगर क्षेत्र की चम्पा शर्मा, कम्पोजिट विद्यालय मुरादपुर की रुचि सिंह तोमर, कम्पोजिट विद्यालय जहनाबाद की अंजेश कुमारी को बेसिक शिक्षा में नित नये आयाम स्थापित करने, विद्यालयों को अग्रसर रखने, मूक बधिर एवं दिव्यांग बच्चों को बेसिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया। समाजसेवा, बालिका स्वरोजगार को प्रेरित करने एवं बालिकाओं तथा जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सिलाई कढ़ाई सीखने-सिखाने के साथ जरूरतमंद लोगों की मदद करने में अग्रसर रहकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए संयोगिता पांडेय को भारत श्री सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

### संदिग्ध हालत में विवाहिता की मायके में मौत

- ससुरालीजनों पर पिटाई का मढ़ा आरोप

फ्तेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुरांव अपने मायके आई 28 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अमहिया निवासी सुनील कुमार की पत्नी सीमा देवी दो दिन पूर्व अपने मायके मुरांव गांव आई थी। जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतका के पिता रामनरेश ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी तीन वर्ष पूर्व की थी। शादी के बाद से ही पति व ससुराल वाले उसे मारते-पीटते थे। पिता का कहना है कि उसका दामाद शराब पीने का आदी है। आए दिन नशे में धुत होकर घर आता था और किसी न किसी बात को लेकर उसे बुरी तरह मारता-पीटता था। दो दिन पहले भी पति ने उसे मारापीटा था। लखनऊ बाईपास से उसे वाहन में बैठाकर मायके के लिए भेज दिया था। उनका कहना है कि पति की पिटाई के कारण पुत्री के शरीर में चोट लगी थी। जिससे उसकी मौत हुई है। वहीं ससुरालीजनों का कहना है कि लगाए गए आरोप गलत है। सही सलामत वह दो दिन पूर्व ससुराल से घर गई थी। अब वहां क्या हुआ इसके बारे में वह कुछ नहीं जानते। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

### व्यापारियों ने राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

बिंदकी, (फ्तेहपुर)। व्यापारियों ने उमस भरी गर्मी में रोड किनारे काउंटर लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। जिसने भी ठंडा मीठा शरबत पिया उसको सुकून मिला। उनके मुख से व्यापारियों के लिए निकला जुग जुग जिया सदा सुखी रहो। नगर के मोहल्ला मुगल रोड में व्यापारियों द्वारा रोड किनारे एक काउंटर लगाकर राहगीरों को उमश भरी गर्मी में ठंडा मीठा शरबत पिलाया गया। इस मौके पर व्यापारी लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर, मोहम्मद इम्तियाज, अनूप गुप्ता उर्फ अन्नू, अनूप अग्रवाल, ताज सिद्दीकी, रिंकू तिवारी, शरद ओमर, कन्हैया ओमर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## बड़ी उपलब्धि

पिछले वित्त वर्ष में एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) में 14 प्रतिशत की वृद्धि से स्पष्ट है कि वैश्विक स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत निवेश का आकर्षक गंतव्य बना है। पिछले वित्त वर्ष में एफडीआई बढ़कर 81.04 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में प्राप्त 71.28 अरब डॉलर की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक रहा। यह पिछले तीन साल का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक एफडीआई सेवा क्षेत्र में आया, जिसे कुल एफडीआई का 19 फीसदी मिला और यह 2023-24 के 6.64 अरब डॉलर से 40.77 फीसदी बढ़कर 9.35 अरब डॉलर हो गया। उसके बाद कंप्यूटर सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर (16 फीसदी) तथा ट्रेडिंग (आठ प्रतिशत) का स्थान रहा। मैन्युफैक्चरिंग, यानी विनिर्माण क्षेत्र में भी एफडीआई 2023-24 के 16.12 अरब डॉलर से 18 फीसदी बढ़कर 2024-25 में 19.04 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जहां तक राज्यों की बात है, तो सबसे सबसे ज्यादा एफडीआई महाराष्ट्र के हिस्से में (39 फीसदी) गया। फिर कर्नाटक (13 फीसदी) व दिल्ली (12 प्रतिशत) का स्थान रहा। जबकि इस अवधि में सबसे ज्यादा एफडीआई सिंगापुर (19 प्रतिशत) से आया। लगातार सातवें साल सिंगापुर से सर्वाधिक निवेश आया। दरअसल, भारत और सिंगापुर के बीच दोहरा कराधान बचाव संधि के कारण सिंगापुर के संगठनों को भारत में निवेश करने में मदद मिलती है और भारत से कमाई पर उनके कुल कर का बोझ भी कम होता है। वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में मजबूत स्थिति, बेहतर द्विपक्षीय संबंध और वैश्विक निजी इक्विटी तथा उद्यम पूंजी निवेश का गेटवे होने के कारण सिंगापुर भारत के लिए एफडीआइ का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है। सिंगापुर के बाद मॉरीशस (17 फीसदी) और अमेरिका (11 फीसदी) का स्थान रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, निवेशकों के अनुरूप तैयार की गयी नीतियों के कारण पिछले कुछ वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश काफी बढ़ा है. रक्षा, बीमा और पेंशन जैसे क्षेत्रों में एफडीआइ सीमा में वृद्धि तथा एकल ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए लागू उदार नीतियों से तस्वीर बदली है. यही नहीं, एफडीआइ के लिए स्रोत देशों की संख्या वित्त वर्ष 2013-14 में 89 थी, जो 2023-24 में बढ़कर 112 हो गयी. यह निवेश गंतव्य के रूप में भारत के प्रति बढ़ते आकर्षण के बारे में बताता है। जाहिर है कि यह एक बड़ी उपलब्धि है।

## हेठी और जाम

यूपी की राजधानी और विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा लखनऊ में सड़कों पर जाम लगना एक स्थाई भाव हो गया है। सुबह नौ बजे से देर शाम तक इन पर आना-जाना बराबर मुश्किल रहता है। समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभाग और उनके मुखिया लगातार कमर कसते हैं, बैठकों से लेकर आदेश-निर्देश पारित करने तक की तमाम कार्रवाइयां होती हैं लेकिन हालत जस की तस बनी रहती है। अब अगर मान भी लिया जाए कि आम दिनों में यह हाल रहेगा ही, तो कम से कम इतनी सावधानी बरतनी ही चाहिए कि खास पर्वों व त्योहारों पर इसे और गंभीर होने से रोकने के उपाय किए जाएं। जैसे इस मंगलवार चौथा बड़ा मंगल होने के कारण उत्साहित श्रद्धालओं ने शहर में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया था। जिस उत्साह से भंडारे लगे थे, उसी आस्था से प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों की भीड़ भी जुटी। यह स्थिति पूरे शहर में थी और इसमें कुछ गलत भी नहीं था। लेकिन समस्या तब खड़ी हुई जब तमाम चार पहिया व दोपहिया वाहन सवार प्रसाद लेने के लिए अपने वाहनों से उतरे तो उन्हें इस तरह से खड़ा किया कि सड़क पर आवागमन का रास्ता पूरी तरह से रुक गया। यदि वे थोड़ा संयम और धैर्य बरतते हुए वाहनों को सड़क के रास्ते से हट कर खड़ा करते तो कोई आफत नहीं टूट जाती और रास्ता भी सुचारु रूप से चलता रहता। लेकिन ऐसा करने में शायद उन्हें अपनी हेठी महसूस हुई। नतीजा यह हुआ कि शहर भर में जाम लगने और वाहनों के रेंगने और कहीं-कहीं तो देर तक खड़े रहने का दृश्य आम हो गया। हालांकि ट्रैफिक पुलिस को इसका पहले से ही अनुमान लगाकर गाड़ियां खड़ी किए जाने के बारे में पूरी सख्ती बरतनी चाहिए थी और वह इसे नहीं कर पाई लेकिन उससे भी ज्यादा दोष वाहन सवारों का ही था जो जानते समझते हुए भी एक सामान्य नियम का पालन करने के लिए तैयार नहीं थे। यह हफ्ते में एक दिन की बात थी तो आई-गई हो गई लेकिन शहर में आएदिन की इसी समस्या का कारण खासतौर पर वाहन चालक ही हैं जिनके बारे में पुलिस-प्रशासन को और सख्त कदम उठाने होंगे।

# 'राम', भारत का एक शाश्वत सत्य

भारत में राम और रामायण केवल एक पौराणिक नाम या महाकाव्य नहीं है, यह एक जीवंत कथा है, जिसने सहस्राब्दियों से भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य को गहराई से आकार दिया है। इसकी कालातीत अपील पीढ़ियों से इसकी निरंतर



– विश्वदेव राव

पुनर्व्याख्या में निहित है, जो समकालीन चुनौतियों के अनुकूल है और नई प्रासंगिकता प्रदान करती है। पिछले दो हजार वर्षों से दक्षिण एशिया के सबसे महत्वपूर्ण साहित्यिक और मौखिक ग्रंथों में से एक रही है। यह महाकाव्य भारतीय संस्कृति के कई पहलुओं में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है और आधुनिक भारत की राजनीति, धर्म और कला को लगातार प्रभावित करता है। यह उन ग्रंथों के विपरीत है जो केवल विद्वानों या अभिजात वर्ग तक सीमित रहते हैं। रामायण के नायक श्री राम की जमीनी स्तर पर व्यापक पहुँच इसको प्रदर्शित करती है। इस महाकाव्य का प्रभाव भारतीय जीवन के विभिन्न पहलुओं में स्पष्ट है। खजुराहो और हम्पी जैसे प्राचीन मंदिरों में जटिल नक्काशी और मूर्तियां, महाकाव्य के दृश्यों को दर्शाती हैं। अजंता और एलोरा की गुफाओं में बने भित्तिचित्र इसकी कथाओं को और चित्रित करते हैं। लघु चित्रकलाएँ, विशेष रूप से मुगल और राजपूत शैलियों में, महाकाव्य के सार को दर्शाती हैं। भरतनाट्यम, कथाकली और ओडिसी जैसे शास्त्रीय नृत्य रूप अक्सर महाकाव्य को चित्रित करते हैं। वे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जैसे पात्रों की भावनाओं और वीरता को व्यक्त करते हैं। भारत में राम को केवल, एक पौराणिक आकृति के रूप में नहीं, अपितु एक गहन दार्शनिक और आध्यात्मिक आदर्श के रूप में देखा गया है। राम की व्याख्या और उनका अपने जीवन पर पड़े प्रभाव को महात्मा गाँधी, विनोदा भावे, राममनोहर लोहिया सहित कई विद्वानों ने साझा किया है।

महात्मा गांधी, राम को सत्य के अवतार और 'शाश्वत, अजन्मा, अद्वितीय' ईश्वर के रूप में देखते थे। उनका कहना था कि राम को सिर्फ दशरथ के पुत्र एवं ऐतिहासिक आकृति तक सीमित नहीं रखना चाहिये। उन्होंने राम को सार्वभौमिक और धार्मिक सीमाओं से परे 'सभी के लिए समान रूप से संबंधित' माना था। गाँधीजी का मानना था कि राम नाम किसी एक धर्म तक सिमित नहीं है। गांधीजी, राम को एक विशिष्ट हिंदू देवता की तरह नहीं अपितु, 'सत्य' और 'ईश्वर' के सार्वभौमिक अवतार के रूप में देखते थे। राम के चरित्र को वे रूपांतरण, अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और अहिंसा के अपने राजनीतिक दर्शन का सिद्धांत मानते थे।

उनकी इस पुनर्व्याख्या का उद्देश्य राम को एक सांप्रदायिक प्रतीक के रूप में विराजनीतिकरण करना और उन्हें एक नैतिक आदर्श के रूप में ऊपर उठाना था। गांधीजी ने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनके राम ऐतिहासिक नहीं थे, बल्कि 'शाश्वत' थे और 'सभी के लिए समान रूप से संबंधित' थे। राम को सत्य का पर्याय बनाकर, गांधीजी ने अपने राजनीतिक आंदोलन (सत्याग्रह) को एक आध्यात्मिक आधार प्रदान किया था, जो हिंदू अनुयायियों से परे अपील कर सकता था। उद्देश्य स्पष्ट था, औपनिवेशिक शासन के खिलाफ व्यापक राष्ट्रीय एकता प्राप्त करना था। उन्होंने मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों का दौरा न करने का ध्यान रखा, लेकिन उन हिंदू प्रतीकों का उपयोग किया जिनमें वे पैदा हुए थे। सच्चे लोकतंत्र और धार्मिक शासन के आदर्श के रूप में गांधीजी ने 'रामराज्य' को 'हिंदू राज' के रूप में नहीं, बल्कि 'एक दिव्य राज, ईश्वर के राज्य' के रूप में परिकल्पित किया था, जहाँ 'राम और रहीम एक ही देवता हैं'। गांधीजी ने कुशलता से एक धार्मिक अवधारणा को स्वतंत्र भारत में एक व्यापक राजनीतिक सहमति बनाने का प्रयास किया था। उनकी कोशिश थी की, 'राम' जो एक सांस्कृतिक रूप से प्रतिध्वनित होने वाला शब्द है, उसे एक आधुनिक राजनीतिक आदर्श को व्यक्त करने के लिए भी उपयोग किया जा सकता है। गहन आध्यात्मिक और व्यावहारिक ज्ञानी, विनोबा भावे, गांधी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे, उन्होंने राम और रामचरितमानस को एक गहन पाठ माना। जिसे उन्होंने प्रसिद्ध रूप से 'बाइबिल और शेक्सपियर का संयोजन' कहा था। सिवनी जेल में जे0 सी0 कुमारप्पा को दिया गया यह उद्धरण इसके दोहरे महत्व को उजागर करता है: 'आध्यात्मिक गहराई (बाइबिल) और साहित्यिक समृद्धि/ मानवीय अंतर्दृष्टि (शेक्सपियर)'। उन्होंने रामायण और महाभारत के पात्रों को भारतीय जीवन में गहराई से समासमाये हुए देखा था, जो दुनिया के किसी भी अन्य क्लासिक (ग्रंथ) से कहीं अधिक था। उनकी बाइबिल और शेक्सपियर के संयोजन की उपमा रामचरितमानस को न केवल एक धार्मिक ग्रंथ से परे करती है, यह मानव आचरण और एक



साहित्यिक कृति के लिए एक व्यापक मार्गदर्शक के रूप में भी ऊपर उठाती है। राम का नैतिक दर्शन, मनोवैज्ञानिक गहराई और सौंदर्य मूल्य, सामाजिक परिवर्तन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन जाता है। वहीं राममनोहर लोहिया ने राम को मुख्य रूप से एक धार्मिक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी के लिए एक व्यावहारिक आदर्श के रूप में देखा था। लोहिया को राम की कहानी मानवीय प्रयासों के हर पहलू के लिए उदाहरण प्रदान करती है। लोहिया के लिए, राम के ऐतिहासिक अस्तित्व का प्रश्न 'अप्रासंगिक' था। उनका मानना था कि कहानी की शक्ति पीढ़ियों के दिमाग में इसके उत्कीर्ण होने में निहित है, जिसे लगातार कवियों और लाखों लोगों द्वारा परिष्कृत किया गया है। लोहिया ने राम को केवल एक धार्मिक प्रतीक के बजाय 'व्यावहारिक आदर्श' के रूप में देखा। व्याख्या, सांस्कृतिक विरासत के प्रति एक धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण एवं ऐतिहासिक शाब्दिकवाद और धार्मिक हठधर्मिता पर जोर कम करके, उन्होंने राम की कथा को आधुनिक भारत के लिए सार्वभौमिक नैतिक और व्यवहारिक मार्गदर्शन का स्रोत माना था। जो एक विविध और स्वतंत्रता के बाद के भारतीय समाज के लिए उपयुक्त था। लोहिया कहते थे कि राम का ऐतिहासिक अस्तित्व 'अप्रासंगिक' है और उसका प्रभाव 'उनके जीवन के हर पहलू' के कारण है, जो एक कार्यात्मक व्याख्या की ओर इशारा करता है। लोहिया ने राम को एक नैतिक और सामाजिक खाके के रूप में उसकी व्यावहारिक उपयोगिता को समझा था। यह सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक सुधार के लिए लागू सार्वभौमिक शिक्षाओं को निकालने की उनकी व्यापक समाजवादी और स्थापना-विरोधी विचारों के अनुरूप था। लोहिया के चित्रकूट में 'रामायण मेला' की कल्पना का उद्देश्य भारतीय भाषाओं को करीब लाना, नदियों को साफ करना, तीर्थ स्थलों की रक्षा करना और हाशिए पर पड़े समुदायों को एकीकृत करना था। उन्होंने एम.एफ. हुसैन को रामायण पर आधारित लगभग 100 पेंटिंग बनाने का काम भी सौंपा था।आज भाषाई सद्भाव के लिए रामायण की लोकप्रिय अपील का उपयोग करने का प्रयास होना चाहिये। राम को हमेशा धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक माना गया है, जिससे वह एक गणराज्य में राजनीतिक नेताओं के लिए एक मॉडल बन जाते हैं, न कि एक निर्विवाद दिव्य शासक। यह समकालीन राजनीतिक हस्तियों की सूक्ष्म आलोचना के रूप में भी कार्य करता है जो अपने अधिकार का अतिक्रमण कर सकते हैं।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

जिस तरह अंधेरे मैदान में मशाल की रोशनी अंधेरे में और भी अथाह कर देती है, उसी तरह रानी की मुस्कराहट उसके मन के अधा दुःख को और भी प्रकट कर रही थी।

जुझारसिंह के चले जाने बाद हरदौलसिंह राज करने लगा। थोड़े ही दिनों में उसके न्याय और प्रजावात्सल्य ने प्रजा का मन हर लिया। लोग जुझारसिंह को भूल गये। जुझारसिंह के शत्रु भी थे और मित्र भी; पर हरदौलसिंह का कोई शत्रु न था, सब मित्र ही थे। वह ऐसा हंसमुख और मधुभाषी था कि उससे जो बातें कर लेता, वही जीवन भर उसका भक्त बना रहता। राज भर में ऐसा कोई न था जो उसके पास तक न पहुंच सकता हो। रात-दिन उसके दरबार का फाटक सबके लिए खुला रहता था। ओरछे को कभी ऐसा सर्वप्रिय राजा नसीब न हुआ था। वह उदार था, न्यायी था, विद्या और गुण का ग्राहक था; पर सबसे बड़ा गुण जो उसमें था, वह उसकी वीरता थी। उसका वह गुण हद दर्जे को पहुंच गया था। जिस जाति के जीवन का अवलम्ब तलवार पर है, वह अपने राजा के किसी गुण पर इतना नहीं रीझती जितना उसकी वीरता पर। हरदौल अपने गुण से अपनी प्रजा के मन का भी राजा हो गया, जो मुल्क और माल पर राज करने से भी कठिन है। इस प्रकार एक वर्ष बीत गया। उधर दक्खिन में जुझारसिंह ने अपने प्रबंध से चारों ओर शाही दबदबा जमा दिया, इधर ओरछे में हरदौल ने प्रजा पर मोहन-मंत्र फूंक दिया।

फाल्गुन का महीना था, अबीर और गुलाल से जमीन लाल हो रही थी। कामदेव का प्रभाव लोगों को भड़का रहा था। रबी ने खेतों में सुनहला फर्श बिछा रखा था और खलिहानों में सुनहले महल उठा दिये थे। संतोष इस सुनहले फर्श पर इठलाता फिरता था और निश्चितता इस सुनहले महल में तानें अलाप रही थी। इन्हीं दिनों दिल्ली का नामवर फेकैत कादिरखां ओरछे आया। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अधमा: धनमिच्छन्ति धनमानौ च मध्यमा:।**
**भक्षयित्वाअपि कर्त्तव्या: स्नानदानादिका: क्रिया:।।**

गन्ना या गन्ने का रस, पानी, दूध, जड़ी-बूटी, पान, फल व औषध का सेवन करने के उपरान्त सन्ध्या-पूजन तथा दानादि कर्म किये जा सकते हैं, इनके सेवन से व्यक्ति को अपने को स्नान आदि से शुद्ध नहीं करना पड़ता।

♦♦♦

# अवांछित तत्वों के कारण असुरक्षित होता यातायात

हमारे देश में रेलगाड़ियों व बसों को आम यात्रियों के मुख्य यातायात के साधन के रूप में देखा जाता है। देश के अधिकांश यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के लिये प्रायः इन्हीं साधनों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्र सरकार जहाँ



– निर्मल रानी

यात्रियों की सुविधाओं के लिये समय समय पर नई,आधुनिक व तीव्र गामी रेलगाड़ियां संचालित करती रहती है वहीं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी जनता की सुविधा के लिये बसों के नये बेड़े शामिल करने की ख़बरें आती रहती हैं। परन्तु यात्रियों के आवागमन को सुचारु बनाने की इन कोशिशों के बीच सरकार का ध्यान शायद यात्रियों व उनके सामानों की सुरक्षा पर नहीं पहुँच पाता। यह त्रासदी भी केवल सामान्य, मेल-एक्सप्रेस ट्रेन्स व सामान्य बसों की ही है, जबकि वनदे भारत व शताब्दी जैसी रेलगाड़ियां व वाल्वो सेवा जैसी अन्य मंहगी बस सेवाओं में बेशक यात्रियों की सुरक्षा काफ़ी हद तक बनी रहती है। अधिक किराया वसूलने वाले यातायात के इन माध्यमों में अवांछित लोगों को घुसने ही नहीं दिया जाता। जबकि ठीक इसके विपरीत सामान्य व मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में व सरकारी व ग़ैर सरकारी निजी बसों में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप में घुस सकता है और वह अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ यात्रियों की चिंताओं को बढ़ा सकता है या उन्हें परेशानी में डाल सकता है।

यदि हम ट्रेन की बात करें तो भीख मांगने वालों से लेकर भगवा वस्त्र धारण किये लाखों लोग रोज़ाना बिना टिकट के ट्रेन्स में यात्रा करते हैं। गोया इन्होंने भगवा वस्त्र को ट्रेन यात्रा का फ़्री पास समझ रखा है। यह केवल यात्रा ही नहीं करते बल्कि टिकटधारी यात्रियों के लिये बड़ी सिरदर्दी का कारक भी बनते हैं। चलती ट्रेन में गेट पर बैठे रहना तो गोया इनकी आदत में शामिल है ही, इसके अलावा ट्रेन में बीड़ी सिगरेट यहाँ तक कि शराब भी पीते हैं,वाशरूम में गंदगी फैलाते हैं। कोई इन्हें रोकने टोकने वाला नहीं। यदि कोई यात्री इनकी हरकतों पर इन्हें टोके तो यह अवांछित यात्री उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाते हैं। इसी तरह भिखारी, हिजड़े, अनिधकृत वेंडर्स आदि सभी को मुफ़्त रेल यात्रा की खुली छूट मिली हुई है। कोई कान फोडू गीत संगीत सुनाकर पैसे वसूलता है तो कोई हिजड़ा मुंह पर तालियां ठोक कर पैसे मांगता है। पैसे न देने पर तो यह किसी किसी यात्रियों को थप्पड़ भी जड़ देते हैं। यदि आप यू पी और बिहार की ओर ट्रेन यात्रा करें तो इस रुट पर भी अनेक महिलाएं व हिजड़े पैसे मांगते नज़र आ जायेंगे।

इसी तरह ट्रेन में कोई व्यक्ति किसी जवान लड़की को साथ लेकर उस लड़की के ब्याह के लिये कन्यादान के रूप में पैसे वसूलने को अपना धंधा बनाये हुए है तो कोई नक़ली अँधा व अपाहिज बनकर पैसे मांगता फिरता है तो कोई झाड़ू लेकर सफ़ाई करने के बहाने यात्रियों से पैसे मांगता है। और इन्हीं अवांछित तत्वों में से कोई भी नज़र बचते ही किसी यात्री का सामान लेकर चंपत हो जाता है। तो कोई किसी यात्री को ज़हरखुरानी का शिकार बनाकर उसका सामान भी लूट ले जाता है और उसकी जेबें भी ख़ाली कर जाता है। इसतरह के अवांछित नेटवर्क से जुड़े अधिकांश लोग नशे के आदी होते हैं और यात्रियों से पैसे लूट या वसूलकर जुआ व नशे जैसे व्यसन करते हैं। देश के अनेक बड़े व माध्यम श्रेणी के रेल स्टेशंस पर इन्हें सक्रिय देखा जा सकता है। परन्तु आष्चर्य है कि आम लोगों को तो यह सब नज़र आता है परन्तु सरकार व रेल यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित अमले को यह सब दिखाई नहीं देता? हद तो यह है कि टिकट निरीक्षक जोकि आम इज़्ज़तदार यात्रियों के पास किसी कारणवश टिकट न होने या उपयुक्त टिकट न होने पर उसे अपमानित करने पर उतारू हो जाता है या उसपर जुर्माना ठोक देता है अथवा ट्रेन से नीचे उतरने हेतु उसे बाध्य कर देता है उस टिकट निरीक्षक को भी बेटिकट यात्रा करने व यात्रियों की सुरक्षा हेतु ख़तरा बनने वाले ऐसे संदिग्ध व अवांछित तत्व नज़र नहीं आते? इसी तरह बसों में भी जहाँ कुछ मेहनतकश लोग पानी, ठंडा,नारियल, कंघी आदि दैनिक उपभोग या खाने पीने की अनेक सामग्रियां बेचकर अपना पेट पालते हैं वहीं इसमें भी कई भिखारी





यात्रियों के सर पर कहीं डफ़ली बजाकर पैसे वसूलता है तो कहीं कोई हिजड़ा बसों में घुसकर मुफ़्त यात्रा करते करते लोगों से तालियां बजा बजाकर पैसे मांगता है। यदि आप चंडीगढ़ रुट पर बसों में यात्रा करें तो यह दृश्य आपको अनेक सरकारी व निजी बसों में देखने को मिलेगा। आश्चर्य है कि ड्राइवर कंडक्टर भी इन्हें नीचे नहीं उतारते। धप्पर टोल पर तो कभी कभी हिजड़ों का पूरा झुण्ड सभी लेन्स पर डटकर खड़ा हो जाता है और बसों ही नहीं बल्कि कारों के भी शीशे पीट पीटकर शीशा खोलने को विवश करता है और पैसे वसूलता है। इस तरह के अवांछित लोगों से व इनकी हरकतों से सभी वाक़िफ़ हैं परन्तु न ही इन्हें कोई नियंत्रित करने वाला है न ही किसी को यात्रियों की सुरक्षा व मान सम्मान की चिंता है। यही वजह है कि इनकी न केवल संख्या बढ़ती जा रही है बल्कि इनके हौसले भी बुलंद होते जा रहे हैं।

सरकार की ओर से देश की छवि चमकाने की तरह तरह की बातें की जाती हैं। कभी विश्व गुरु बनने का डंका पीटा जाता है तो कभी 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन देने का दावा करने वाली इसी सरकार द्वारा ही भारत के विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की बातें की जाती हैं। परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि आज भी इस देश में आम यात्री ट्रेन व बसों में सुरक्षित नहीं है। वह बेफ़िक्र होकर अपनी यात्रा नहीं कर सकता। कहना ग़लत नहीं होगा कि अवांछित तत्वों तथा सरकार द्वारा इनकी अनदेखी किये जाने के कारण देश की सामान्य यातायात व्यवस्था पूरी तरह से असुरक्षित है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अग्निवीरों के लिये यूपी पुलिस में विशेष आरक्षण**
थानों की कमाई बढ़ेगी या खत्म हो जायेगी?

**आतंकी संगठनों से रिश्ते में तीन कश्मीरी बर्खास्त**
बड़ी मछलियां किसी जाल में नहीं फंसती हैं!

**पाकिस्तान ने आठ घंटों में टेके घुटने-सीडीएस**
धूर्त लोग संकटकाल देखकर विनम्र हो जाते हैं!

**यूपी के जिला अस्पतालों में अब मुफ्त सीटी स्कैन**
केजीएमयू में सुविधा शुल्क की परंपरा जारी है!

**दिव्यांगों से दुर्व्यवहार पर सख्त कार्रवाई - मंत्री**
बिना दौड़ाये प्रमाणपत्र भी नहीं मिलता हुजूर!

**गंदगी देखकर चढ़ा अपर नगर आयुक्त का पारा**
अभी तो मानसूनी रंगतें देखनी है लखनऊ को!

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग

एक विद्यार्थी बड़ी कड़ी मेहनत करता था। रात को देर तक दीपक के प्रकाश में पढता रहता, अगर तेज नींद लगती तो थोड़ी देर आराम करता फिर पढ़ने लग जाता, उसके श्रम को देखकर विद्या की देवी प्रसन्न होकर उसके सामने उपस्थित हुई। विद्यार्थी ने उन्हें प्रणाम किया। देवी ने पूछा क्या तुमने मुझे पहचान लिया ?

विद्यार्थी बोला हाँ में चिन्हों से पहचान गया कि आप देवी सरस्वती हो।

देवी बोली तुम्हारे लगन और श्रम से मै बहुत प्रसन्न हूँ। तुम्हे सारी विद्याएं देना चाहती हूँ। बड़ी खुशी की बात थी परन्तु विद्यार्थी ने सर हिलाकर मना कर दिया, उसने कहा माँ मुझे नहीं चाहिए, मुझे अभी पात्रता नहीं है। पात्रता के बिना विद्या लूंगा तो उसका सदुपयोग होगा।

## मनोबल

वह पात्रता मेरी तपस्या मेरी साधना और मेरी लगन से ही मुझमे आएगी।

अपात्रता की स्थति में ढेर सारी विद्याओं को लेकर मैं उसका तिरस्कार और अपमान करना नहीं चाहता। देवी बोली विद्यार्थी मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ। मैं तुम्हे कुछ देना चाहती हूँ, बोलो तुम क्या चाहते हो। विद्यार्थी बोला माँ, तुम देना ही चाहती हो तो मुझे वरदान दो।

विद्या प्राप्ति के मार्ग में आने वाले कष्टों से मैं विचलित ना होऊं। इससे बड़ा दुनिया में कोई वरदान नहीं है। इस दुनिया में कोई भी प्राणी जन्म ले और उसे कष्ट ना हो। यह कभी संभव नहीं हो सकता, समझदारी इसी में है कि अपने कष्टों से विचलित ना हुआ जाये। लगन, विश्वास, धैर्य, हिम्मत हो तो प्रत्येक संघर्ष में सफलता जरूर मिलती है।

## आपका पत्र मिला

### ऑपरेशन सिंदूर : भारत की एकजुटता का प्रतीक

ऑपरेशन सिंदूर भारत के विकासशील राष्ट्रीय सिद्धांत की एक ऐतिहासिक घटना बनकर उभरा है। इसने भारत की उस छवि को सशक्त किया है जहां ताकत और धर्म, साहस और शांति, परंपरा और आधुनिकता का अनूठा संतुलन दिखाई देता है। जब यह ऑपरेशन हुआ, तब 140 करोड़ भारतीयों ने जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और वर्ग की सीमाएं भुला दीं और एक स्वर में आतंकवाद के विरुद्ध खड़े हो गए।

यह भारत की समावेशी राजनीति का एक नया युग था, जहां राष्ट्रहित सर्वोपरि था। आज देश का हर नागरिक, ग्रामीण हो या शहरी, छात्र हो या सैनिक, एक नए आत्मविश्वास से भरा है। यह आत्मविश्वास न तो अंधराष्ट्रवाद है और न ही डर से उपजा हुआ है, बल्कि यह आत्मगौरव से प्रेरित है। भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं देता, वह खतरों को पहले पहचानता है और गरिमा के साथ उनका सामना करता है।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह न तो परमाणु धमकियों से डरता है, न ही दबावों में झुकता है। दुनिया आज भारत की इस एकजुटता और जागरूकता से चकित है।

जैसे पांचों अंगुलियां मिलकर मुठ्ठी बनती हैं, वैसे ही भारत की 145 करोड़ जनता ने एकसाथ आकर शक्ति का ऐसा तूफान खड़ा किया, जिससे चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे विरोधी देशों को स्पष्ट संकेत मिल चुका है।

भारत की ओर उठी हर बुरी नजर अब उनके लिए आत्मघाती सिद्ध हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह भारत की चेतना, एकता और आत्मबल का घोष है एक ऐसे राष्ट्र का जो अब न केवल इतिहास रच रहा है, बल्कि भविष्य को भी नए रंग दे रहा है।

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# बकरीद पर दिखना है खूबसूरत तो इन अभिनेत्रियों से लें टिप्स

हर साल की तरह इस साल ईद उल-अजहा यानी की बकरीद का त्योहार 7 जून को मनाया जाएगा। ये दिन मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए बेहद खास होता है। इस त्योहार पर घर से लेकर बाजारों तक में रौनक लगी रहती है। घर की महिलाएं खूब तैयारी करती हैं। त्योहार कोई भी हो, महिलाओं को तो तैयार होने का मौका चाहिए होता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप अपने लुक को क्लासी और खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आपको बस इस लेख को अंत तक पढ़ना है।



### दीपिका कक्कड़

जिन महिलाओं की नयी-नयी शादी हुई है, वो बकरीद पर कुछ हैवी आउटफिट ही पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में आप दीपिका कक्कड़ के जैसा एकदम लाइट गुलाबी रंग अनारकली गाउन भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट के साथ भी मैचिंग ज्वेलरी पहनें और अपने मेकअप को भी सटल सा ही रखें, ताकि आपका आउटफिट निखकर सामने आए।

### जन्नत जुबैर

कुछ हैवी पहनने का मन है तो जन्नत जुबैर के जैसा पारंपरिक लाल और गोल्डन रंग का फ्लोर लेंथ अनारकली सूट कैरी करें। इस तरह का सूट देखने में अच्छा लगता है। इसके साथ गले में हैवी ज्वेलरी पहनें। इस तरह के आउटफिट के साथ हैवी और मैचिंग ज्वेलरी ही अच्छी लगती है।

### हिना खान

कुछ अलग और हटकर कैरी करना चाहती हैं तो हिना खान के जैसा को-ऑर्ड सेट कैरी करें। ऐसा को-ऑर्ड सेट आपके लुक को क्लासी दिखाएगा, और उसके साथ आप कंफर्टेबल भी रहेंगी। यदि आपके बाल छोटे हैं तो हिना के जैसे ही बालों को स्टाइल करें, यदि बाल लंबे हैं तो भी उन्हें खुला ही रखें।

### अशनूर कौर

गरारा सूट यदि आप कैरी करना चाहती हैं अशनूर कौर के लुक से टिप्स लें। इस तरह का गरारा सूट आसानी से हर जगह मिल भी जाता है। आप इसे लास्ट टाइम भी खरीद सकती हैं। यदि ऐसा सूट कैरी कर रही हैं तो आंखों पर चशमा लगाकर अपना स्टाइल दिखाएं। इसके साथ अपने बालों को खउला छोड़ें और मेकअप लाइट ही रखें।

### मृणाल ठाकुर

कुछ अलग सा पहनने का मन है तो मृणाल ठाकुर के इस लुक से टिप्स लें। ऐसा फ्लोरल लेंथ अनारकली आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देगा। इस तरह के आउटफिट को कैरी कर रही हैं तो बालों में बीच की मांग निकालकर उन्हें सॉफ्ट कर्ल करें। सॉफ्ट कर्ल से आपका लुक अच्छा दिखेगा। इसके साथ दुपट्टा अवश्य कैरी करें, ताकि आपका लुक सादगी भरा लगे।

### माधुरी दीक्षित

कुछ अलग और हटकर पहनने का विचार कर रही हैं तो ऐसा इंडो वेस्टर्न आउटफिट भी आपकी खूबसूरती में चार चांद बढ़ा देगा। इसे पहनने के बाद आप काफी कंफर्टेबल भी रहेंगी। ऐसे आउटफिट के साथ बाल खुले ही अच्छे लगते हैं। इसलिए अपने बालों को खुला ही रखें।

# गर्मी में करना है मेकअप तो रखें कुछ बातों का ध्यान



गर्मियों में आपको त्वचा से जुड़ी कई तरह की परेशानियां होती हैं। ऐसे में हैवी मेकअप और उसके तत्व आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस समय हमारी त्वचा अधिक संवेदनशील होती है और मेकअप के तत्व इसे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे आपको कील-मुंहासे, दाने या स्किन एलर्जी का सामना भी करना पड़ सकता है।

**फाउंडेशन :** महिलाएं अक्सर अपने मेकअप में फाउंडेशन का अधिक उपयोग करती हैं, लेकिन गर्मियों में हाई कवरेज फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से यह पसीने के साथ बह सकता है।

कभी-कभी अधिक पसीने के कारण भी यह फाउंडेशन आपके चेहरे पर दिखने लगता है। गर्मियों में हाई कवरेज फाउंडेशन चेहरे को अधिक सफेद बना सकता है, जिस वजह से आपका मेकअप लुक भद्दा दिखने लगता है, साथ ही आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**मॉइश्चराइजर :** इस समय आप हैवी मॉइश्चराइजर लगाने से भी बचें, क्योंकि इससे आपकी त्वचा ऑयली हो जाएगी और चिपचिपी नजर आएगी। बेहतर होगा कि आप लाइट मॉइश्चराइजर का चुनाव करें। आप चाहें तो वाटर बेस्ड प्रॉडक्ट का इस्तेमाल भी कर सकती हैं, जो कि ऑयली स्किन को हाइड्रेट रखने का काम करता है।

**सनस्क्रीन :** इस मौसम में, खासकर धूप में बिना सनस्क्रीन लगाए बाहर नहीं निकलना चाहिए, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि आपकी सनस्क्रीन लाइट ही हो। सर्दियों में इस्तेमाल होने वाली सनस्क्रीन को रिप्लेस कर अब आप गर्मियों के लिए लाइट सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें, जो वॉटर बेस्ड हो। ग्रीसी और हैवी सनस्क्रीन का उपयोग करने से आपकी त्वचा सांस नहीं ले पाएगी, जिसकी वजह से मुंहासे और अन्य समस्याएं शुरू हो सकती हैं।

**नाइट मास्क :** सर्दियों के मौसम में महिलाओं के बीच नाइट मास्क लगाने का क्रेज काफी लोकप्रिय रहा है। इसके लिए महिलाएं अपने चेहरे पर हैवी नाइट क्रीम मास्क लगाती हैं, जिससे त्वचा मॉइश्चराइज रहे। लेकिन इसे गर्मी में न लगाएं, क्योंकि यह आपकी त्वचा के पोर्स को ब्लॉक कर देगी, जिससे मुंहासे और दानों की समस्या हो सकती है।

**क्लींजर :** त्वचा की देखभाल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है सफाई। इसलिए गर्मियों में एस्ट्रिंजेंट या टोनर का उपयोग करें, ताकि त्वचा साफ और चमकदार रहे। इसके लिए आप होममेड उत्पादों का उपयोग कर सकती हैं, जैसे कि गुलाब जल। इससे त्वचा को साफ करने के साथ-साथ उसे नरम एवं सुंदर बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

# चाहिए दमकता चेहरा तो अभी से करें ये काम



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे त्योहारों पर खूबसूरत दिखना पसंद न हो। त्योहार चाहे किसी भी धर्म का हो, लोग उसके लिए खूब अच्छे से तैयारी करते हैं। अपने घरों को सजाते हैं और नए-नए कपड़े पहनते हैं। नए कपड़े भी खूबसूरत तब नजर आएंगे, जब आपका चेहरा चमकेगा। चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए बहुत से लोग पहले से पार्लर जाते हैं। यदि आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है, तो अभी से कुछ टिप्स फॉलो करके आप अपना चेहरा चमका सकते हैं। यहां नीचे इसके लिए कुछ टिप्स दिए जा रहे हैं।

**दिन में दो बार करें फेस वॉश**

ये सबसे अहम नियम है। चेहरे को दिन में कम से कम दो बार अच्छे फेस वॉश की मदद से साफ करें। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा।

इसके लिए अच्छी क्वालिटी का और स्किन टाइप के हिसाब से फेस वॉश खरीदें, ताकि ये चेहरे की डीप क्लींजिंग कर पाए।

**बेसन-हल्दी फेस पैक**

यदि आप चेहरे पर टैनिंग हो गई है तो इस पैक का इस्तेमाल करें। इसके लिए आपको एक बड़े चम्मच बेसन और एक चम्मच दही के अलावा थोड़ी सी हल्दी की जरूरत पड़ेगी।

इसका इस्तेमाल बेहद आसान है। इस्तेमाल के लिए आपको बस तीनों चीजों को एक कटोरी में डालकर अच्छी तरह से मिक्स करना है। सभी चीजों को मिक्स करने के बाद इस पेस्ट को ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर अप्लाई करें। 20 मिनट इसे ऐसे ही लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। बकरीद से पहले दो बार इस पैकका इस्तेमाल करें और फर्क देखें।

**शहद और नींबू फेस पैक**

ड्राई स्किन वाले लोगों के लिए ये फैस पैक काफी फायदेमंद रहेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सिर्फ नींबू के रस और शहद की जरूरत पड़ेगी। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए एक कटोरी में सबसे पहले तो एक चम्मच शहद निकाल लें।। इस्तेमाल करें और फर्क देखें। अब उसमें नींबू का रस डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे अपने चेहरे पर अच्छी तरह से अप्लाई करें 15 मिनट तक ऐसे ही लगा रहने दें। इसके बाद अपने चेहरे को धो लें। ये स्किन को मॉइस्चर देता है और नचुरल ब्राइटनिंग करता है।

**दो बार कर लें स्क्रब**

बकरीद से पहले दो बार आप अपने चेहरे पर स्क्रब कर सकती हैं। इसके लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल करें। टमाटर और पिसी हुई चीनी को मिक्स करके चेहरे पर स्क्रब किया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से चेहरा पूरी तरह से खिल जाता है और चेहरे पर नयी चमक आ जाती है।

# आइब्रो थ्रेडिंग के क्या हैं नुकसान

जिस तरह से हाथ-पैरों के अनचाहे बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग और रेजर का इस्तेमाल किया जाता है, ठीक उसी तरह से आइब्रो के आस-पास अतिरिक्त बालों को निकालने के ज्यादातर महिलाएं थ्रेडिंग का सहारा लेती हैं। हालांकि आइब्रो को सेट करने के लिए कुछ महिलाएं रेजर का इस्तेमाल भी करती हैं, लेकिन थ्रेडिंग के जरिए आइब्रो सेट करना सबसे आसान होता है। इसी के चलते महिलाएं हर 15 से 20 दिन में पार्लर जाकर आइब्रो थ्रेडिंग कराती हैं। पर, क्या आप जानती हैं कि ये आपके लिए खतरनाक हो सकता है। बहुत से लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। इसी के चलते हम आपको यहां आइब्रो थ्रेडिंग के नुकसान बताने जा रहे हैं। ताकि आप भी पार्लर जाने से पहले एक बार सोच लें।

**त्वचा पर होगी जलन**-यदि आप बार-बार आइब्रो थ्रेडिंग कराएंगी तो इससे आपकी स्किन में जलन होने लगेगी। इसलिए आइब्रो थ्रेडिंग कराते समय थोड़ा समय अंतराल अवश्य रखें। ये दिक्कत ज्यादातर उन लोगों को होती है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है। इसलिए जिनकी स्किन सेंसिटिव है। वो तो खासतौर पर ध्यान रखें।

**हो सकते हैं पिंपल**-बार-बार आइब्रो थ्रेडिंग कराने की वजह से त्वचा पर मुंहासों की समस्या भी सामने आ सकती है। ऐसा इसलिए थ्रेडिंग से हेयर रिमूवल के बाद पोर्स खुले रहते हैं, जिससे बैक्टीरिया प्रवेश कर सकते हैं। इसी कारण पिंपल्स या छोटे फोड़े निकल सकते हैं। इसलिए यदि थ्रेडिंग करा रही हैं तो तुरंत धूल-मिट्टी में जाने से बचें।

# पुरुषों पर खूब जचेंगे ऐसे आउटफिट बकरीद पर पहनकर दिखाएं स्टाइल



बकरीद का त्योहार बलिदान और त्याग के लिए जाना जाता है। इस दिन मुस्लिम धर्म के लोग बकरे की कुर्बानी देते हैं। ये दिन अल्लाह की इबादत के लिए होता है, इसलिए लोग अपने घरों को सजाते हैं और नए-नए कपड़े पहनते हैं। महिलाएं तो अपनी तैयारी कई-कई महीने शुरू कर देती हैं, लेकिन पुरुषों को समझ नहीं आता कि वो क्या पहनें ? पुरुषों की इसी समस्या का हल हम लेकर आए हैं। हम आपको यहां कुछ ऐसे आउटफिट के बारे में बताएंगे, जिसे आप बकरीद के दिन कैरी कर सकते हैं।

इस तरह के आउटफिट में आपका अंदाज बाकियों से एकदम अलग दिखेगा और लोग आपकी तारीफ करते थकेंगे नहीं।

**ब्लैक कुर्ता-सफेद पठानी**

ईद के मौके पर पठानी सलवार पहनना काफी अच्छा लगता है। यदि आपका शरीर हष्ट पुष्ट है तो ब्लैक कुर्ता-सफेद पठानी सलवार पहनें।

अपने लुक को एथनिक बनाना है तो दुपट्टा अवश्य कैरी करें। दुपट्टे की वजह से ही आपका लुक अच्छा दिखेगा। यदि आपका कुर्ता एकदम सिंपल है तो वर्क वाला दुपट्टा कैरी करें।

**फ्लोरल आउटफिट**

गर्मी के मौसम में कुछ हल्का पहनने का विचार है तो इस फ्लोरल आउटफिट से बेहतर विकल्प आपके लिए नहीं हो सकता। व्हाइट रंग के इस कुर्ते पायजामे के साथ फ्लोरल प्रिंट की जैकेट आपके लुक को क्लासी बना देगी। यदि जैकेट अलग से खरीद रहे हैं तो आप इसे अलग रंग की मतलब की कॉन्ट्रास्ट में भी खरीद सकते हैं।

**ब्लैक शर्ट पैंट और जैकेट**

ब्लैक शर्ट पैंट तो काफी नॉर्मल और साधारण आटफिट है, लेकिन इसके साथ अगर आप कलरफुल सी जैकेट कैरी कर लेंगे तो आपका पूरा लुक ही बदल जाएगा। सिंपल ब्लैक पैंट शर्ट के साथ ऐसी प्रिंटेड या फिर हैवी काम वाली जैकेट अच्छी लगेगी।

**ग्रे कुर्ता और ब्लैक पैंट**

कुछ अलग सा पहनने का विचार है तो ग्रे रंग का कुर्ता भी आप कैरी कर सकते हैं।

इसके साथ ब्लैक रंग की पैंट या फिर जींस पहनें। ब्लैक और ग्रे का कॉम्बिनेशन देखने में काफी अच्छा और क्लासी लगता है। इसके साथ पैरों में लोफर सैंडिल्स पहनें और आंखों पर काला चश्मा भी लगाएं।

**सफेद अचकन**

यदि आप रॉयल लुक कैरी करना चाहते हैं तो सफेद रंग की अचकन से बेहतर विकल्प आपके लिए हो नहीं सकता।

यदि आप इसे पहन रहे हैं तो पैरों में उसी के हिसाब से फुटवियर कैरी करें। बालों को अकदम स्लीक स्टाइल में सेट करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे। हाथों में एक घड़ी आपक लुक में चार चांद लगा देगी।

# गर्मियों में घुंघराले बालों को ज्यादा देखभाल की जरूरत




गर्मियों में घुंघराले बालों की देखभाल करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है क्योंकि इस मौसम में पसीना, धूल, उमस और धूप बालों को रूखा, बेजान और फ्रिज़ी बना सकते हैं। लेकिन कुछ आसान घरेलू उपायों और सही हेयर केयर रूटीन से आप अपने घुंघराले बालों को हेल्दी और खूबसूरत बनाए रख सकती हैं। अगर आप इन आसान उपायों को अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करेंगी तो आपके कर्ल्स न केवल खूबसूरत दिखेंगे बल्कि बालों की सेहत भी बनी रहेगी। आइए जानते हैं गर्मियों में घुंघराले बालों की देखभाल के आसान तरीके।

**हल्के शैम्पू का करें इस्तेमाल**

गर्मी में पसीना और धूल बालों को चिपचिपा बना सकते हैं, लेकिन बार-बार हेवी शैम्पू करने से बाल रूखे हो जाते हैं। इसलिए सल्फेट-फ्री, माइल्ड शैम्पू से हफ्ते में 2-3 बार ही बाल धोएं। इससे बालों की प्राकृतिक नमी बनी रहेगी।

**डीप कंडीशनिंग**

हर बार बाल धोने के बाद अच्छे कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

हफ्ते में एक बार डीप कंडीशनिंग या हेयर मास्क लगाएं ताकि घुंघराले बाल मुलाय और सुलझे हुए रहें। घर पर हेयर मास्क तैयार कर सकती हैं, इसके लिए दही में शहद और नारियल तेल मिलाकर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें।

**गर्म पानी से न धोएं बाल**

हमेशा गुनगुने या ठंडे पानी से बाल धोएं। गर्म पानी बालों की नमी चुरा लेता है और कर्ल्स डल लगने लगते हैं।

**तौलिया या कॉटन टी-शर्ट से सुखाएं बाल**

बालों को पोंछने के लिए माइक्रोफाइबर तौलिया या पुरानी कॉटन टी-शर्ट का इस्तेमाल करें। इससे फ्रिज़ कम होता है और बालों का टेक्सचर बना रहता है।

**तेज धूप से बचाएं बाल**

धूप में निकलते समय बालों को स्कार्फ, हैट या कैप से ढकें। ङ्क किरणें बालों को नुकसान पहुंचा सकती हैं और कर्ल्स बेजान लग सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 05 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, दशमी तिथौ गुरु वासरे 26/17/ हस्त नक्षत्रे 29/10/ सिद्धि योग 09/14/ तैतिल करणे 13/06/ कन्या राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** गंगा दशमी। गंगा दशहरा। सेतुबंध श्री रामेश्वर प्रतिष्ठा दिवस।

**मेष :** कार्य व्यापार में सुधार होगा। इच्छित कार्य पूर्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी चिंता जनक समाचार होगा।

**वृष :** रुका कार्य बनेगा। मनोरंजन का कार्य सुलभ होगा। सम्मान के प्रति सचेत रहें। स्वास्थ्य साधारण रहेगा।

**मिथुन :** आत्मिक हर्ष होगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी। व्यापारिक अवरोध की निवृत्ती होगी। परिजनों की उपेक्षा मिलेगी।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग। व्यावसायिक प्रगति का योग बनेगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

### बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर गृहविज्ञान की प्रायौगिक परीक्षा महाविद्यालय में आज

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश शास्त्री ने अवगत कराया कि बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी से परास्नातक विषयों की मौखिकी व प्रायौगिकी परीक्षाओं की तिथि प्राप्त हो गई है व बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर गृहविज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा आज प्रातः 9 बजे से नेहरू महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। गृहविज्ञान विषय के छात्र व छात्रायें महाविद्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित तिथि में परीक्षा दें।

## बेटी की गर्दन पर चाकू लगाकर लाखों के नगदी जेवरात लूटे



उरई : चोरी के बाद घर में बिखरा सामान स्त्रोत-ग्रामीण।

**जालौन।** प्राइवेट कंपनी में कार्यरत कर्मचारी के घर में पीछे की दीवाल फांदकर अंदर घुसे बदमाशों ने सात माह की बेटी के गर्दन पर चाकू रखकर दंपति से अलमारी की चाबियां ले लीं। इसके बाद अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर 10000 रुपयें नकद लेकर भाग निकले। इसी दौरान चोरों ने गांव में एक किसान के घर को भी निशाना बनाया और सोने चांदी के जेवरात लेकर भाग निकले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी के संबंध में जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी दिलीप वर्मा उरई में स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी। घर पर वह अपनी मां मीना देवी पत्नी सरिता व सात माह की बेटी हिमांशी के साथ रहते हैं। कंपनी के काम से वह प्रतिदिन उरई आते जाते हैं। दिलीप ने बताया कि मंगलवार की रात घर के सभी सदस्य रात में करीब 10 बजे खाना खा पीकर सो गए। घर में पीछे की तरफटिन शैड पड़ा है। देर रात चार बदमाश पीछे की दीवार फांदकर घर के अंदर घुस गए। और कमरे का दरवाजा खोलने लगे। इसी दौरान आहट सुनकर उनकी व पत्नी की नींद खुल गई। नींद खुलने पर वह बाहर आंगन में देखने के लिए आ गए। पीछे से पत्नी भी सात माह की बेटी को गोद में लेकर आ गई। उन्हें आता देख बदमाशों ने उसे व पत्नी को धक्का देकर बेटी को छीन लिया। इसके बाद उनमें से एक ने बेटी की गर्दन को चाकू लगाकर अलमारी की चाबी मांगी। जिसके बाद उन्होंने उसे चाबी दे दी। चाबी लेकर दो बदमाश कमरे में घुस गए और दो बदमाश बाहर जाकर खड़े हो गए। वह अलमारी में रखे दो सोने की ओम, कान के कुंडल, पायल, मंगलसूत्र, बिछिया व 10000 रुपये नकद लेकर वहां से भाग गए। पत्नी के गले में पहने मंगलसूत्र को भी उतरवा लिया।

उधर, इसी रात गांव में दूसरे छोर पर स्थित चोखेलाल चौधरी के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया। चोर उनके घर में भी पीछे की दीवार फांदकर घुसे और अलमारी में रखे लगभग तीन लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवर चोरी करके भाग निकले। चोर बक्से भी साथ ले गए। जिन्हें कुछ दूरी पर खंगालने के बाद छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल अजीत सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ समय बाद फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। जहां टीम ने नमूने एकत्रित किए तो पुलिस ने चोरी को लेकर जानकारी ली। साथ ही गांव में कुछ स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। चोरी को लेकर कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि पुलिस मामले चोरी की जांच कर रही है, जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

## ऑनलाइन गेम के नाम पर साइबर ठगी करने वाला अंतराज्यीय गिरोह

**-सात शातिर गिरफ्तार, भारी संख्या में एटीएम, सिम कार्ड, मोबाइल और नकदी बरामद**



उरई : मामले का खुलासा करते एसडीएम डा. दुर्गेश कुमार ।

**उरई(जालौन)।** साइबर थाना और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ऑनलाइन गेम एप के जरिए देशभर में साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 133 एटीएम कार्ड, 108 पासबुक, 11 चैकबुक, 80 सिम कार्ड, 32 मोबाइल, 2 लैपटॉप मय चार्जर, 1 वाइफाई डिवाइस, 14 क्यूआर कोड, 74,500 रुपये नकद समेत अन्य सामग्री बरामद की है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र के निर्देश पर की गई। गिरफ्तार आरोपी क्रिकबज, फेयरप्ले, लोटस जैसे ऑनलाइन गेम एप के नाम पर लोगों को दोगुना पैसा दिलाने का झांसा देते थे। यह गैंग लोगों से उनके आधार कार्ड और फोटो लेकर फर्जी बैंक खाते खुलवाता था। फिर उन्हीं खातों का इस्तेमाल कर ठगी की रकम जमा करवाई जाती थी। आरोपी खुद को अलग-अलग नामों से पहचान छिपाकर काम करते थे और एक ही जगह पर ज्यादा दिन नहीं रुकते थे। सिंगल एप्प के माध्यम से एक दूसरे से बातचीत करते थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि इन आरोपियों से जुड़े बैंक खातों से संबंधित शिकायतें एनसीसीआरपी पोर्टल पर महाराष्ट्र, कर्नाटक,हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना व उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से प्राप्त हुई हैं। कुल 35 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज है। गिरफ्तार शातिरों की पहचान में विश्वजीत दांगी, निवासी दतिया मध्य प्रदेश, कपिल सेन, निवासी दतिया मध्य प्रदेश, दीपक बघेल उर्फ दीपू, निवासी झांसी, उपहार श्रीवास्तव, निवासी मैनपुरी, सुनील जादौन, निवासी आगरा, हर्ष गुप्ता, निवासी आगरा, धर्मेंद्र सिंह जादौन, निवासी भरतपुर राजस्थान शामिल है। अभियुक्त गण के आपराधिक इतिहास की जानकारी आसपास के थानों व सीमावर्ती जनपदों एवं राज्यों से की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली जालौन में मुकदमा अपराध संख्या 167/2025, धारा 3(5),318(4),112 बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह कार्रवाई साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है और ऐसे अपराधियों के खिलाफअभियान आगे भी जारी रहेगा। गिरोह को पकड़ने में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह व एसआई जगदम्बा प्रसाद दुबे उनकी टीम तथा साइबर थाना प्रभारी विवेक कुमार मौर्य और एसएसआई प्रवीण कुमार गुप्ता, का. अरियंत दुबे, अक्षत सारस्वत उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार नें टीम को 10 हजार रूपये की इनाम की घोषणा की।

## अधिकारियों ने बकरीद को लेकर शांति समिति एवं सामाजिक समितियों की बैठक ली



उरई : शांति समिति की बैठक करते डीएम एसपी ।

**- जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने जनपद में आगामी त्यौहार गंगा दशहरा,विश्व पर्यावरण दिवस एवं बकरीद को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शांति समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं नगर निकायों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा, सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, यातायात सुगमता एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु प्रभावी समन्वय के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बकरीद के दिन यह सुनिश्चित कराया जाए, कि प्रतिबंधित जानबरों की कुर्बानी न की जाए, और कुर्बानी पर्दे की आड़ में की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सदस्यों एवं धर्मगुरुओं से संवाद करते हुए अपील की कि वे अपने-अपने समुदायों में भाईचारे का संदेश फैलाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट-उपजिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, समस्त उपजिलाधिकारीगण, पुलिस क्षेत्राधिकारीगण सहित विभिन्न गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं समुदाय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**- मरीजों व तीमारदारों से की बातचीत, संभावित संक्रमण को लेकर निरंतर अलर्ट रहने के निर्देश**



उरई : राजकीय मेडीकल कालेज का निरीक्षण करते डीएम ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, दवा वितरण कक्ष, बालरोग वार्ड फिजियोथैरेपी कक्ष और विभिन्न चिकित्सा कक्षों का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे संवाद स्थापित कर इलाज की स्थिति, दवा वितरण और अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों को निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्था में कोई कोताही न हो। जिलाधिकारी ने संभावित कोरोना संक्रमण की आशंका को ध्यान में रखते हुए सीएमएस को निर्देशित किया कि अस्पताल में आवश्यक संसाधनों और तैयारियों को अभी से ही पूरी तरह दुरुस्त कर लिया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सीएमएस डा. प्रशांत निरंजन आदि सहित सम्बंधित चिकित्सक मौजूद रहे।

## मानसिक तनाव में युवक ने लगाई फांसी

**उरई(जालौन)।** कोतवाली क्षेत्र के एक युवक नें फांसी लगाकर लीला समाप्त कर ली।

मुहल्ला नया पटेल नगर चूर्खी बाईपास के पास रहने वाले प्रदीप कुमार अहिरवार उम्र 36 पुत्र रामस्वरूप ने 2 व 3 की रात को हुक के कुंडा से लटक कर जान दे दी। प्रत्याक्षियों के अनुसार बताया कि प्रदीप मानसिक तनाव में रहता था उसने लव मैरिज शादी की थी सात माह पहले पत्नी का बीमारी के कारण देहांत हो गया था तभी सें प्रदीप अहिरवार गम भरे स्टेटस लगाता था। मृतक के दो बच्चे है एक आठ साल का दूसरा ढाई साल का बच्चा है। मृतक की मां और बच्चें पिरौना एक शादी समारोह में गए हुए थे। घर में भाई व भाभी मौजूद थी। जेल चौकी प्रभारी शीलवंत सिंह मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया।

## लेखपालों की बैठक में बाढ़ से बचाव के प्रबंध करने के निर्देश

**कालपी (जालौन)।** तहसीलदार अभिनव कुमार की अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में बाढ़ से बचाव के उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। तहसील सभागार कालपी में नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला की मौजूदगी में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने कहा कि किसान पंजीकरण के कार्य को गतिशीलता से पूरा किया जाये। साथ ही लंबित वादों में कुरा बटवारा की रिपोर्ट संम्बंधित न्यायालय में निर्धारित अवधि के अंदर सभी लेखपाल प्रस्तुत करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। तहसीलदार ने कहां कि शासन की योजनाओं का गांव गांव में क्रियान्वयन किया जाए। तथा शासकीय योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित कराया जाए। बैठक में राजस्व निरीक्षक राजेंद्र कुमार, लेखपाल जितेंद्र कुमार, राघवेंद्र निरंजन, विद्यासागर, अमित कुशवाहा, शिव मंगल पाठक, जयवीर सिंह बघेल, शशांक विश्वकर्मा, एसके महान अशोक पांडेय खान शैलेंद्र कुमार आदि कर्मचारी प्रमुख रूप से शामिल रहे

## खबर एक नज़र

### प्रदेश में जनसुनवाई में माधौगढ़ तहसील को मिला प्रथम स्थान



उरई : उपजिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह ।

**माधौगढ़(जालौन)।** तहसील ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में तहसील माधौगढ़ में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर तहसील कर्मियों में खुशी की लहर है उपजिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया करते थे। जनसुनवाई पोर्टल के कार्यों की मॉनिटरिंग की जाती है। एसडीएम ने बताया कि जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को तहसील कार्यालय को ऑनलाइन भेजा जाता है। राज्यस्तरीय मूल्यांकन भी किया गयाप्राप्त संदर्भ की जांच ऑनलाइन दिए गए समय के अनुसार संबंधित को भेज दी जाती है। शिकायत करने वाले व्यक्ति कार्रवाई संतुष्ट है कि नहीं जानकारी भी ली जाती है। जिससे कि की गई जांच की गुणवत्ता को जाना जा सके। प्रदेश में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का राज्यस्तरीय मूल्यांकन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश में माधौगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

#### अधिकारियों की कार्यशैली ने दिलाया प्रथम स्थान

तहसील में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश में माधौगढ़ तहसील नंबर वन बनी। अधिकारियों की कार्यशैली के चलते माधौगढ़ को प्रथम स्थान मिला है।

### 10 ग्रामों में रिक्त चल रही राशन की दुकानों का जल्द होगा प्रस्ताव-डीएम

### 6 ग्रामों में नये उचित दर विक्रेता की नियुक्ति को शीघ्रता से कराने के दिये निर्देश



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा रिक्त 10 ग्रामों में यथाशीघ्र प्रस्ताव कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा 6 ग्रामों में नये उचित दर विक्रेता की नियुक्ति हेतु उप जिलाधिकारी स्तर पर लंबित प्रकरण में यथाशीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिये गए। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा खाद्य एवं रसद विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया, वर्तमान में जीरो पावर्टी परिवारों के राशन कार्ड बनाये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है, जिसमें 2049 के सापेक्ष 1581 परिवारों के राशन कार्ड जारी कर दिये गये है, अवशेष 468 परिवारों के आय प्रमाण पत्र न होने के राशन कार्ड जारी नहीं हो पा रहे हैं, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों को यथाशीघ्र आय प्रमाण पत्र बनबाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में प्रचलित राशन कार्डो की केवाईसी उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से करायी जा रही है, जिसमें अभी 81 प्रतिशत कार्य किया गया है, जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि अपनी दुकान से सम्बद्ध सभी अन्त्योदय पात्र गृहस्थी परिवारों के सदस्य, यूनिटों का शत-प्रतिशत के. वाई.सी. करना सुनिश्चित करें, इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत राशन कार्ड हेतु नगरीय क्षेत्र में 70 प्रतिशत के सापेक्ष 67.75 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 79 प्रतिशत के सापेक्ष 78.76 प्रतिशत जनसंख्या को आच्छादित किया जा चुका है, इस प्रकार वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र का लक्ष्य पूर्ण बताया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सुरेशचन्द्र जैन बडेरा अध्यक्ष जिला उद्योग व्यापार मण्डल, भरतलाल जिला समन्वयक आईसीडीएस एवं जिला पूर्ति अधिकारी उमेश मिश्रा उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, मरीजों के इलाज के निर्देश दिये



उरई : सीएचसी का निरीक्षण करते एसडीएम।

**कालपी(जालौन)।** बुधवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी का घूम-घूमकर निरीक्षण किया तथा गर्मी से पीड़ित रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जिला प्रशासन के निर्देश पर दोपहर को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औचक के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने भीषण गर्मी को देखते हुए ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल को जाना व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांचों के लिए मरीजो को परेशान नही किया जाए व मरीजो की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। कोल्ड चौन में वैक्सीन दवाइयों के रखरखाव की स्थिति को देखा। एसडीएम ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मी की मौसम की वजह से दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रहना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता,चिकित्साधिकारी डॉक्टर अशोक चक, डा. रूबी सिंह, डा. शेख शहरयार, डा.. गोपाल जी द्विवेदी आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों एसडीएम ने सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली।एसडीएम ने परिसर में स्वच्छता बनाये रखने पर भी जोर दिया।

## नगर पालिका ने अवैध कब्जेदारों से खाली कराई सत्रह दुकानें

**- पुलिस बल के साथ मौजूद रहे ईओ रामअचल कुरील व पालिका अन्य कर्मचारी**



उरई : अतिक्रमण हटवाते ईटो व अन्य ।

**उरई (जालौन)।** पिछले ढाई दशक से करमेर रोड स्थित हुल्की माता मंदिर के सामने उरई नगर पालिका की सत्रह दुकानों को बुधवार को भारी तामझाम के साथ मौके पर पहुंचे पालिका अधिकारियों ने अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उन पर अपना ताला डाल दिया। इस दौरान जो दुकानदार दुकानों पर अवैध कब्जा जमाये बैठे हुये थे वह दुकानों में रखा सामान वाहनों में भरने में जुटे रहे।

उल्लेखनीय हो कि नगर पालिका परिषद उरई द्वारा ढाई दशक पूर्व करमेर रोड स्थित हुल्की माता मंदिर के सामने दुकानों का निर्माण कराने की कार्ययोजना तैयार की थी जिसमें 17 दुकानों का निर्माण भी पूरा हो गया था तभी जीआईसी द्वारा आपत्ति दर्ज कराने के बाद दुकानों का निर्माण कार्य बंद हो गया था। लेकिन उक्त दुकानों का आवंटन नहीं हो पाया था। इसके बाद अनेकों लोगों ने 17 दुकानों पर कब्जा कर अपनी दुकानों का संचालन करना शुरू कर दिया था। बताया जाता है कि पिछले दिनों पालिका प्रशासन द्वारा दुकानों पर अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी कर दुकानों को खाली करने का अल्टीमेटम दिया था लेकिन एक भी दुकानदार ने दुकानों को खाली नहीं किया था। बुधवार को पालिका ईओ रामअचल कुरील, सफाई इंस्पेक्टर ओपी चौधरी के साथ अनेकों पालिका कर्मचारियों के साथ सफाई कर्मचारियों की फौज जेसीबी लेकर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और दुकानों को खाली कराना शुरू किया तो एक के बाद एक दुकानदार दुकान के अंदर रखा अपना सामान बाहर निकालने लगे और देखते ही देखते सभी 17 दुकानों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का अभियान पूरा कर लिया गया। इस दौरान मौके पर अफरा तफरी का माहौल भी बना रहा। जो दुकानदार अपना सामान दुकानों के बाहर निकाल रहे थे वह उसे वाहनों में भरकर दूसरे स्थानों पर ले जाने में लगे रहे।

## 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में सभी को उत्साह के साथ प्रतिभाग करने का किया आह्वान

**-जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों, समाजसेवी संस्थाओं व प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर जनपद में**
**-11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 15 से 21 जून तक जिला, तहसील व ब्लॉक मुख्यालयों सहित ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे योग सत्र**
**-जन-जन को योग से जोड़ने हेतु जिला प्रशासन ने कसी कमर**
**-योग हमारी अमूल्य धरोहर है, इसे अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनायें- डीएम**
**-20 जून तक समस्त तैयारियां पूर्ण कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देश**
**-स्कूली बच्चों, अभिभावकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रबुद्धजनों सहित आमजन को योग से जोड़ने के निर्देश**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 से 21 जून तक जनपद मुख्यालय सहित समस्त विकास खण्डों एवं नगर पालिका व नगर पंचायत में योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों, समाजसेवी संस्थाओं व प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक आयोजित कर सभी जनपदवासियों को योग दिवस में प्रतिभाग करने का आग्रह किया। बैठक में जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरूप 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 से 21 जून तक पूरे एक सप्ताह को ÷योग सप्ताह÷ के रूप में मनाए जाने से संबंधित सभी तैयारियों व गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस संबंध में अपने-अपने विभाग का माइक्रोप्लान तैयार कर योग सप्ताह को वृहद स्तर पर सफल बनाना सुनिश्चित करें, उन्होंने कहा कि इसमें जनप्रतिनिधिगणों, खिलाड़ियों व प्रबुद्धजनों को प्रतिभाग कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आमजनता भी इसका भाव समझते हुए अपनी जीवन शैली में योग को एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनायेगी, उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं, उन्होंने कहा कि योग सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले समस्त योगाभ्यास कार्यक्रमों को ÷आयुष कवच एप÷ पर अपडेट किया जाए तथा आयुष कवच एप के बारे में लोगों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से अवगत कराते हुए इसके उपयोग के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाए, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी कमला कान्त पाण्डेय को निर्देश दिए कि इस संबंध में जिला स्तरीय समिति का भी गठन कर लिया जाए, आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों का फोटोग्राफ्स अवश्य बनाया जाए, इसके लिए एक नोडल अधिकारी भी नामित कर दिया जाए। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून को पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित होने वाले बृहद योगाभ्यास कार्यक्रम को आयोजित करने कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजन से सम्बंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु जिला आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, जिला क्रीड़ाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाआओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफसफाई, दुरुस्त किया जाए, शौंचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये गये, उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाना जरूरी है जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा, प्रगति करेगा इसके लिए जनपदवासियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। बैठक के दौरान जिला आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी अर्जुन सिंह ने 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा विस्तार से प्रस्तुत करते हुए कहा कि 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में सभी लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और कार्यक्रम का सफल बनायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी मड़ावरा रोशनी यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. सिंह, जिला आयुर्वेदिकध्यूनानी अधिकारी अर्जुन लाल, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सभी क्षेत्राधिकारी, उपस्थित रहे।

# हैवानियत देख दहला हर किसी का दिल

- सर्च ऑपरेशन के दौरान जंगल में तड़पती मिली मासूम
- एसपी, एएसपी ने खुद चलाया सर्च अभियान, कमिश्नर, डीएम ने लिए हालचाल

**बांदा।** घर के बाहर खेल रही मासूम को टाफी दिलाने के बाहने पड़ोसी युवक अगवा कर अपने घर ले गया। उसने मासूम के साथ दुष्कर्म किया। देर शाम तक मासूम के न मिलने पर घरवालो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के मिलते ही एसपी, एएसपी खुद रात में मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में जंगल में सर्च अभियान चलाया गया। झाड़ियों में मासूम खून से लथपथ हालत में तड़पती हुई मिली। यह नजारा देख पुलिस अधिकारियों सहित हर किसी का दिल दहल उठा। अस्पताल ले जाने के उपरांत एसपी, एएसपी ने खुद मासूम का उपचार कराया। मामला संज्ञान में आने के बाद कमिश्नर तथा डीएम ने भी मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मासूम की हाल खबर ली।

जानकारी के अनुसार चिल्ला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 3 वर्षीय मासूम बालिका घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोसी युवक सुनील टाफी दिलाने के



बांदा : घायल का उपचार कराते एसपी ।

बहाने गोद में उठाकर अपने घर ले गया। वहां पर उसने मासूम के साथ दुष्कर्म किया। देर शाम तक मासूम के घर न आने पर परिजनो ने उसकी खोजबीन किया लेकिन पता नही चला। मासूम के पिता ने चिल्ला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना पर एसपी पलाश बंसल, एएसपी शिवराज, सीओ सदर राजवीर सिंह गौर कई थानों की फोर्स के साथ तत्काल पहुंचे। आरोपी को अरेस्ट करने के बाद उसे घटनास्थल पर ले जाया गया। जहां मासूम खून से लथपथ हालत में झाड़ियों में पड़ी मिली। आनन-फानन में गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी पलाश बंसल, एएसपी शिवराज, सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह अस्पताल पहुंचे। जहां अपनी मौजूदगी में उन्होंने मासूम का उपचार शुरू कराया। डीएम, जे. रीभा ने भी सीएमएस से वार्ता कर बेहतर उपचार के निर्देश दिए। हालत नाजुक होने के कारण मासूम को मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया गया। कमिश्नर अजीत कुमार, डीएम जे0 रीभा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने मासूम के हालचाल लेने के साथ बेहतर उपचार के निर्देश दिए। इधर बुधवार की दोपहर बालिका को कानपुर के लिए रिफर कर दिया गया है।

### पिटाई करने पर पत्नी चली गई थी मायका

**बांदा।** आरोपी आवारा किस्म का है। कुछ दिन पहले उसने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी थी। जिसके चलते पत्नी अपने मायका चली गई थी। गांव वालों ने बताया कि आरोपी सुनील कुछ काम काज नही करता था। जो काम मिल गया वह कर लेता था। नही तो घुमता रहा था। अवारा किस्म का था। उसने एक सप्ताह पहले अपनी पत्नी शोभा को पीटा था। शोभा अपने मायके मर्का चली गई। फिर वह दोबारा लौट कर नही आई।

### बच्चा होने पर माँ नहीं कर पा रही थी देखभाल

**बांदा।** बच्चा होने के चलते मासूम की मां घर में ही रह रही थी। इस कारण वह बच्चों की देखभाल नहीं कर पा रही थी। परिजनों ने बताया कि मासूम की मां को एक सप्ताह पहले बच्चा हुआ है। वह घर पर थी। बच्चा होने की वजह से वह बाहर नही निकलती है। जिसकी वजह से बच्चो की देख रेख करने वाला कोई नही है। दुष्कर्म पीड़िता दो बहन एक भाई है। उसका पिता मजदूरी करता है।

# चकमा देकर भाग रहे रेपिस्ट को लगी गोली



बांदा : मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी ।

- घटनास्थल का मुआयना के दौरान आरोपी ने किया भागने का प्रयास
- भागते समय गोली लगने से घायल हुआ आरोपी

**बांदा।** आरोपी को लेकर जंगल में घटनास्थल का मुआयना करने पहुंची पुलिस को चकमा देकर अचानक रेपिस्ट भागने लगा। जिस पर पुलिस की उससे मुठभेड़ हो गई। गोली लगते ही वह जमीन में गिर पड़ा। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के नेतृत्व में बुधवार को सुबह थाना चिल्ला, पैलानी व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस आरोपी की निशानदेही पर उसे ले जाकर घटनास्थल का मुआयना करने पहुंची थी। तभी अंधेरे का फायदा उठाते हुए रेपिस्ट पुलिस को चकमा देकर भागने लगा। उसके पकड़ने के काफी प्रयास किए गए। लेकिन उसके पैर नहीं थमें। जिस पर पुलिस की जवाबी कार्यवाही रेपिस्ट के पैर में गोली लगी। गोली लगते ही वह जमीन में गिर पड़ा। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि मंगलवार की रात्रि करीब 9 बजे थाना चिल्ला पर सूचना प्राप्त हुई कि एक 03 वर्षीय बालिका शाम करीब 4 बजे से घर से गायब है। सूचना पर तत्काल थाना चिल्ला पर अभियोग पंजीकृत कर बच्ची की बरामदगी हेतु टीमें गठित की गई। संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति द्वारा बच्ची के साथ दुष्कर्म कर जंगल में छोड़ दिया गया है। तत्काल सर्च पार्टियां लगाई गई तथा बच्ची को घायल अवस्था में रात्रि करीब 2 बजे बरामद कर लिया गया तथा इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया जहां पर उसका बेहतर इलाज किया जा रहा है। प्रकरण में अभियुक्त, वादी का पड़ोसी व सजातीय है, जिसको पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है तथा जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है। अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर तथा 2 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम सुनील निषाद पुत्र लोटन प्रसाद निवासी चकला थाना चिल्ला बताया।

बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुखराम सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामदिनेश तिवारी थाना चिल्ला मय टीम, एसओजी मय टीम शामिल रही।

## प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या विश्व के सामने है गंभीर चुनौती-पाण्डेय

**-सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक**

**चित्रकूट ब्यूरो:** पांच जून गुरुवार को एक दुर्लभ संयोग बन रहा है, जब विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा पर्व एक साथ पड़ रहा है। यह संयोग प्रकृति, संस्कृति और आध्यात्मिकता के बीच गहरे जुड़ाव को रेखांकित करता है।

जिले के सकरौंहा गांव के मूल निवासी व गौतम बुद्ध नगर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस, जो प्रत्येक वर्ष पांच जून को मनाया जाता है, संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1972 में शुरू किया गया एक वैश्विक मंच है। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टिकाऊ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। बताया कि आज जब ग्लोबल वॉर्मिंग, वनों की कटाई और प्लास्टिक प्रदूषण जैसी समस्याएं विश्व के सामने गंभीर चुनौतियां बनकर उभरी हैं, उसमें यह दिन हमें पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। भारत जैसे देश में पर्यावरणीय मुद्दे जैसे वायु प्रदूषण, जल संकट और मिट्टी का क्षरण गंभीर हैं, यह दिन सामुदायिक स्तर पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, और पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

बताया कि गंगा दशहरा, जो ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है, मां गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का प्रतीक है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर गंगा नदी स्वर्ग से पृथ्वी पर आई थीं। यह पर्व न केवल नदियों की पवित्रता और जीवनदायिनी शक्ति का उत्सव है, बल्कि यह हमें जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करता है। गंगा व अन्य नदियां जो भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है, आज प्रदूषण और अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रही है। औद्योगिक कचरे, सीवेज और प्लास्टिक प्रदूषण ने गंगा के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाया है, जिसका प्रभाव न केवल मानव जीवन पर बल्कि जैव-विविधता पर भी पड़ रहा है।

पांच जून को पड़ने वाला यह संयोग हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि पर्यावरण और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक हैं। गंगा नदी व अन्य नदियों का संरक्षण केवल एक धार्मिक, सांस्कृतिक या आर्थिक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक पर्यावरणीय आवश्यकता भी है। विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा का यह संगम हमें टिकाऊ विकास, जल संरक्षण और जैव-विविधता के महत्व को समझने का अवसर देता है। यह दिन नदियों के जीवनदायिनी स्वरूप और उनके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, और आध्यात्मिक महत्व को याद करने का अवसर भी है। नदियां केवल जल की धारा नहीं, बल्कि सभ्यताओं की आधारशिला और जीवन की संवाहिका हैं। नदियां भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। गंगा भारत के विशाल भू-भाग को उपजाऊ बनाती है। जो भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करती हैं। इसके अलावा, नदियां मत्स्य उद्योग, पर्यटन, और जल परिवहन को बढ़ावा देती हैं। गंगा पर बने बांध और नहरें बिजली उत्पादन और जलापूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गंगा नदी उत्तर भारत की अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड है। गंगा को हिंदू धर्म में माता और मोक्षदायिनी माना जाता है। गंगाजल को पंचामृत में शामिल किया जाता है और इसे सभी संस्कारों में पवित्र माना जाता है। अन्य नदियां जैसे यमुना, गोदावरी (दक्षिण की गंगा), और नर्मदा भी धार्मिक महत्व रखती हैं।

नदियां जैव-विविधता का आधार हैं। गंगा में 375 से अधिक मत्स्य प्रजातियां और दुर्लभ गंगा डॉल्फिन पाई जाती हैं। इसका डेल्टा सुंदरबन विश्व का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। नदियां मिट्टी को उपजाऊ बनाती हैं और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखती हैं। गंगा के जल में बैक्टीरियोफेज जैसे विषाणु होते हैं, जो हानिकारक सूक्ष्मजीवों को नष्ट करते हैं, जिससे इसका जल स्वाभाविक रूप से शुद्ध रहता है। नदियों ने भारत की सभ्यता को आकार दिया है। हरिद्वार, वाराणसी, प्रयाग, और पाटलिपुत्र जैसे नदियों के तट पर बसे प्राचीन शहर धार्मिक, शैक्षिक, और व्यापारिक केंद्र बने। नदियां जलापूर्ति, व्यापार, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम रही हैं। नदियां गहन जीवन दर्शन भी सिखाती हैं। नदियां हमें सिखाती हैं कि जीवन में रुकावटों के बावजूद आगे बढ़ना जरूरी है। नदियों का प्रवाह हमें लचीलापन और दृढ़ता सिखाता है। ये हमें सिखाती हैं कि बाधाएं कितनी भी बड़ी हों, निरंतर प्रवाह ही जीवन का सार है। गंगा का जल अपनी शुद्धिकरण क्षमता के लिए प्रसिद्ध है। यह हमें अपने विचारों और कर्मों को शुद्ध रखने की प्रेरणा देता है।

# बैठक से गायब रहे प्रोजेक्ट मैनेजर

- गैरहाजिर रहने पर डीएम ने लगाई फटकार
- अनुश्रवण समिति की बैठक में डीएम ने की कार्यों की समीक्षा



बांदा : बैठक को संबोधित करती जिलाधिकारी ।

**बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर के गायब रहने पर डीएम का पारा हाई हो गया। उन्होंने जमकर फटकार लगाई।

बैठक में उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत दिव्यांग सुलभ शौचालय, कक्षा कक्ष टायलीकरण व बाउंड्री वॉल का कार्य प्राथमिकता पर तेज गति से पूर्ण कराए जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि टायलीकरण का कार्य एक माह में पूर्ण करें। उन्होंने विकासखंड महुआ में कार्यों को विशेष रूप से तेज गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर के बैठक में अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास खण्डों में संचालित अन्य विकास संबंधी कार्यों को भी तेज गति के साथ पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कराए जाने के भी निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास खण्ड में व्यक्तिगत स्वच्छ शौचालय निर्माण के भौतिक प्रगति लक्ष्य के अनुरूप किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चयनित ग्रामों को मॉडल घोषित किए जाने हेतु ग्रामों में सभी विकास कार्यों को मॉडल गांव के मानक के अनुरूप पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कूड़े के निस्तारण हेतु आरआरसी सेंटरों को संचालित किए जाने तथा स्वच्छ शौचालय हेतु ऑनलाइन सिटिजन एप पर प्राप्त आवेदनों के सत्यापन एवं फीडिंग करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत कोष की धनराशि से रेट्रो फिटिंग व जियो टैग की समीक्षा करते हुए रेट्रो फिटिंग सर्वे की प्रगति में वृद्धि लाने के निर्देश दिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 की ऑडिट रिपोर्ट एवं उपभोग प्रमाण पत्र समय से जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास खण्ड में कूड़े के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे ई रिक्शा के संचालन ग्राम वर समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी माया शंकर सहित जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इं. अभिषेक मिश्रा को बने सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ के अध्यक्ष, इं. हिमांशू शुक्ला बने सचिव



चित्रकूट ब्यूरोः सिविल डिप्लोमा इंजीनियर संघ जनपद इकाई का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं पदाधिकारियों का चुनाव बुधवार को सिंचाई विभाग के सभागार में सम्पन्न हुआ।

अधिवेशन में बुंदेलखंड संरक्षक इं. डीएन पाठक, मंडल संरक्षक बीएल सिंह, मंडल अध्यक्ष इं. घनश्याम वर्मा, मंडल उप महासचिव इं. रूपेश कुमार पांडेय व विशेष आमंत्रित सदस्य इं. गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में जनपदीय पदाधिकारी की निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें इं. अभिषेक मिश्रा को जनपद अध्यक्ष व इं. हिमांशु शुक्ला को जनपद सचिव निर्वाचित किया गया। इसके अतिरिक्त इं. बसंत लाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इं. अमित नारायण को उपाध्यक्ष, इं. दिलीप कुमार को वित्त सचिव, इं. शरद यादव को संगठन सचिव, इं. अलका सोनी को प्रचार सचिव एवं इं मनोज कुमार को लेखा संप्रेक्षक का दायित्व सौंपा गया। मंडलीय पदाधिकारियों ने निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष तेज करने का भी निर्णय लिया गया।

# त्यौहार में नहीं लागू होगी कोई भी नई परम्परा



बांदा : बैठक लेते अधिकारी ।

- पीस कमेटी की बैठक में डीएम, एसपी ने दो टूक में दी नसीहत
- आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाए जाने के दिए निर्देश

**बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्योहार गंगा दशहरा, बकरीद आदि त्योहारों को सकुशल मनाए जाने के संबंध में जिला शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जहां डीएम, एसपी ने साफ तौर पर कहा कि त्यौहार में किसी भी प्रकार की कोई नई परम्परा नही लागू होगी।

बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने निर्देश दिए की की त्योहारों को शांतिपूर्वक एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा ना डाली जाए। उन्होंने ईदगाहों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था कराए जाने के संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग एवं जल संस्थान को विद्युत आपूर्ति एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने तथा टैंकरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्राधिकार पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए की अपने-अपने क्षेत्र पर में त्योहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु निगरानी रखें तथा मजिस्ट्रेट ड्यूटी में लगाए गए अधिकारी अपने दायित्व एवं कर्तव्य का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हर प्रकार के सहयोग के लिए तैयार है, किसी प्रकार की छोटी/बड़ी समस्या होने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें। सार्वजनिक स्थान पर एवं रोड पर कोई कार्यक्रम नहीं किया जाए जिससे यातायात प्रभावित न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कहा कि सभी लोग मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न करे तथा संभ्रांत लोग इस कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि संयम रखते हुए त्योहारों को मनाईये तथा कानून व्यवस्था को बिगड़े नहीं दे निर्धारित समय के अनुसार ही नमाज निर्धारित स्थानों पर अदा करें। उन्होंने मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था के साथ सुकर पलको सुवरो को बंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को सतर्कता एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में शहर काजी सहित अन्य संभ्रांत व्यक्ति ने त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करने हेतु वादा किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर सहित उपजिलाधिकारी सदर नमन मेहता, नरैनी अमित शुक्ला, पैलानी, अतर्रा राहुल द्विवेदी, बबेरू रजत वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, सदर राजवीर सिंह गौर, बबेरू सौरभ सिंह, अतर्रा प्रवीण कुमार, नरैनी कृष्णकांत त्रिपाठी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नरैनी ब्लॉक में मजदूरों का दुखड़ा, सोशल ऑडिट टीम के सामने दर्ज हुई शिकायत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** मजदूरी भुगतान में घोटाले का आरोप लगाया है । कल दिन मंगलवार को बांदा जनपद के नरैनी ब्लॉक की ग्राम पंचायत पौहार के मजरा जमुनिहा पुरवा में सोशल ऑडिट टीम की खुली बैठक के दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। बैठक में एकत्रित मजदूरों ने सोशल ऑडिट टीम को अपनी पीड़ा सुनाई और आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा काम करवाने के बावजूद उन्हें तीन साल से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। मजदूरों ने बताया कि वे भुखमरी और बीमारी से जूझ रहे हैंए लेकिन उनकी शिकायतों को सुनने वाला कोई नहीं है।मजदूरों का कहना है कि उन्होंने सेक्टर और सीण्सीण् सड़कों पर कच्चे.पक्के काम किएए लेकिन ग्राम प्रधानए सचिव और रोजगार सेवक ने आज तक उनका भुगतान नहीं कराया। एक मजदूर ने बतायाए ष्साहबए प्रधान और सचिव काम तो करवा लेते हैंए लेकिन मजदूरी नहीं देते। हमने दो.दो सचिवों के सामने शिकायत कीए दोनों का स्थानांतरण हो गयाए लेकिन हमारी पीड़ा जस की तस है।ष्रोजगार सेवक का चौंकाने वाला खुलासा किया जब इस संबंध में रोजगार सेवक से पूछताछ की गईए तो उसने कहाए मैं इसी वर्ष कार्यरत हुआ हूं । मेरे कार्यकाल में इन मजदूरों ने कोई काम नहीं किया।ष् हालांकिए दबी जुबान में रोजगार सेवक ने स्वीकार किया कि लगभग 22 लाख रुपये मजदूरों के नाम पर अन्य खातों के माध्यम से निकाले जा चुके हैं । और मजदूरों को कुछ नहीं मिलने वाला।प्रधान पति का पल्ला झाड़ने वाला बयान

मौके पर मौजूद प्रधान पति ने सफाई देते हुए कहाए ष्प्रधान मेरी पत्नी जरूर थीए लेकिन प्रधानी मेरे पिता और गाँव के पांडे जी संभाल रहे थे। मुझे प्रधानी का कोई ज्ञान नहीं था। अभी नई.नई प्रधानी मिली है।ष् उन्होंने मजदूरों से कहाए ष्जिन्होंने आपसे काम करायाए उनसे अपना पैसा लीजिए। मिली जानकारी के अनुसार मजदूरों की पीड़ा खुलकर सामने आई बैठक में कुबेर पुत्र चैतुवाए मुन्नी पत्नी कुबेरए सावित्री पत्नी संतूए चुनकीवा पत्नी आशिक अलीए जुबेदा पत्नी असलमए मौला पुत्र आशिकए चुन्नू पुत्र आशिकए रहीशाए रेशमा पुत्री असलम सहित कई मजदूर मौजूद थेए जिन्होंने अपनी व्यथा सुनाई। मजदूरों ने मांग की कि उनकी मजदूरी का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए और इस घोटाले की जांच हो।सोशल ऑडिट टीम ने मजदूरों की शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू करने का आश्वासन दिया है। यह घटना ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी को उजागर करती हैए जिससे गरीब मजदूरों का शोषण हो रहा है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा जबकि सूबे के मुखिया का सख्त आदेश है कि आम आदमी से लेकर सभी के फोन अधिकारी रिसीव करें किंतु इस मामले में यहाँ का महौल ही कुछ अलग है।

# चिल्लीमल पंप कैनाल में पानी न होने से किसानों में हाहाकार



**चित्रकूट ब्यूरोः** राजापुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चिल्लीमल में किसान व वरिष्ठ समाजसेवी करुणेश मिश्रा का कहना है कि नर्सरी डालने का समय आ गया है, लेकिन चिल्लीमल पंप कैनाल में एक भी बूंद पानी नहीं है चिल्लीमल पंप कैनाल में पानी न आने से लगभग 12 गांव प्रभावित है और किसानों को धान की नर्सरी के लिए बहुत विलंब हो रहा है। धान की कई किस्में हैं, जिनकी नर्सरी जून से प्रारंभ हो जाती है पर टोल में पानी न होने से किसान मायूस हैं।

चिल्लीमल पम्प कैनाल में पानी न होने से जहां पर जंगली जीव जंतु अन्ना गौवंश प्यास से तड़प रहे हैं, वहीं किसानो को भी समय से नर्सरी न डाल पाने का भय सता रहा है। चिल्लीमल निवासी वरिष्ठ समाजसेवी व किसान नेता सुशील मिश्रा ने जब जनपद के विभागीय उच्च अधिकारियों से ग्रामीणों की इस भारी समस्या से अवगत कराया और निवेदन किया कि धान की रोपाई के लिए धान की नर्सरी डालने का समय हो गया है और टोल में पानी अभी भी नहीं है, ऐसे में चिल्लीमल पंप कैनाल में अविलंब पानी चालू किया जाए, जिससे क्षेत्र का किसान ससमय खरीफ की फसल की तैयारी कर सके और धान की नर्सरी डाल सके।

### ''मुख्यमंत्री से कर दो हमारी शिकायत, हमे हटवा दो''

**- एक्सईएन साहब के सिर चढ़ कर बोल रहा अफसर शाही का रौब**

किसानों के इस निवेदन पर जनपद के जिम्मेदार व विभागीय उच्च अधिकारी एक्सईएन शशिकांत प्रसाद और एडीओ गुरु प्रसाद आग बबूला हो गए और बोला कि मुख्यमंत्री से शिकायत करके उन्हें हटवा दें। कहा कि वह वही करेंगे जो चल रहा है।

### गैर जिम्मेदार अधिकारी मौजूदा सरकार को कर रहे बदनाम

किसानों ने कहा कि विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों के सर पर अफसर शाही का भूत सवार है और ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी मौजूदा सरकार को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे में आने वाला 2027 का सात मौजूदा सरकार के लिए कांटों से भरा ताज साबित होगा।

चिल्लीमल निवासी किसान देवनारायण दुबे ने कहा कि विभागीय अधिकारी किसानों की इस भारी समस्या का निस्तारण करने के बजाय धमकी दे रहे हैं कि मुख्यमंत्री के शिकायत करके उन्हें हटवा दें। ऐसे अधिकारियों से जनमानस को न्याय की उम्मीद नहीं है। ऐसे अफसरशाही का नशा सवार अधिकारियों के सामने न्याय और अधिकारों की बाते करना भी छलावा साबित होगा। किसानों का हर सरकार में शोषण हुआ है। सरकार और अधिकारी ऐसे ही किसानों की गंभीर समस्या का निस्तारण करने के बजाय किसानों को परेशान करना व अनदेखा करते रहना अपना अधिकार समझते हैं।

## अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट ब्यूरोः** अभियान के तहत थाना भरतकूप के उपनिरीक्षक राहुल पाण्डेय व उनके हमराही आरक्षी अखिलेश तोमर द्वारा आरोपी सुनील कुमार कुशवाहा निवासी कस्बा व थाना भरतकूप को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ, थाना राजापुर के उपनिरीक्षक अनुराग सिंह व उनकी टीम मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार व आरक्षी रोहित आर्य द्वारा आरोपी धर्मवीर उर्फ सहवाग निवासी कारखाना मोहल्ला कस्बा व थाना राजापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ तथा थाना भरतकूप के अमरेश तिवारी व उनके हमराही आरक्षी उमेश कुमार द्वारा आरोपी ननकऊ आदिवासी निवासी पनहाई मजरा सेमरा थाना बरगढ को एक झोले में 17 क्वार्टर देशी शराब ठेका नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

### राम कथा समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन

मैनपुरीध्किशनी। नगर के प्रसिद्ध सती मंदिर पर आयोजित हुई रामकथा के समापन पर बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाएआयोजको द्वारा भंडारे का शुभारंभ साधु संतो व कनायाओ को पहले भोजन कराकर और दान पुण्य करके किया गयाएभंडारा में देर रात तक नगर व क्षेत्र की भारी भीड़ ने प्रसाद प्राप्त कर माता रानी का आशीर्वाद लियाए

# पूर्व राज्य मंत्री विधायक ने दिए अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश



**छिबरामऊ कन्नौज।** पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निर्देशित किया ।

पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने कैंप कार्यालय पर विधानसभा क्षेत्र से आए हुए लोगों की जनता दर्शन में आऐ हुए लोगों की समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया ।

# राम जी चले ना हनुमान के बिना हनुमान ना चले श्री राम के बिना







**छिबरामऊ।** जेठ माह के चौथे मंगलवार को तहसील परिषद उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। जो कि श्री राम एवं सुंदरकांड वाचक प्रशान्ता नन्द द्वारा संगीत में सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया। उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भर.चढ़कर पढ़कर अधिवक्ताओं ने व कर्मचारियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एसीजेएम। तहसीलदार अवनीश कुमार सिंहए नायाब तहसीलदार रामप्रकाशए नायाब तहसीलदार हिमांशु सिंह व बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष अरविंद सिह राठौरएपूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्राएलेखपाल कौशलेन्द्र दुबेएप्रशांत त्रिपाठीएधर्मेन्द्र अग्निहोत्रीएअभिरुप दीक्षितए विशाल दुबे सहित कई लोग मौजूद रहे।

# डांस स्टार चैंप ;किड्सद्ध ट्रॉफी के लिए पहला ऑडिशन लिया गया।




**छिबरामऊ कन्नौज ।** बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में डांस दीवाने ग्रुप के द्वारा डांस स्टार चैंप ;किड्सद्ध ट्रॉफी के लिए पहला ऑडिशन लिया गया। मेंटोर सतेंद्र सिंह ने बताया कि पहले ऑडिशन में जहां सनायाए प्रियाएमाही एहर्ष यादवए तान्या शुभांश वेदांशी यादव वेदांशी वर्मा ने सोलो परफॉर्मेंस दिया वहीं देवांशी गुप्ता परी सिंह सजल अयांश ऐश्वर्या वैदिक यादव वर्णिका राधिका वर्मा ने ग्रुप परफॉर्मेंस देकर उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया।संस्था प्रमुख गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि बच्चों के मानसिक विकास के लिये संस्था की तरफसे इनडोर ऑडिशन कराये जा रहे है ।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों पर दोष सिद्ध 11 जून को सुनाई जाएगी सजा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद।अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एस सी एस टी न्यायाधीश अभिनीतिम उपाध्याय ने पवन शुक्ला पुत्र सुनील मोनू उर्फनवीन कटियार कलेक्टर पुत्र किशोर निवासीगण महरूपुर सहजू फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है सजा के बिंदु पर 11 जून की तिथि निहित है

बीते 11 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम महरुपुर सहजू निवासी रंजीत पुत्र दीवारीलाल जाटव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 6 अगस्त 2014 को समय करीब 9 बजे रात को अपने पिता को खोजते हुए महरुपुर पुलिया के नीचे गड्ढे मैने देखा कि मेरे पिता दिवारी लाल को पवन मोनू उर्फ नवीन कलेक्टर तीनों लोग गला दबाकर नाक मुंह पर लात घुसो से मारपीट कर रहे थे जैसे हम लोगों को देखा कि धमकी देने लगे कि आगे मत आना वरना तुम्हारे गोली मार देगे हमारे ललकारने पर वह लोग भाग गए मेरे पिता की गंभीर हालत थी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया उपचार के समय घायल की मृत्यु हो गई थी विवेचक ने साक्ष्य गवाह के न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने पवन शुक्ला मोनू उर्फनवीन कटियार कलेक्टर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर 11 जून की तिथि निहित है

# पांचाल घाट पर 15 गोताखोर अलर्ट रहेंगे घाटों पर कराई गई बेरीकेडिंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** गंगा दशहरा के अवसर पर दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पांचाल घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं इसके साथ ही यहां पानी में बेरी कटिंग कराई गई है

ताकि गहरे पानी में कोई श्रद्धालु ना जा सके

खंड विकास अधिकारी बढपुर अमरेश चौहान ने आज पांचाल घाट पर पहुंचकर डेडीकेटिंग कराई इसके साथ ही सोता बहादुरपुर के ग्राम प्रधान तथा वहां की सफाई कर्मचारियों से घाट पर सब विशेष सफाई करवाई गई किसके साथ ही स्नान के दौरान दोनों तरफ15 गोताखोरों को चार से 5 जून तक तैनात किया गया है यह सभी 24 घंटे यहां पर रहेंगे गंगा तट उत्तर तथा दक्षिण दोनों पर एक मोटर बोट गोताखोरों के साथ पूरे समय स्नान क्षेत्र में गस्त करेगी

उधर प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं जो कि पूरे स्नान तक सुरक्षा व्यवस्था तथा स्नानार्थियों पर निगाह रखेंगे



# मोहब्बत का पैगाम बूथ स्तर तक पहुँचे और कांग्रेस की सरकार 2027 और 2029 में आये-पूर्व प्रदेश सचिव



**छिबरामऊ कन्नौज।** ब्लॉक उमर्दा के नगर तिर्वा कांग्रेस कार्यालयए कमाल चौक में मासिक बैठक एवं संगठन सृजन की बैठक हुईएबैठक में ब्लॉक उमर्दा की संगठनात्मकजिला अध्यक्ष मोण् शाक़िर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में जिला कोआर्डिनेटर प्रद्युमन दुबेए महिला प्रदेश अध्यक्ष व कन्नौज शहर कोऑर्डिनेटर करिश्मा ठाकुर एफ्रंटल कोऑर्डिनेटर प्रशांत तिवारीएफ्रंटल कोऑर्डिनेटर अमित पांडेय की उपस्थिति में ब्लॉक उमर्दा की संगठात्मक बैठक सम्पन्न हुई ।

इस बैठक का आयोजन कांग्रेस नेता लियाकत अलीए राजीव श्रीवास्तवएगुड्डू गांधी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने की। कार्यक्रम में सभी कोआर्डिनेटर का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। कोऑर्डिनेटर प्रधुम्न दुबे ने कहा कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा सभी को अपने क्षेत्र से जुझारू लोगों को संगठन में जोड़ना है और गाँव गाँव जाकर कांग्रेस की नीतियों की जानकारी देकर बताना है कि देश की आज़ादी के बाद कांग्रेस ने देश को नाइ ऊंचाइयों पर पहुंचायाए जिस विधानसभा में ज़मीनी मुद्दे हैंएउन्हें अधिकारियों से कहकर कार्यान्वित करवाएंएजिलाध्यक्ष मुझे संगठन के सर्जन के लिये जहां भी चलने को कहेंगे हम चलने को तैयार हैंए शहर कोऑर्डिनेटर करिश्मा ठाकुर ने जिलाध्यक्ष की तारीफ करते हुए कहा जनपद कन्नौज को बहुत ही मेहनती और कर्मठ जिलाध्यक्ष मिला है जो हर कार्यक्रम को बहुत मज़बूती से ओर कर रहे हैं मुझे विश्वास है कि जनपद कन्नौज 2027 में विधानसभा की सीटें अवश्य जीतेंगे। फ्रन्टल कोऑर्डिनेटर प्रशान्त तिवारी एवं नवनियुक्त फ्रन्टल कोऑर्डिनेटर अमित पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा जनपद के फ्रन्टल प्रकोष्ठ जो जिलाध्यक्ष हैं । वह जल्द से जल्द अपनी कमेटी बनायेंएजो अन्य फ्रन्टल प्रकोष्ठ रह गये हैं उनके जिलाध्यक्ष जल्दी बनायें और जिला पंचायत के चुनाव की तैयारी में लग जायें।

पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा व पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा जिलाध्यक्ष शाक़िर हुसैन को आश्वस्त किया हम आपको तन मन धन से साथ देंगे और संगठन को मज़बूत करने के लिये हर सम्भव सहायता करेंगे।बैठक में बहुत से वरिष्ठ नेताओंएमहिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव चारों कोऑर्डिनेटर को साझा किये। अन्त में जिलाध्यक्ष शाक़िर हुसैन एडवोकेट ने सभी आये अथितियों व नेताओं व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और सभी कोऑर्डिनेटर को विश्वास दिलाया कि संगठन में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी और गाँवए नगर और ब्लॉक स्तर तक मज़बूत किया जायेगा जिससे राहुल गांधी जी का मोहब्बत का पैगाम बूथ स्तर तक पहुँचे और कांग्रेस की सरकार 2027 और 2029 में आये। इस बैठक को पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव संजय पौलए शाहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी

**फर्रूखाबाद ।** समाजवादी पार्टी महानगर की मासिक बैठक महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के आवास बजरिया सालिगराम में आयोजित की गई जिसमें सभी ने आगामी 2027 में समाजवादी पार्टी को जितवा कर उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने का संकल्प लिया

महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्र ने सभी पदाधिकारी से कहा कि अब 2027 के चुनाव में समय नही रह गया है मेहनत करें और क्योंकि 2027 में समाजवादी पार्टी को प्रदेश में पूर्ण बहुमत में लाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनना है । फॉरेस्ट सपा नेता वरिष्ठ सपा नेता रजत क्रांतिकारी ने कहा कि कार्यकर्ता जी तोड़ मेहनत करें 2027 में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी इस दौरानओमकार शुक्ला को महानगर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया बैठक में खुर्शीद खा अमित यादव उर्फ गोल्डी अमन भारद्वाज सत्यम अवस्थी कुलदीप भारद्वाज हरिओम सकसेना ऋषि अवस्थी उरूज खान आदित्य मिश्रा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा पर भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू

फर्रूखाबाद। गंगा दशहरा पर्व पर भारी भीड़ और स्नानार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भारी मालवाहक वाहनों हेतु विशेष रूट डायवर्जन योजना लागू की है। यह डायवर्जन बुधवार की रात 12 बजे से 5 जून को स्नान समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।कन्नौज से कानपुर रोड होते हुए फतेहगढ़ आने वाले मालवाहक वाहन ;जैसे ट्रक टैंकर डीसीएम डंपरएलोडर आदिद्ध को गुरसहायगंज से छिबरामऊ की ओर डायवर्ट किया जाएगा।इन्हीं मार्गों से आने वाले अन्य मालवाहनों को खुदागंज में ही रोक दिया जाएगा। छिबरामऊ से जहानगंज होते हुए फतेहगढ़ की ओर आने वाले मालवाहक वाहन को जहानगंज काली नदी पुल के पास रोका जाएगा।

बेबर जनपद मैनपुरी की ओर से आने वाले मालवाहनों को बेबर में ही तथा थाना मोहम्मदाबाद की चौकी मदनपुर और रोहिला तिराहा के पास रोका जाएगा। एटा से फतेहगढ़ को आने वाले मालवाहक वाहनों को बिराहिमपुर थाना अलीगंज बॉर्डर व कस्बा कायमगंज के बाहर पितौराध्वेरिया तिराहा पर रोका जाएगा।

बरेली से फतेहगढ़ की ओर आने वाले मालवाहन थाना अल्लागंज व हुल्लापुर में रोके जाएंगे। शाहजहांपुरध्जलालाबाद से फतेहगढ़ आने वाले वाहन थाना अल्लागंज हुल्लापुर तथा डबरी चौराहा पर रोके जाएंगे।हरदोई से फतेहगढ़ को आने वाले मालवाहक वाहन को रूपापुर ;थाना पालीए जनपद हरदोईद्ध में रोका जाएगा।जिला प्रशासन ने वाहन चालकों और परिवहन एजेंसियों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और प्रशासन का सहयोग करेंए जिससे गंगा दशहरा पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि शहर क्षेत्र मे मसेनी चौराहा और कादरी गेट की तरफसे आने वाले वाहनों की कादरी गेट मसेनी मार्ग पर मलती गार्डन में पार्किंग की जाएगी

अमृतपुर राजेपुर की तरफसे आने वाले वाहनों को वन चेतना केंद्र के पास पर किया जाएगा जिसमें चार पहिया वाहन और बाइक सवार शामिल हैं पार्किंग स्थल से गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालु पैदल गंगा तट के लिए प्रस्थान करेंगे

तूने बताया कि घाटों की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से लाल झंडी और खतरे का निशान लगवाया गया है सती घाट पर एक पीएससी की फ्लड यूनिट तथा स्थानीय गोताखोरों को गंगा की बीच धारामें नाव से गस्त करेंगे पांचाल घाट समेत ढाई घाट अटेना घाट और श्रृंगी रामपुर घाट पर पुलिस के सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं

# राम कथा में राम रावण युद्ध का प्रसंग सुन श्रोता भाव विभोर हो गए

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद।श्री कामेश्वर नाथ सुन्दकाण्ड समिति नवदिया के तत्वाधान में उर्मिला वाटिका में चल रही श्री राम कथा महामहोत्सव एवं दुर्लभ सत्संग में आज सुबह महाराज जी के साथ भक्तगणों ने मुख्य मार्ग से होते हुए तलैयालेन गाड़ी खाना बरगदिया घाट में प्रभातफेरी निकाली ।

नगर वासियों ने प्रभातफेरी का रंगोली बनाकर दीप जलाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। नवम दिवस की कथा में आज ऋषिकेश से पधारे बालसन्त भोले बाबा जी महाराज ने राम रावण युद्ध राज दरबार की महिमा का वर्णन किया ।महाराज ने राम दरवार की बड़ी ही सुंदर मनमोहक जीवन्त झांकियों के स्वरूप का प्रस्तुतिकरण किया गया । अनुपम जीवन्त झांकियों को देख पंडाल में उपस्थित सैकड़ो भक्तगण भाव विभोर हो उठे ।



## खबर एक नज़र

### सभी बच्चे परमात्मा को भी अपना सच्चा दोस्त बनाएं



**फर्रूखाबाद।** संस्कार परिवर्तन समर कैंप में बच्चों को संबोधित करते राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रूखाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद आश्रम पर संस्कार परिवर्तन समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शोभा दीदी ने कहा कि सब बच्चे एक दूसरे के साथी हैं।उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे तब तक सलामत हैं जब वह परमात्मा को सच्चा दोस्त बनाकर हाथ में हाथ देकर चलता है तो परमात्मा उसकी हर कदम मदद करने में वाध्य है तो बच्चों का जीवन सलामत रहेगा दीदी ने यह भी कहा कि अपने दोस्तों के साथ.साथ परमात्मा को भी सच्चा दोस्त बनाने में अपने कदम आगे बढ़ाएं जीवन का स्तर विचारों पर निर्भर करता है क्योंकि शांति का स्त्रोत हमारे ही भीतर हैइस दौरन हुकुम सिंह पूनम बहन मनोरमा शर्मा सुआलाल मिश्रा प्रिंसी गुप्ता गोल्डी कुशवाहा ने भी अपने विचार बच्चों के साथ साझा किये इस मौके पर कैंडल लाइटिंग के द्वारा संस्कार परिवर्तन समर कैंप का उद्घाटन किया गया इसमें कई स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया

### पराविधिक स्वयंसेवक मोहम्मद साजिब एवं मोसमीन बेगम के द्वारा सौ सैयां अस्पताल में कैंप लगाया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर



जिला जज लवली जायसवाल के आदेश पर पराविधिक स्वयंसेवक मोहम्मद साजिब एवं मोसमीन बेगम के द्वारा सौ सैयां अस्पताल में कैंप लगाया गया। जहां पर कोर्ट में चल रहे पुराने से पुराने मुकदमें महिलाओं से संबंधी फैमिली कोर्ट में चल रहे पति.पत्नी के बाद विवादए घरेलू वाद विवादए बिजलीए पानीए मोटर वाहनए एक्सीडेंटल जो भी मुकदमे चल रहे हैं अगर उनको निपटाना चाहता है तो वह लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज आकर अपना निशुल्क निस्तारण करा सकते हैं अगर जिसके पास पैसा नहीं है वकील नहीं है तो उसको वकील भी मोहईया कराया जाएगा और उसके जो भी समस्याएं हैं मुकदमो से संबंधित उनका निस्तारण कराया जाएगा मोहम्मद साजिब और मोसमीन बेगम ने बताया कि जो भी लोग मुकदमों से संबंधित हैं वह लोग जरूर संपर्क करें मोहम्मद साजिब ने बताया श्रीमती लवली जायसवाल के आदेश पर भीड़ भाड़ और स्कूल कॉलेज में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### धार्मिक आयोजन परंपरागत ढंग से हों आयोजितए किसी भी दशा में न डाली जाये नई परंपरा-जिलाधिकारी

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओंए मुतवल्लियोंए गणमान्य व्यक्तियों से कहा कि जनपद गंगा.जमुनी तहजीब का प्रतीक हैए यहां की गौरवमयी परंपरा बेमिसाल हैए यहां के लोगों ने प्रदेश में अनुकरणीय उदाहरण पेश किये हैए सभी समुदाय के लोग आपस में एक दूसरे का सम्मान कर धार्मिक त्यौहारों को अपासी मेल.जोल के साथ मानते हैं। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि आगे भी आने वाले त्यौहारों को आपस में मिलजुल कर मनाएं और अपनी गौरवमयी परंपरा को कायम रखेंए किसी भी धार्मिक त्यौहार में कोई नई परंपरा न डालेंए ऐसा कोई कृत्य न करें जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो। उन्होने उपस्थित लोगों से कहा कि त्यौहारों के दौरान जिला प्रशासन पर्याप्त सुविधाए सुरक्षा मुहैया कराने हेतु कटिबद्ध हैए किसी को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होने दी जायेगीए आप सब आपस में मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनायें। उन्होने कहा कि निर्धारित स्थानों पर कुर्बानी करेंए नालियों में अवशेष न बहाएं यदि किसी ने नई परंपरा डालने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी।

श्री सिंह ने अधिशासी अभियंता विद्युत को आदेशित करते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंए किसी भी दशा में अकारण रोस्टिंग न की जायेए बकरीद की नमाज अदा होने वाली मस्जिदोंए ईदगाहों के आस.पास विद्युत के तारए पोल व्यवस्थित रहें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेंए जलापूर्ति के साथ.साथ स्ट्रीट लाइटों का विशेष ध्यान रखा जाएए जहां भी स्ट्रीट लाइटें खराब हैंए उन्हें प्राथमिकता पर ठीक कराया जाएए नमाज अदा करने वाले स्थानों पर पानी के टैंकर की व्यवस्था रहेए ईदगाहए मस्जिदों के आस.पास नगर निकाय के कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाए ताकि कोई भी आवारा जानवर प्रवेश न कर सकेए अधिशासी अधिकारी पशुपालकों से संवाद कर उन्हें त्यौहारों के अवसर पर अपने पशुओं को बांधकर रखने के लिए प्रेरित करेंए विशेषकर सूकर पालकों को हिदायत दें कि किसी भी दशा में सुअरों को खुला न छोड़े। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने कहा कि आम.नागरिकों को जिला प्रशासन से जो अपेक्षाएं हैंए उन अपेक्षाओं को जिला प्रशासन पूरा करेगा। उन्होंने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। अफवाहों पर ध्यान न दें यदि कहीं कोई अफवाह फैलाये तो उसकी जानकारी तत्काल पुलिस कंट्रोलरूमए डायल.112 पर देंए पुलिस प्रशासन तत्काल मदद उपलब्ध कराएग। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कहा कि त्यौहारों का मुख्य उद्देश्य पारस्परिक सौहार्द को बढ़ावा देनाए सभी लोग मिलकर त्यौहारों को मनाये। अपर जिलाधिकारी श्याम लता आनन्द ने उप जिलाधिकारियोंए क्षेत्राधिकारियों से कहा कि बकरीद के दिन निरंतर भ्रमणशील रहकर अपने.अपने क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेंए अधिशाषी अधिकारी बकरीद से पूर्व नमाज अदा करने वाले स्थानों की साफसफाई करायेंए ईदगाह जाने वाले मार्गो पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें हिदायत दें कि नमाज के दौरान कोई आवारा जानवर प्रवेश न करे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरूण कुमारए राहुल मिठासए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉण् आरण्सीण् गुप्ताए उप जिलाधिकारी सदरए भोगांवए करहलए किशनीए कुरावली अभिषेक कुमारए संध्या शर्माए अंजलि सिंहए गोपाल शर्माए नितिन कुमारए क्षेत्राधिकारी नगरए करहलए कुरावलीए संतोष कुमारए अजय सिंह चौहानए सच्चिदानन्द सिंहए मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉण् मदन लालए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण एण्केण् अरूणए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम यादवए जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारीए सूचना विभाग से अब्दुल जहीनए अधिशाषी अभियंता जल निगम अंकित कुमारए खजूर वाली मस्जिद के मुतवल्ली एडवोकेट मोहम्मद अहमद हुसैन सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियो के अलावा विभिन्न समुदाय के धर्मगुरूए गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।

# बकरीद में अमन और भाईचारा बरकरार रखने पर जोर

## खुराफाती तत्वों को शासन-प्रशासन की सख्त चेतावनी
## मुस्लिम धर्मगुरु भी दिला रहे इस्लाम के उसूलों की याद

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** इबादत की राह पर चलते हुए हर तरह की कुर्बानी देने के लिए तैयार रहने की सीख देने वाले पवित्र त्योहार ईद-उल-अजहा यानी बकरीद के मौके पर समाज में अमन और सांप्रदायिक भाईचारा बनाए रखने के लिए हर तरफ से तमाम कोशिशें की जा रही हैं। जहां एक ओर शासन और प्रशासन की ओर से खुराफाती तत्वों को अपनी हद में रहने की सख्त चेतावनी दी जा रही है वहीं दूसरी ओर मुस्लिम धर्मगुरुओं की ओर से भी औपचारिक तौर पर बयान जारी कर मुस्लिम समाज को शांति, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की नसीहतें दी जा रही है। खास तौर से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है कि त्योहार को इस प्रकार मनाया जाए जिससे दूसरे धर्म को मानने वालों की भावनाएं आहत ना हों और किसी को शिकायत करने का कोई मौका ना मिल सके। इसके लिए जहां एक ओर खुले में कुर्बानी करने के बजाय गैर-विवादित पारंपरिक जगहों पर सामूहिक रूप से कुर्बानी अदा करने की नसीहतें दी जा रही हैं वहीं यह भी कहा जा रहा है कि कुर्बानी के अवशेषों में खुले में ना फेंका जाए। इसके लिए सहूलियतें मुहैया कराते हुए नगर निगम ने स्लॉटर हाउस में कुर्बानी का फर्ज अदा करने की अपील की है और अवशेषों के निपटारे के लिए आस-पास के गली मोहल्ले में मौजूद कंटेनरों का उपयोग करने की बात कही है। साथ ही प्रशासन की ओर से यह अपील भी की गई है कि कुर्बानी का फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड ना किया जाए। प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए जामा मस्जिद की ओर से भी यह अपील की गई है कि ऐसा कोई काम न किया जाए जिससे किसी दूसरे धर्म या समुदाय की भावनाएं आहत हों। राजधानी दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के नायब शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी ने इस्लाम को अमन का मजहब करार देते हुए मुस्लिम समाज से गुजारिश की है कि हमें अपने बर्ताव से यह दिखाना चाहिए कि हम दूसरों की भावनाओं की कद्र करते हैं। अपने औपचारिक संदेश में शाही इमाम ने त्योहार के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने और सड़क, गली, खुले मैदानों या सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नहीं करने की अपील करते हुए कहा है कि जिस तरह भारत में होली और दिवाली जैसे त्योहार शांति और गरिमा के साथ मनाए जाते हैं उसी तरह बकरीद भी इज्जत और तहजीब से मनाई जानी चाहिए। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस की ओर से भी एडवायजरी जारी करते हुए जिम्मेदारी, संवेदना और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है। एडवायजरी में जिन 'डूज एंड डोंट्स' की नसीहत दी गई है उसके तहत इंटरनेट मीडिया पर कुर्बानी की फोटो, वीडियो या ऑडियो साझा नहीं करने, कुर्बानी वाले पशु को घर या निजी क्षेत्रों में सुरक्षित रखने, उसे सार्वजनिक स्थानों या मोहल्ले के पास नहीं बांधने, बच्चों को पशु संभालने या टहलाने-घुमाने की छूट नहीं देने, पशुओं को सड़क, पार्क या व्यस्त स्थानों पर नहीं ले जाने और किसी नए या विवादित क्षेत्र का उपयोग करने के बजाय स्वीकृत व पारंपरिक स्थानों पर ही सामूहिक कुर्बानी करने की नसीहत देते हुए इसका उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने की बात कही गई है।

# उप्र पर्यटन विभाग द्वारा कोटार नाथ मंदिर परिसर में कराया जायेगा कार्य

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत कोटार के अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्रसिद्ध कोटार नदी शिव मंदिर के परिसर में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 47.77 लाख रूपये से कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्य कराया जायेगा। जिसके लिए कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर टीम के साथ पहुंचकर कार्य कराने लिए स्थल का चयन कर कार्य योजना बनाई है। जल्द ही कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा कोटार नाथ शिव मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों के लिए बेहतर व्यवस्था के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक हरिशंकर गुप्ता व अवर अभियंता साधना वर्मा के साथ बुधवार को कोटार नाथ पहुंचकर होने वाले कार्यों के लिए स्थल का चयन कर कार्य योजना का रूप रेखा तैयार किया है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर परिसर में दर्शनर्थियों के लिए शौचालय, चबूतरा, रैन बसेरा के मरम्मत कार्य, ब्रैंच, इंटर लाकिंग, सोलर लाइट, सैनेज बोर्ड, बोर आदि का कार्य कराये जाने के लिए प्रस्तावित है। कार्य कराने के लिए कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड हरिशंकर गुप्ता ने बताया है की कोटार नाथ मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा 47.77 लाख रूपये की लागत से कार्य कराया जाना है जिसके लिए स्थल का चयन कर कार्य योजना बना ली गई है। जल्द ही कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इस दौरान ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह मौजूद रहे।



# गैंगस्टर के वांछित दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवो से पुलिस ने गैंगस्टर के मामले के दो वांछित आरोपितों को पुलिस ने मंगलवार की देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मय हमराह कांस्टेबल के साथ गैंगस्टर के मामले में वांछित को प्राथमिक विद्यालय हलिया के पास से आरोपित हलिया कस्बा निवासी राणा उर्फ रजा मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार गैंगस्टर के वांछित आरोपित को वाहन चेकिंग के दौरान गड़बड़ा धाम गेट के पास से बंजारी कला गांव निवासी दयाराम कोल को गिरफ्तार कर दोनों आरोपितो को जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपितो को गिरफ्तार कर दोनों को जेल भेज दिया गया है।




# आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार जख्मी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जिले के कोन भरूहवां गांव मेंमंगलवार रात लगभग 11 बजेदो बाइकों में टक्कर हो गई।इस दुर्घटना में 35 वर्षीय पनफूल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। घायल को उसके मित्रों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करनेके बाद जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया। करमा थाना क्षेत्र के जोगीनी गांवनिवासी 35 वर्षीय पनफूल सिंह बाइक सेराजगढ़ बाजार से वापस अपनेघर जा रहा था। राजगढ़ घोरावल संपर्क मार्गपर कोन भरूहवा गांव के पास अचानक आए दूसरेबाइक से आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में सड़क पर गिरकर पनफूल सिंह घायल हो गए। पीछे से पहुंचे गांव के मित्रों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद हालत गंभीर देख उनको जिला अस्पताल सोनभद्र रेफर कर दिया गया।

# गंगा दशहरा को देखते हुए अभियान चला गंगा प्रहरी टीम ने की सफाई

**मिर्जापुर।** गंगा दशहरा को देखते हुए बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी के नेतृत्व में गंगाघाटों पर गंगा प्रहरी टीम की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर के गैबीघाट सहित अन्य घाटों पर किनारे लगे कूड़ा करकट की साफ सफाई कराई गई।

# पेड़ से गिरकर बालक गंभीर रूप से घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी बालक पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक द्वारा हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव निवासी शिव नारायण का 10 वर्षीय पुत्र प्रिन्स पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था की पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए।जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

# पेड़ के नीचे बैठा युवक अचानक हुआ अचेत, गिरने से मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव में मंगलवार की शाम खेत में पेड़ के नीचे बैठे युवक की अचेत होकर गिरने से मौत हो गई थाना क्षेत्र के बसुहरा गांव निवासी भोनू बैध का 35 वर्षीय पुत्र इंद्रमनी उर्फ मनी खेत में पेड़ के नीचे बैठा था। इसी बीच अचानक अचेत होकर गिर गया पास बैठे परिजन युवक को घर लेकर आये लेकिन होश में नहीं आने पर देर रात्रि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक रविराज ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया मृत युवक के पिता ने बताया की शाम को युवक खेत में पेड़ के नीचे बैठा था की अचानक बहोस होकर गिर गया। घंटो बाद जब युवक को होश नहीं आया तो निजी साधन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक को चार पुत्री तथा एक पुत्र है। डॉक्टर रविराज ने बताया की अचेत युवक की प्राथमिक स्वास्थ्य लाने से पहले ही मौत हो चुकी थी। युवक के शव को परिजनों को सौप दिया गया। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे।

# श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कृष्ण सुदामा मित्रता की कथा सुनाई

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बबुरा रेचकारी गांव स्थित सेंट्रल वैली सेकेंड्री स्कूल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन बुधवार को श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की कथा सुनाई। कथा वाचक रमेश जी महाराज ने कृष्ण सुदामा मित्रता और राजा परीक्षित मोक्ष की कथा का भक्तों को रसपान कराया। कथावाचक ने कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता संसार में दुर्लभ है। सुदामा जब द्वारिकापुरी पहुंचते हैं तो द्वारपाल से सुदामा के राजमहल पर आने की सूचना पाकर भगवान श्रीकृष्ण सुध-बुध खोकर नंगे पांव परममित्र सुदामा से मिलने के लिए दौड़ पड़े। सुदामा की दीन दशा देखकर भगवान कृष्ण के आंखों से अश्रु धारा बहने लगी। कथावाचक ने श्रीमद्भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। भागवत कथा श्रवण करने से अज्ञानता का नाश होता है।मुख्य यजमान इन्द्र मणि पांडेय, विजय शंकर पाण्डेय, हरिभूषण तिवारी, कमलेश चंद्र पांडेय, अवनीश कुमार,बाल कृष्ण,ऋतेश कुमार पाण्डेय सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अदलहाट(मिर्जापुर)।** स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र के नरायनपुर चौकी अंतर्गत मंगलवार की रात मोटर मार्केट के पासअज्ञात वाहन की चपेट मेंआनसे 35 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र शंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस रात मेंही आनन-फानन मेंबीएचयूट्रामा सेंटर लेगई लेकिन उपचार के दौरान संतोष की सांसेटूट गई। वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र केरमना मलहिया निवासी संतोष मंगलवार की शाम को अपन दोस्तों के साथ अदलहाट थाना क्षेत्र के कुंडाडीह गांव मेंशादी समारोह में जा रहे थे।

नारायनपुर मोटरमंडी के समीप बाइक सवार की अज्ञात वाहन सेटक्कर हो गई।पुलिस गम्भीर रुप सेघायल युवक को तत्काल आटो सेट्रामा सेंटर वाराणसी भेजवाया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत होगई।मृतक चार बच्चे का पिता है। मृतक नगर निगम वाराणसी मेंसंविदा पर सफाई कर्मचारी था।

# कृषकों को उनकी जोत भूमि के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा उर्वरक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला कृषि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि किसान भाइयों शासन के निर्देश के क्रम में कृषकों को उनकी जोत के अनुसार संस्तुत मात्रा में गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना एवं जमाखोरी/कालाबाजारी निर्धारित दरों पर बिक्री तथा अन्य उत्पादों की टैगिंग करना उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का घोर उल्लंघन है। यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरक बिक्री के समय किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग एवं जमाखोरी कालाबाजारी निर्धारित दरों से अधिक पर करता है तो आप कृषक बन्धु इसकी शिकायत कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, मऊ कार्यालय में करें, जिससे उनके उनके विरूद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित (नियंत्रण) आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में निहित प्राविधानानुसार कार्यवाही की जा सके।

# विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद जौनपुर तथा गाजीपुर की विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक आहूत हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति मा0 धर्मेंद्र भारद्वाज द्वारा की गयी। समिति के सदस्य के रूप में विधान परिषद सदस्य, आशुतोष सिन्हा, बृजेश सिंह ''प्रिंसू'', किरण पाल कश्यप, विच्छे लाल राजभर उपस्थित रहे। समिति के आगमन पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी राम अक्षयवर चौहान ने समिति के सभापति और सदस्यों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम तथा स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया। बैठक में राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास, पंचायती राज विभाग, लोकनिर्माण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, विकास प्राधिकरण, खाद्य एवं रसद समेत विभिन्न विभागों के प्रश्नों की समीक्षा की गयी। समिति द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों के उत्तर संबंधित सदस्य को उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। विधान परिषद के अल्पसूचित, तारांकित और अतारांकित प्रश्नों की स्थिति, विधान परिषद के नियम 105, 110, 111 और 115 से संबंधित सूचनाओं की प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और समीक्षा की गई। समिति के द्वारा जनपद जौनपुर में पिछ्ले 03 वर्षों में लूट, डकैती, हत्या और साईबर क्राइम की समीक्षा की।

# बहुप्रतीक्षित सेंट थॉमस रोड का विधायक आज करेंगे शिलान्यास

**शाहगंज जौनपुर।** लोगों के इंतज़ार की घडी अब खत्म होने वाली है, बहुत जल्द सेंट थॉमस इंटर कॉलेज रोड का पुनर्निर्माण कार्य शुरू होने वाला है जिसका शिलान्यास आने वाली पांच जून दिन बृहस्पति वार शाम पांच बजे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रमेश सिंह के कर कमलो द्वारा किया जाएगा। इसकी सूचना भाजपा के ज़िला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के ज़फर अब्बास ने दी। इस मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग स्थानीय लोगों के साथ साथ सामाजिक संस्था मदर निसा फाउंडेशन के संयोजक फैज़ान अहमद एवं सामाजिक कार्यकर्ता ओपी सिंह के साथ साथ बहुत सी सामाजिक संगठनों के लोग समय समय पर उठाते रहे हैं। लोगों की पीड़ा स्कूल के बच्चों को हो रही दिक्कत को ध्यान में रखते हुए विधायक रमेश सिंह ने इस मार्ग के निर्माण के लिए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए मांग की थी कि इस मार्ग का निर्माण बहुत जरूरी है। लोगों की भावनाओं जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक ज़फर अब्बास एवं विधायक रमेश सिंह के सामूहिक प्रयास से मुख्यमंत्री द्वारा बजट पास कर दिया गया। आपको बताते चले बरसात के मौसम में इस मार्ग पर चलना अत्यंत मुश्किल साबित होता था, स्कूल कालेज आते जाते बच्चे गिर जाया करते थे जिससे उनके कपड़े गंदे हो जाते थे।

# रेलवे क्रॉसिंग की टूटी सड़क दुर्घटना को दे रही है निमंत्रण

**स्वतंत्र भारत रतनपुरा।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के थलईपुर में राजमार्ग संख्या 34 पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 27 के मध्य टूटी सड़क के बीच गहरे गड्ढे बने हुए हैं ।जो आवागमन करने वाले लोगों एवं वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनें हुए हैं।इन गड्ढों में फंसकर अक्सर बाइक सवार घायल हो जाते हैं। किंतु संबंधित विभाग आंखें मूंदे हुए हैं। बुधवार को यहां एक बड़ी दुर्घटना होते-होते उसे समय बची जब प्रातः के लगभग नौ बजे फल लादे हुए एक ऑटो सवार वहां से गुजर रहा था तो सड़क के बीच बने उन्हीं गहरे गड्ढे में फंसकर उसकी ऑटो सड़क पर पलट गई । जिससे उसमें रखी फलों से भरी टोकरियां बिखर गई। इस दौरान चालक एवं उसमे बैठे एक अन्य व्यक्ति ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार संयोग अच्छा रहा कि उस समय कोई अन्य वाहन नहीं आया अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।


**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय लालगंज रायबरेली
वाद सं. टी201910580402204
शिवमोहन आदि..वादी/प्रार्थी बनाम सूर्यपाल आदि..प्रतिवादी/विपक्षी

बनाम– 1.सीमा देवी पत्नी दीपक कुमार नि. जंगल खुर्द मजरे जालापुर पर. भगवन्तनगर तह. बीघापुर जिला उन्नाव 2. कमलेश कुमार 3. धर्मेन्द्र कुमार पुत्रगण सूर्यपाल नि. ग्राम समोधा पर. सरेनी तह. लालगंज रायबरेली

चूंकि ऊपर नामांकित गणेश शंकर पुत्र शिवमोहन ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 229बी उ.प्र. ज.वि. अधिनियम अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 06.06.2025 ई. को दिन के 10 बजे पूर्वानह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णीत कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दि. 16.05.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, अहलमद/रीडर उपजिलाधिकारी लालगंज रायबरेली

सी.आर.-488/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सदर कानपुर नगर
वाद सं. 2797/2024
श्रीमती सपना बनाम बाल गोविन्द
बनाम

राम प्रसाद पुत्र स्व. बालगोविन्द निवासी म.नं. एफ–4 आनन्द विहार नौबस्ता परगना व तहसील व जिला कानपुर नगर..प्रतिवादी
धारा 34 अधि. नौबस्ता कानपुर नगर

वादिनी ने आपके विरूद्ध धारा 34 के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 05.06.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे नव प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनपर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 29.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, अहलमद/रीडर न्यायालय तहसीलदर सदर कानपुर नगर।

सी.आर.-488/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट सं. 2 उन्नाव
वाद सं. 20/2023
प्रदीप कुमार बनाम नाबालिग अमित यादव

धारा 25 संरक्षक एवं प्रतिपालन अधिनियम। तारीख पेशी 16.07.2025
प्रदीप कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र नेत्रपाल निवासी ग्राम हुल्कीपुरवा पोस्ट सदरपुर तहसील बिलग्राम जिला हरदोई मो.नं. 9410280330.. प्रार्थी/वादी

बनाम– 1. नाबालिग अमित यादव उम्र लगभग 08 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार संरक्षिका रेखा पत्नी प्रदीप कुमार 2. श्रीमती रेखा उम्र करीब 29 वर्ष पत्नी प्रदीप कुमार पुत्री नन्हेलाल यादव मो. नं. 8736893925, 7703892395, 3. नन्हेलाल यादव पुत्र नामालूम निवासीगण ग्राम आफराबाद पोस्ट बल्लापुर तहसील बॉगरमऊ जिला उन्नाव..विपक्षीगण

चूकिं ऊपर नामाकिंत ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 16.07.2025 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपेन अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और पारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 31.05.2025ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-488/K-CN

**अदालती सूचना**

फार्म नंबर– 158
साइटेशन अर्डनेरी फार्म
चैप्टर 18 रूल
न्यायालय जनपद न्यायाधीश कानपुर नगर
प्रकीर्ण वाद संख्या 477 सन 2025

1. फरहीना नाज उम्र लगभग 43 वर्ष बालिग पत्नी स्व.मो.नईम निवासी 105/43 प्रेम नगर तहसील व जिला कानपुर नगर 2. बेबी सानिया नईम उम्र लगभग 12 वर्ष 3. बेबी अदीबा नईम उम्र लगभग 9 वर्ष दोनो नाबालिग पुत्रियों स्व. मो. नईम द्वारा संरक्षिका मां फरहीना नाज उम्र लगभग 43 वर्ष बालिग पत्नी स्व.मो. नईम निवासी 105/43 प्रेम नगर तहसील व जिला कानपुर नगर ..वादिनी

बनाम–उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिलाधिकारी कानपुर नगर। विपक्षी

जन सामान्य को सूचना–सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय में फरहीना नाज उम्र लगभग 43 वर्ष बालिग पत्नी स्व.मो. नईम निवासी 105/43 प्रेम नगर तहसील व जिला कानपुर नगर ने अपनी अवयस्क पुत्रियो बेबी सानिया नईम उम्र लगभग 12 वर्ष एवं बेबी अदीबा नईम उम्र लगभग 9 वर्ष प्रार्थी/वादी संख्या 2 व 3 दोनो पुत्रियों स्व.मो. नईम के प्लाट संख्या 3 एल.आई.जी. योजना सनिगवा फेस 2 रकबा 48 वर्गमीटर स्थित मोहल्ला सनिगवा कानपुर नगर को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करने हेतु याचिका अर्न्तगत धारा 9(2) एवं धारा 31 गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट के तहत दाखिल किया है। प्रार्थिनी/याचिनी के भाई शहाबुददीन का स्वर्गवास दिनांक 30.05.2024 को हो गया है। आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा नियत दिनांक 14.07.2025 को उपरोक्त न्यायालय में अपनी आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करे। यदि हाजिर नहीं होते है तो वाद की कार्यवाही आपकी अनुपस्थिति में की जायेगी। आज दिनांक 31.5.2025 ई. को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुंसरिम न्यायालय जनपद न्यायाधीश कानपुर नगर।

सी.आर.-488/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू. डि.)/एफ.टी.सी./क्राईम अगेन्स्ट वूमेन फतेहपुर
वाद सं. 2843 सन 2023
थाना ललौली धारा 12 घरेलू हिंसा अधिनियम

काजल मिश्रा पुत्री राकेश कुमार मिश्रा हाल मुकाम ग्राम व पोस्ट गुनौर थाना ललौली जनपद फतेहपुर ....प्रार्थिनी/परिवादिनी

बनाम –1. प्रान्जुल मणि द्विवेदी पुत्र वृजेश द्विवेदी 2. बृजेश द्विवेदी पुत्र अज्ञात 3. मन्जूलता द्विवेदी पत्नी बृजेश द्विवेदी 4. वैदेही द्विवेदी पुत्री बृजेश द्विवेदी सभी निवासीगण मकान नं. 37, राजपूतनगर आदर्शबिहार कालोनी न्यू पी०ए०सी० थाना चकेरी शहर व जिला कानपुर नगर ...विपक्षी गण

याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा 12 के अधीन आवेदन फाईल किया है। आपको यह कारण बताने के लिये कि क्यों न आवेदक द्वारा मांगे गये अनुतोषो को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाये । व्यक्तिगत रूप से इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउन्सिल के मार्फत तारीख 02.07.2025 को 10.00 बजे प्रातः काल इस न्यायालय में हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है इसमें असफल होने पर न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करेगी । मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 04.06.2025 को जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर सी.जे. (जे.डी)/एफ.टी. सी./सी.ए.डब्लू. फतेहपुर

सी.आर.-488/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सदर कानपुर नगर
वाद सं. 2785/2024
श्रीमती सपना बनाम बाल गोविन्द
बनाम

राम प्रसाद पुत्र स्व. बालगोविन्द निवासी म.नं. एफ–4 आनन्द विहार नौबस्ता परगना व तहसील व जिला कानपुर नगर..प्रतिवादी
धारा 34 अधि. नौबस्ता कानपुर नगर

वादिनी ने आपके विरूद्ध धारा 34 के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 05.06.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे नव प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्ष्यों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनपर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 29.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, अहलमद/रीडर न्यायालय तहसीलदर सदर कानपुर नगर।

सी.आर.-488/K-CN

स्वतंत्र भारत
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMMED AMAAN KHAN अंकित हो गया है। जबकि मेरे सभी अभिलेखों में MOHD AMAAN KHAN अंकित है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। MOHD AMAAN KHAN पुत्र श्री Mohammed Ilyas khan नि. 20/37 रामनारायण बाजार, कानपुर नगर।(33)

सी.आर.-488/K-33

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 25/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: **(1)** इज्जतनगर डिवीजन में राया–सोनाई अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिये डब्ल्यू–बीम टाइप की मेटल की फेन्सिग लगाने का कार्य। **(2)** इज्जतनगर डिवीजन में हाथरस सिटी–मुरसान अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिये डब्ल्यू–बीम टाइप की मेटल की फेन्सिग लगाने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,17,69,390.38, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 7,08,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 30-06-2025 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-96

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता भोगनीपुर प्रखण्ड निचली गंगा नहर इटावा**

पत्रांक– 1228/भो०प्र०/ई–नीलामी/2025–26/ दिनांक– 31.05.2025

**री–टेन्डर (ई–नीलामी)**
**अल्पकालीन ई–नीलामी सूचना संख्या–01/अधि0अभि0/2025–26**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत ई–नीलामी सूचना संख्या–01/अधि०अभि०/2025–26 पत्रांक 907/भो०प्र०/ई–निविदा/2025–26/दिनाक 19.04.2025 जिसकी ई–नीलामी दिनांक 12.05.2025 समय 03:00 बजे खोली जानी प्रस्तावित थी परन्तु उक्त नीलामी में मात्र 2 लॉट पर ही एकल ई–नीलामी निविदा प्राप्त होने के कारण ई–नीलामी सूचना संख्या–01/अधि०अभि०/2025–26 में प्रतिभाग करने हेतु पुनः (री–टेन्डर के माध्यम से) ई–नीलामी निविदायें आंमत्रित की जाती है। नहरों के आन्तरिक सेक्शन से निकाली गयी अतिरिक्त मात्रा सिल्ट/मिट्टी की ई–नीलामी के माध्यम से दिनांक 09.06.2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.06.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक डाउनलोड/ अपलोड करने हेतु आमंत्रित की जाती हैं। जिसकी टेक्निकल बिड दिनांक 23.06.2025 अपरान्ह 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कक्ष में गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह ई–नीलामी बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

**नोटः– ई–नीलामी की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।**

अधिशासी अभियन्ता
भोगनीपुर प्रखण्ड नि0गं0न0
इटावा

उ0प्र0 234575 दिनांक- 04.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# मदद : रूस के मुकाबले ताकतवर हो रहा यूक्रेन




**लंदन।** रूस से बीते ढाई सालों से जंग लड़ रहे यूक्रेन की ताकत में अब इजाफा होता दिख रहा है। बीते सप्ताह ही यूक्रेन ने रूस की सीमा में 5000 किलोमीटर अंदर तक घुसकर मार की थी। यूक्रेन ने ड्रोन को अप्रैल 2026

### ब्रिटेन देगा 1 लाख ड्रोन

### जर्मनी मिसाइलों के लिए देगा पांच अरब पाउंड

तक 1 लाख ड्रोन देने का ऐलान किया है। रूस से जंग के बीच यूक्रेन को इतनी बड़ी मदद करके ब्रिटेन ने साफ कर दिया है कि उसका रुख क्या है। ब्रिटेन का कहना है कि ड्रोन्स ने जंग का रुख ही बदल दिया है और इनके जरिए यूक्रेन को बड़ी मदद मिल सकती है। इसलिए हमने ड्रोन्स की सप्लाई में 10 गुना तक इजाफा करने का फैसला लिया है।

ब्रिटेन की इस मदद से पहले जर्मनी ऐलान कर चुका है कि वह बड़ी संख्या में यूक्रेन को लॉन्ग रेंज की मिसाइलें देगा। ब्रिटेन उन पश्चिमी देशों में शामिल है, जिसने यूक्रेन को खुलकर मदद की है। अब तक की जंग में तोप, बंदूकों और गोलाबारी की जंग में यूक्रेन को पराजय ही मिली है, लेकिन ड्रोन वारफेयर की मदद से उसने रूस को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में ब्रिटेन की मदद ने साफ कर दिया है कि वह यूक्रेन को खुलकर मदद देना जारी रखेगा। ऐतिहासिक रूप से ब्रिटेन का रुख रूस के विपरीत ही रहा है। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि हम 4.5 अरब पाउंड की सैन्य सहायता यूक्रेन को देने वाले हैं। इसी के तहत हमने यह पैकेज जारी किया है और इसमें मुख्य मदद ड्रोन्स को लेकर होगी। ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हेली इसका ऐलान करेंगे। ब्रिटेन का कहना है कि इस साल के अंत तक ही हजारों ड्रोन्स की सप्लाई यूक्रेन को हो जाएगी। इसके बाद अप्रैल तक एक लाख ड्रोन्स का टारगेट रखा गया है। ड्रोन्स के अलावा बड़े पैमाने पर गोला-बारूद भी देने की तैयारी है। वहीं जर्मनी का कहना है कि वह यूक्रेन को 5 अरब पाउंड की मदद करेगा ताकि वह लॉन्ग रेंज की मिसाइलें बना सके। जर्मनी ने साफ कहा कि रूस से मुकाबले में यूक्रेन को लॉन्ग रेंज मिसाइलों की जरूरत है और हम उसके लिए फंडिंग करेंगे। जर्मनी की ओर से दी जाने वाली मदद को साफ तौर पर सैन्य मदद कहा गया है। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने पहले ही इस बारे में यूक्रेन से वादा किया था। जर्मनी के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हमारी यह मदद एक युद्ध ग्रस्त देश के लिए है, जिसे बड़े पैमाने पर हथियारों की जरूरत है। इस मदद से उसे उत्पादन बढ़ाने में सफलता मिलेगी।

## ट्रंप ने फिर की बातचीत की अपील

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव में शांति की दिशा में कुछ प्रगति हुई है। यह जानकारी व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रंप ने रूस और यूक्रेन के नेताओं से सीधे बातचीत की अपील की थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच बातचीत हुई और कुछ समझौते भी हुए। लेविट ने कहा कि रूस ने यूक्रेन को शांति प्रस्ताव सौंपा और दोनों देशों ने एक-दूसरे के सैनिकों और कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई। हालांकि, अभी युद्ध रोकने या सीजफायर पर कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है।

# सीरिया से इजरायल पर दागे गए रॉकेट

**तेल अवीव।** अब सीरिया की तरफ से इजरायल पर रॉकेट दागे गए हैं। सीरिया में बशर अल असद सरकार के पतन के बाद पहली बार हुआ, जब सीरिया से इस्राइली सीमा में हमला किया गया। इजरायल ने भी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। साथ ही इजरायल ने धमकी दी है कि सीरिया से होने वाले किसी भी हमले के लिए अब सीरियाई राष्ट्रपति को ही जिम्मेदार माना जाएगा। हालांकि सीरियाई सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि वे शांति के पक्ष में हैं। सीरिया के पश्चिमी इलाके में स्थित दारा प्रांत की तरफ से इजरायल के गोलन हाइट्स वाले इलाके में रॉकेट हमला किया गया था। ये रॉकेट खुले मैदान में गिरे और इनसे किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। सीरियाई मीडिया के अनुसार, रॉकेट हमले के जवाब में इजरायल ने भी दारा में बमबारी की। इस दौरान दारा में धमाके की आवाजें सुनी गईं। मोहम्मद दइफ ब्रिगेड्स नामक संगठन ने रॉकेट हमले की जिम्मेदारी ली है। यह संगठन हमास के सैन्य कमांडर रहे मोहम्मद दइफ के नाम पर बना है। मोहम्मद दइफ को इजरायली सेना ने बीते साल एक हवाई हमले में ढेर कर दिया था। यह संगठन कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया पर दिखाई दिया था और इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था।

# भारत से बातचीत चाहता है पाकिस्तान : बिलावल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत की खुफिया एजेंसियों

### रॉ-आईएसआई के बीच तालमेल की मांग

के बीच सहयोग से दक्षिण एशिया में आतंकवाद में उल्लेखनीय कमी आ सकती है। पीपीपी अध्यक्ष भारत के साथ पाकिस्तान के हालिया संघर्ष के बाद समर्थन प्राप्त करने के लिए वैश्विक कूटनीतिक प्रयास के तहत अमेरिका यात्रा पर एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार उन्होंने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि अगर आईएसआई और रॉ इन ताकतों से लड़ने के लिए एक साथ बैठकर काम करने के लिए तैयार हों, तो हम भारत और पाकिस्तान दोनों में आतंकवाद में उल्लेखनीय कमी देखेंगे।' उन्होंने चेतावनी दी कि हाल में हुए युद्धविराम के बाद परमाणु शस्त्र संपन्न पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष का जोखिम कम नहीं हुआ है, बल्कि बढ़ गया है। बिलावल ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हस्तक्षेप से - और मैं विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के नेतृत्व वाली उनकी टीम द्वारा निभाई गई भूमिका का उल्लेख करना चाहूंगा - हम भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम हासिल करने में सफल रहे। यह एक स्वागत योग्य पहला कदम है, लेकिन यह केवल पहला कदम है।'

# अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर बांग्लादेश का वार्ता का प्रस्ताव

**ढाका।** इन दिनों दर्जनों आंतरिक मसलों से जूझ रहे बांग्लादेश ने कहा है कि वह अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर जल्द ही भारत से बातचीत करने की उम्मीद कर रहा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने यह भी कहा है कि इस दिशा में वह नई दिल्ली को एक राजनयिक नोट भेजने की योजना बना रहा है। यूनुस सरकार ने कहा है कि बांग्लादेश घुसपैठियों के मुद्दे को लेकर चिंतित है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन तेज कर दिया है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा है कि सरकार एक-दो दिनों में भारत को एक नया राजनयिक नोट भेजेगी।

# एडीबी से पाक को 800 मिलियन डॉलर का कर्ज मंजूर

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर में आतंकवाद फैलाने के लिए कुख्यात पाकिस्तान अब पैसों के लिए दर-दर भटक रहे हैं। आईएमएफ से

### भारत ने जताया कड़ा विरोध

पिछले दिनों कर्ज लेने के बाद अब पाकिस्तान को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से बड़ी रकम मिल गई है। एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है। भारत ने इस कदम का कड़ा विरोध भी जताया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। एडीबी ने भी एक बयान में पाकिस्तान को वित्तीय सहायता दिए जाने की पुष्टि की है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

## एक नज़र

### अमेरिका में आपात गर्भपात की अनुमति वापस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था, जिनमें महिलाओं को चिकित्सकीय आपात स्थिति से बचाने के लिए यह आवश्यक होता है। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि वह अब उस नीति को लागू नहीं करेगा। कुछ चिकित्सकों और गर्भपात अधिकार समर्थकों ने इस घोषणा के बाद चिंता व्यक्त की कि महिलाएं उन राज्यों में आपात स्थिति में गर्भपात नहीं करा सकेंगी जहां यह प्रतिबंध सख्ती के साथ लागू होगा। 'सेंटर फॉर रिप्रोडक्टिव राइट्स' की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नैन्सी नॉर्थअप ने एक बयान में कहा, 'ट्रंप प्रशासन चाहता है कि महिलाएं जीवनरक्षक गर्भपात कराने के बजाय आपातकालीन कक्षों में मर जाएं।'

### वियतनाम में भी तेजी से बूढ़ी हो रही आबादी

**हनोई।** चीन, जापान, रूस और दक्षिण कोरिया के कई देश इस समय एक साझा समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या है तेजी से बूढ़ी होती आबादी और देश में कम होता जन्म दर। इस सूची में वियतनाम का नाम भी शामिल हो गया है। वियतनाम में जन्म दर लगातार कम होने के बाद अब यहां के दंपतियों को 2 से ज्यादा बच्चे पैदा करने की छूट दे दी गई है। वियतनामी नेशनल असेंबली ने जनसंख्या अध्यादेश में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसमें तहत परिवारों को एक या दो बच्चों तक सीमित करने वाले नियम को हटा दिया गया। इस महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव का उद्देश्य देश की जनसंख्या संरचना को संतुलित करना और विकास को बढ़ावा देना है। वियतनाम समाचार एजेंसी ने एक रिपोर्ट में बताया कि संशोधित कानून दंपतियों को अपने परिवार के आकार और बच्चों के बीच के अंतर को तय करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। यह बदलाव वियतनाम की जनसंख्या प्रबंधन नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। वियतनाम की स्वास्थ्य मंत्री डॉ. दाओ हांग लान ने कहा है कि यह बदलाव जन्म दर में बढ़ती विषमताओं को दूर करने और जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए किया गया है। नीति परिवर्तन का उद्देश्य रिप्लेसमेंट रेट को बनाए रखना और देश भर में जन्म दर में आ रही गिरावट को दूर करना है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार वियतनाम की कुल प्रजनन दर 2024 में प्रति महिला 1.91 बच्चों के रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिर गई, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से काफी नीचे है।

### किंग चार्ल्स का गुस्सा या राजा की सनक!

**लंदन।** ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स हाल ही में अपने सेवकों पर नाराज हो गए। वजह आपको हैरत में डाल देगी। दरअसल 76 किंग चार्ल्स इस बात पर भड़क गए कि उनके शिकार के लिए तीतरों की कमी हो गई है। द सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक शाही परिवार के नॉरफ़ॉक एस्टेट में शिकार के लिए पक्षियों की संख्या कम होती जा रही है और ब्रिटिश किंग इससे खुश नहीं हैं। इससे नाराज होकर किंग चार्ल्स ने सैंड्रिंघम में लंबे समय से काम कर रहे गेमकीपर को नौकरी से निकाल दिया गया है। सैंड्रिंघम इंग्लैंड के नॉरफ़ॉक में स्थित एक शाही प्रॉपर्टी है। यह ब्रिटिश शाही परिवार के निजी आवासों में से एक है। यह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय से भी जुड़ा हुआ है और शाही परिवार पारंपरिक रूप से क्रिसमस और नया साल यहीं मनाता है। शिकार को भले ही आज के दौर में एक विवादास्पद खेल माना जाता है लेकिन सैंड्रिंघम में शाही परिवार अक्सर इसका आनंद लेता है। खास तौर ब्रिटेन के रईस इस खास इसे एक पारंपरिक खेल की तरह देखते हैं। ब्रिटेन के इस इलाके में तीतर की कई प्रजातियां आज विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं और यहां तीतरों को सिर्फ शिकार के उद्देश्य से ही पाला जाता है। हर साल ब्रिटिश शाही परिवार सैंड्रिंघम में पारंपरिक बॉक्सिंग डे शूटिंग में भाग लेता है। हालांकि तीतरों की कमी की वजह से किंग चार्ल्स ने इस साल शूटिंग पार्टी को रद्द करने की धमकी दी है। कथित तौर पर एस्टेट के गेमकीपर को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि किंग को यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई थी कि वह तीतर की व्यवस्था नहीं कर पा रहे।

# जासूसी के आरोप में पंजाब का यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को 1.1 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर वाले यूट्यूबर जसबीर सिंह को पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी उस व्यापक जांच का हिस्सा है जिसमें पहले हरियाणा की प्रभावशाली महिला ज्योति मल्होत्रा को भी इसी तरह के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का कहना है कि जसबीर से जुड़े एक जासूसी नेटवर्क का पता चला है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। उन्होंने बताया कि सिंह मल्होत्रा के भी निकट संपर्क में था, जिसे पहले हरियाणा पुलिस ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था। डीजीपी ने बताया कि उसका दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के उस अधिकारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से भी संपर्क था, जिसे भारत ने निष्कासित कर दिया गया था। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला है कि दानिश के निमंत्रण पर जसबीर दिल्ली में 'पाकिस्तान राष्ट्रीय दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुआ था, जहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और व्लॉगर्स से हुई थी।

# परमाणु समझौता : अमेरिकी प्रस्ताव पर बरसे खामेनेई



**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को परमाणु समझौते पर अमेरिका के प्रस्ताव की आलोचना की और कहा

### यूरेनियम संवर्धन क्षमता बनाए रखने पर दिया जोर

कि यह ईरान के विचार के पूरी तरह से खिलाफ है। खामेनेई ने हालांकि अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते की संभावना से इनकार भी नहीं किया। खामेनेई ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता बनाए रखने पर फोकस करना चाहिए। खामेनेई ने कहा कि अगर हमारे पास 100 परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं और हमारे पास संवर्धन की क्षमता नहीं है, तो वे सारे परमाणु ऊर्जा संयंत्र हमारे लिए बेकार हैं। अगर हमारे पास संवर्धन नहीं है, तो हमें अमेरिका के सामने हाथ फैलाना होगा। गौरतलब है कि कई परमाणु शक्ति संपन्न देश अभी भी बाहरी देशों से संवर्धित यूरेनियम लेते हैं। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बात हो रही है और अभी तक दोनों देशों के बीच पांच दौर की बातचीत हो चुकी है। अमेरिका द्वारा ईरान को क्या प्रस्ताव दिया गया है, इसकी जानकारी भी सामने नहीं आई है। ईरान के साथ परमाणु समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं में से एक है। समझौते के तहत अमेरिका, ईरान को कठोर आर्थिक प्रतिबंधों से राहत दे सकता है, जिसके बदले में ईरान को अपने यूरेनियम संवर्धन को समाप्त करना होगा। हालांकि समझौता न होने और दूसरी तरफ इजरायल-हमास युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। वहीं प्रतिबंधों से दबाव में चल रही ईरान की अर्थव्यवस्था में और गिरावट आ सकती है और इसके चलते घरेलू स्तर पर चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

# ईरान में अगवा तीन भारतीय छूटे

**तेहरान।** ईरान पुलिस ने भारतीय मूल के तीन लापता नागरिकों को ढूंढ निकाला है। मेहर न्यूज एजेंसी ने बताया कि तीनों भारतीय नागरिक पंजाब प्रांत के रहने वाले हैं, जिनके अपहरण की सूचना तेहरान पुलिस को एक मई को दी गई थी। तीनों भारतीय नागरिक ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए ईरान में रुके। इन भारतीय नागरिकों को एक स्थानीय ट्रैवल कंपनी ने कंगारू लैंड में आकर्षक नौकरियों का वादा करके अपने जाल में फंसाया था। तीनों लोगों को दक्षिण तेहरान के वरामिन में बंधक बनाया हुआ था। बंधक बनाने वालों के खिलाफ पुलिस अभियान चलाकर पीड़ितों को मुक्त कराया गया।

# सरकार से हटते ही बदले एलन मस्क के तेवर



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मशहूर कारोबारी एलन मस्क के बीच अब पहले जैसी दोस्ती नहीं रही। कभी ट्रंप के करीबी

### ट्रंप के फैसले को बताया 'घिनौना और शर्मनाक'

माने जाने वाले मस्क अब उनकी नीतियों की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। मस्क ने एक प्रमुख टैक्स और खर्च बिल को लेकर ट्रंप पर निशाना साधा है। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने इस बिल को 'घिनौना और शर्मनाक' करार दिया, जबकि यह बिल ट्रंप का समर्थन प्राप्त है। मस्क की यह टिप्पणी तब आई जब ट्रंप ने सीनेट में रिपब्लिकन नेताओं से इस बिल को पास करने की अपील की, जिसे उन्होंने 'शानदार' बताया। यह बिल पहले ही प्रतिनिधि सभा से पास हो चुका है। मंगलवार (3 जून, 2025) को मस्क ने एक्स पर लिखा, माफी मांगता हूं, लेकिन यह अब बर्दाश्त नहीं होता। यह बिल अपमानजनक है। इसके समर्थन में वोट देने वालों को शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए। आप जानते हैं कि आपने गलत किया और यह बात आप अच्छी तरह समझते हैं। सरकार से अलग होने के बाद यह ट्रंप के साथ उनकी पहली सार्वजनिक असहमति है। इससे पहले मस्क ने एक योजना को निराशाजनक बताया था। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने मस्क की आलोचना को राजनीति से प्रेरित और आधारहीन बताया।

# 'आईएसआई चीफ के पद से हटाया तो पत्नी बुशरा के खिलाफ हो गए थे मुनीर'

**लाहौर।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर

### पूर्व पाक प्रधानमंत्री इमरान खान का दावा

पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि आईएसआई महानिदेशक पद से हटाए जाने के बाद फील्ड मार्शल ने उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सख्त रुख अपनाया था। इमरान खान ने कहा कि जब वह प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने जनरल असीम मुनीर को आईएसआई महानिदेशक पद से हटा दिया था। इसके बाद उन्होंने मामले पर चर्चा करने के लिए बिचौलियों के माध्यम से उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन बुशरा बीबी ने मिलने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद से ही जनरल मुनीर ने बुशरा बीबी के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई शुरू कर दी। खान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बुशरा बीबी को 14 महीने तक जेल में रखने और जेल में उनके साथ निंदनीय अमानवीय व्यवहार के पीछे जनरल असीम मुनीर का प्रतिशोधी स्वभाव है। मुनीर पर हमला करते हुए खान ने कहा कि मेरी पत्नी को जिस तरह से निजी प्रतिशोध के लिए निशाना बनाया गया, वह अभूतपूर्व है। पाकिस्तान के तानाशाही के सबसे काले दौर में भी ऐसा कभी नहीं हुआ। इमरान खान ने कहा कि बुशरा बीबी को झूठे मामलों में फंसाया गया है, जबकि उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। वह एक गृहिणी हैं। खान ने कहा कि मुझे पिछले चार हफ्तों में पत्नी से मिलने की भी अनुमति नहीं दी गई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान ने कहा, जेल नियमों के अनुसार, मुझे 1 जून को उनसे मिलना था, लेकिन अदालत के आदेशों का पूरी तरह उल्लंघन करते हुए उस मुलाकात से भी इनकार कर दिया गया।

# टीवी शो में नए मजेदार ट्विस्ट!

हंस-हंस कर लोट-पोट होने और इमोशन्स से भरपूर सफर पर जाने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' लेकर आ रहे हैं नए मजेदार ट्विस्ट! जहां एक ओर हप्पू के बॉलीवुड स्टार बनने के सपने सब कुछ उल्टा-पुल्टा कर देंगे, वहीं दूसरी ओर तिवारी जी और अंगूरी भाभी का सिर्फडांस पर टिका एक अनोखा रिवाज आपको खूब हंसाएगा। आने वाले एपिसोड्स में मिलेगा कॉमेडी, ड्रामा और कन्फ्यूजन का ऐसा जबरदस्त तड़का, कि आप पल भर के लिए भी टीवी से नजरें नहीं हटा पायेंगे। हप्पू की उलटन पलटनः एक दिन अचानक हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) को राजेश (गीतांजलि मिश्रा) की अलमारी में एक फिल्म एक्टर की फोटो मिलती है। यह देखकर हप्पू हैरान रह जाता है और थोड़ा दुखी भी होता है। जब वो राजेश से इस बारे में पूछता है, तो वह आराम से कह देती हैं कि वह उनका पसंदीदा हीरो है। ये सुनकर हप्पू को लगता है कि उसे कोई अहमियत नहीं देता। हप्पू अकेले बैठकर सोचने लगता है, लेकिन दुख की बात ये है कि घर के बाकी लोग भी उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते।

भाबीजी घर पर हैं: मॉडर्न कॉलोनी में एक बार फिर धमाल मचा हुआ है! अंगूरी भाभी (शुभांगी अत्रे) एक खूबसूरत और महंगी साड़ी खरीदती है और बहुत खुश है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर टिक नहीं पाती और घर पर डांस करते हुए साड़ी फट जाती है, जिससे अंगूरी उदास हो जाती हैं। इधर, अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) के कमरे में बेड का एक हिस्सा टूट जाता है, लेकिन विभूति (आसिफ शेख) तुरंत ही उसे ठीक कर देता है। उनकी यह छुपी हुई 'हैंडीमैन' वाली कला देखकर अनीता काफी इम्प्रेस हो जाती हैं।

# नमिक पॉल ने सेट पर बनाया वर्कआउट ज़ोन



लोकप्रिय शो 'कुमकुम भाग्य' अपनी दिलचस्प कहानी, रोमांचक मोड़ और परिपक्व होते किरदारों के चलते दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही के एक्शन से भरपूर दृश्यों में नमिक पॉल द्वारा निभाया गया शिवांश का किरदार अपनी पत्नी प्रार्थना (प्रणाली राठौड़) को बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता है, यहाँ तक कि गुंडों से भिड़ता भी है। उनके ऑनस्क्रीन प्रदर्शन से दर्शक बेहद प्रभावित हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि नमिक ऑफस्क्रीन भी अपनी फिटनेस को लेकर कितनी मेहनत और अनुशासन बनाए रखते हैं। लंबे काम के घंटे और शूटिंग की मांगों के बावजूद, नमिक ने 'कुमकुम भाग्य' के सेट पर ही फिटनेस को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा बना लिया है। अपने काम के प्रति समर्पण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता के चलते, वे दो दृश्यों के बीच एक्टिव रहने के लिए स्ट्रेचिंग से लेकर बॉडीवेट वर्कआउट्स तक के क्रिएटिव तरीके अपनाते हैं। वे अपने खानपान में संतुलन बनाए रखते हैं, ज्यादातर घर का बना खाना खाते हैं और शरीर को नियमित रूप से हाइड्रेट करते हैं, जिससे उन्हें ऊर्जा और फोकस बनाए रखने में मदद मिलती है।

## बाजार दर्पण

मिशिका
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
Cares For Your Health & Wealth...
आपका विश्वास हमारा प्रयास
वि-केयर इंडिया हेल्थ कार्ड बनवाएं और लाभ उठाएं
एक छत के नीचे सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।
24X7 EMERGENCY
आपातकालीन सेवा में आपका भरोसेमंद साथी
अधिक जानकारी के लिए हॉस्पिटल रिसेप्शन पर सम्पर्क करें
9792934124, 7275534124
पता: 301डी, नियर सेंट जोसेफ स्कूल, जे.के. चौराहा, लखनऊ रोड कानपुर

SHRI GANGA ORTHOCARE CENTRE
Dr. D.K. Dubey
M.S. (Ortho)
Dr. Anurag Diwedi
M.B.B.S., D.Ortho (Mumbai)
इटावा में जोड़ संबंधित सारी और बेहतर उपचार के लिए आज ही परामर्श लें
Shri Ganga Orthocare Centre
CONTACT: 9068067700, 9411942021
Address: Old Agra Road Etawah

उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर
डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089